www.lagatar.in | गुरुवार, 01 फरवरी 2024 | माघ कृष्ण पक्ष 07, संवत 2080 | पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 | वर्ष : 1, अंक : 284 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

जमीन घोटाला मामला


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 27.4 | 14.8 |
| जमशेदपुर | 29.3 | 13.8 |
| डालटनगंज | 28.2 | 10.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## 7 घंटे पूछताछ के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने दिया इस्तीफा, राज्यपाल ने किया मंजूर

# हेमंत गिरफ्तार, चंपई नए नेता

पल-पल बदलता रहा नजारा

- चंपई सोरेन बन सकते हैं नए मुख्यमंत्री, सरकार बनाने का दावा पेश करने पहुंचे राजभवन

सियासी सरगर्मी

- राजभवन पहुंचे विधायकों को बाहर निकाला
- 5 विधायकों को मिलने के लिए बुलाया



**शाम 8:10 बजे** — पर सीएम आवास से राजभवन के लिए निकेले सत्तारूढ़ दल के विधायक

**शाम 6:34 बजे** — मुख्य सचिव और डीजीपी भी सीएम आवास पहुंचे

**शामः 6:32 बजे**

अगले आदेश तक के लिए रांची मुख्यमंत्री आवास, राजभवन, हीनू ईडी ऑफिस के समीप धारा 144 लागू. रांची एसडीओ ने जारी किया आदेश

**शाम 6:22 बजे** — सीएम आवास के अंदर आईजी अखिलेश झा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचे

**शाम 6:20 बजे** — डीसी, एसएसपी पहुंचे सीएम आवास के अंदर

**शाम 6:10 बजे** — सीएम आवास के पीछे से दो टूरिस्ट बसें अंदर गई

**दोपहर 1:25 बजे** — ईडी की टीम सीएम आवास पहुंची

**दोपहर 1:25 बजे** — ईडी की टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान भी हैं, जिन्हें सीएम हाउस के अंदर जाने से रोका गया.

**दोपहर 1:05 बजे** — ईडी की टीम सीएम आवास के लिए निकली

**दोपहर 12:30 बजे** — रांची आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे सहित कई आला अधिकारी पहुंचे

**दोपहर 12:29 बजे** — सीएम आवास पहुंचे झामुमो विधायक नलिन सोरेन, सीएम आवास पर मंत्री और विधायकों का जमावड़ा. मंत्री जोबा मांझी, सांसद महुआ माजी पहुंची

शुभम संदेश टीम। रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी की 7 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद रात साढ़े आठ बजे ईडी अफसरों की टीम के साथ राजभवन पहुंच कर इस्तीफा दे दिया. राज्यपाल ने उनका इस्तीफा तत्काल स्वीकार कर लिया. इस्तीफे के बाद ईडी की टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया. राजभवन पहुंचे कांग्रेस नेता व निवर्तमान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने बताया कि सीएम हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया है. उधर सत्ता पक्ष के विधायकों की दिन में सीएम आवास में हुई बैठक में चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया था. सीएम के इस्तीफे से पहले ही सत्ता पक्ष के विधायकों ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा था. रात लगभग नौ बजे उन्हें मिलने का समय मिला. हालांकि दो बसों से सत्ता पक्ष के विधायक राजभवन में प्रवेश कर गए थे, लेकिन उन्हें यह कहते हुए बाहर निकाल दिया गया कि तय समय पर ही राज्यपाल से मुलाकात हो सकती है. बाद में पांच विधायकों को राज्यपाल से मिलवाने ले जाया गया. विधायकों ने चंपाई सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने का दावा पेश किया.

**पहले भी अदालत ने हेमंत सोरेन की याचिका खारिज की थी :** ईडी के समन के खिलाफ सीएम सोरेन पिछले साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचे थे, लेकिन उन्हें वहां कोई राहत नहीं मिली. सुप्रीम कोर्ट से उन्हें हाईकोर्ट जाने का निर्देश मिला. इसके बाद सीएम ने झारखंड हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया, लेकिन वहां से भी राहत नहीं मिली. ईडी ने पिछले साल अक्टूबर में अदालत को बताया था कि मुख्यमंत्री किसी भी समन पर पेश नहीं हुए और ऐसा कर उन्होंने समन का उल्लंघन किया है. सीएम की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पेश हुए और कहा कि सीएम के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है. उन्होंने कहा कि समन में ये स्पष्ट नहीं किया गया है कि किस रूप में बुलाया गया है, आरोपी या गवाह के रूप में. हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीएम की याचिका खारिज कर दी थी.

## राज्यपाल को सौंपा 43 विधायकों का समर्थन पत्र




## दोपहर 1.18 बजे ईडी की टीम पहुंची सीएम आवास



इससे पहले दोपहर 1.18 बजे ईडी की टीम कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंची थी. 10 वाहनों से सीआरपीएफ और सीआईएसएफ जवानों के साथ ईडी के अधिकारी सीएम आवास पहुंचे थे, हालांकि ईडी अधिकारियों की तीन गाड़ियां अंदर गयीं थीं. बाकी गाड़ियों में सीआरपीएफ और सीआईएसएफ के जवान थे, जिन्हे बाहर ही रोक दिया गया था. पिछली बार की तरह इस बार भी ईडी की टीम हाई टेक्नोलॉजी गैजेट्स से लैस होकर सीएम हाउस पहुंची थी. ईडी टीम की के साथ आये लोग वीडियो रिकॉर्डिंग भी कर रहे थे.

## 20 जनवरी को भी सीएम से ईडी ने सात घंटे तक की थी पूछताछ

इससे पहले 20 जनवरी को भी सीएम से ईडी ने उनके आवास पर सात घंटे तक पूछताछ की थी. इसके बाद ईडी ने 22 जनवरी को दोबारा पत्र लिखकर सीएम को 27 से 31 जनवरी तक बयान दर्ज कराने को कहा था. सीएम ने 25 जनवरी को ईडी को अप्रत्यक्ष रूप से पूछताछ के लिए समय देने से इनकार कर दिया था. फिर 29 जनवरी को सीएम ने ईडी को पत्र लिखकर ईडी पर राजनीति से प्रेरित होकर चुनी हुई सरकार को काम करने से रोकने का आरोप लगाया था. हेमंत सोरेन ने 20 जनवरी को ईडी द्वारा पूछे गये सवालों को तथ्यों से परे और गलत करार दिया था. साथ ही बजट सत्र की व्यस्तता के बावजूद अपनी आपत्तियों के साथ ही मुख्यमंत्री ने बयान दर्ज कराने के लिए ईडी को 31 जनवरी को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बुलाया था. पूछताछ को लेकर सीएम आवास, राजभवन, ईडी के हिनू स्थित जोनल ऑफिस के आसपास सहित शहर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे.




## ईडी की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की

सीएम रहते बुधवार को दिन में हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के समन के खिलाफ बुधवार (31 जनवरी) को हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है. याचिका में ईडी द्वारा सेक्शन 50 के तहत दिए गए समन को चुनौती देते हुए कहा गया है कि एजेंसी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर बार -बार उन्हें समन जारी कर रही है. हालांकि अब तक उनकी याचिका पर सुनवाई के लिए कोई तारीख तय नहीं हुई है. इससे पहले भी मुख्यमंत्री सोरेन ने ईडी के समन को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली थी.

**एसटी-एससी थाने में ईडी अफसरों के खिलाफ दर्ज कराया मामला :** सीएम रहते हेमंत सोरेन ने ईडी के अधिकारी कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार समेत अन्य के खिलाफ बुधवार (31जनवरी) को दिन में एसटी - एससी थाने में मामला दर्ज कराया था. एसटी एससी थाने में दर्ज प्राथमिकी (कांड संख्या 06/24) में कहा गया है कि जब वे रांची पहुंचे तो उन्होंने 30 जनवरी को इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के साथ-साथ प्रिंट मीडिया में भी सर्च करने वाले इन अधिकारियों की करतूत देखी. उन्हें और उनके पूरे समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के लिए झारखंड भवन, नई दिल्ली और 5/01, शांति निकेतन, नई दिल्ली में सर्च ऑपरेशन चलाया गया. मीडिया में स्थानीय कवरेज, जैसा कि बताया गया है, अनुसूचित जनजाति के सदस्य के रूप में उनके खिलाफ बनायी गयी है. 27 और 28 जनवरी 2024 को उन्होंने नई दिल्ली का दौरा किया और शांति निकेतन, जिसे झारखंड राज्य द्वारा आवास एवं कार्यालय उपयोग हेतु पट्टे पर लिया गया है, वहां रुका. 29 जनवरी 2024 को उन्हें पता चला कि ईडी के अधिकारियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उस परिसर में कथित तलाशी ली थी.



**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,000 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### ज्ञानवापी परिसर में पूजा-पाठ का मिला अधिकार

**वाराणसी।** यूपी के वाराणसी की जिला कोर्ट ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया. हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेन्द्र पाठक को दे दिया है. उन्होंने बताया कि जिला जज ने अपने आदेश में डीएम को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेन्द्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किये गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं.

**सरकार का बड़ा एक्शन** तीनों पेपर रद्द, दूसरे चरण में 4 फरवरी को होनेवाली परीक्षा भी स्थगित

# जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में छात्रों का हंगामा, लाठीचार्ज

संवाददाता। रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 28 जनवरी को हुई सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा रद्द कर दी है. आयोग ने अब उक्त तिथि को संपन्न हुई तीनों पाली की परीक्षा रद्द कर दी है. साथ ही 4 फरवरी को होने वाली इसकी परीक्षा को भी अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है. बता दें कि परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर छात्र बुधवार को जेएसएससी कार्यालय का घेराव कर रहे थे. इस दौरान अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया. बताया गया कि अभ्यर्थी कार्यालय का गेट खोलने का प्रयास कर रहे थे. पुलिस-प्रशासन ने अभ्यर्थियों को काफी समझाने की कोशिश की. लेकिन छात्र सुनने के लिए तैयार नहीं थे. इसके बाद छात्रों को काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया गया. इसके बाद छात्र उग्र हो गये और गेट खोल कर कार्यालय के अंदर घुस गये. इसी बीच जेएसएससी के अध्यक्ष नीरज सिन्हा की गाड़ी कार्यालय के अंदर घुसी. उनकी गाड़ी को देख कर छात्र उग्र हो गये और गाड़ी को रोक दिया. छात्रों ने काफी धक्का-मुक्की भी की और उनकी गाड़ी का कांच तोड़ दिया.



### तीनों पाली की परीक्षा रद्द

आयोग ने 28 जनवरी को हुई परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की घटना के कारण यह निर्णय लिया है.बुधवार को इस संबंध में सूचना जारी कर दी गई. आयोग ने पूर्व में 28 जनवरी को तीसरी पाली की परीक्षा को ही रद्द किया था. इस पाली में सामान्य अध्ययन की परीक्षा हुई थी, जिसका ही प्रश्नपत्र लीक हुआ था. अब तीनों पाली की परीक्षा रद्द कर दी गई है.

### नई तिथि का जल्द किया जाएगा एलान

पहली पाली में भाषा (हिंदी एवं अंग्रेजी) तथा दूसरी पाली में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की परीक्षा हुई थी. प्रश्नपत्र लीक होने की जानकारी मिलने तथा जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद आयोग ने नामकोम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है. साथ ही प्रश्नपत्र तैयार करनेवाली एजेंसी से रिपोर्ट तलब की है. आयोग ने कहा है कि इस परीक्षा की नई तिथि की घोषणा शीघ्र की जाएगी. बता दें कि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण यह परीक्षा दो दिन ली जानी थी. पहले चरण में यह परीक्षा 28 जनवरी को हुई थी, जबकि अगली परीक्षा चार फरवरी को प्रस्तावित थी.

### नए कानून के तहत दर्ज की गई है प्राथमिकी

आयोग के अनुसार, तृतीय पाली (सामान्य ज्ञान) में कतिपय प्रश्नों के लीक होने की घटना पर रांची के नामकोम थाने में धारा 467/468/420/120 (बी) भारतीय दंड विधान, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. इसके मद्देनजर चार फरवरी को निर्धारित परीक्षा का आयोजन उक्त परीक्षा से संबंधित सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन एवं पूर्ण समीक्षा के बाद किया जाना आवश्यक है. इसलिए इस तिथि को निर्धारित परीक्षा (तीन पाली) को स्थगित किया जाता है. साथ ही 28 जनवरी को भी हुई तीनों पाली की परीक्षा रद्द की जाती है. बता दें कि झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 के तहत कदाचारिता एवं गड़बड़ी के आरोप सिद्ध होने पर काफी कठोर सजा और जुर्माना के प्रविधान किए गए हैं.

### सत्ता में आए तो देश में जाति आधारित गणना कराएंगे : राहुल

**मालदा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि यदि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आती है, तो देशभर में जाति आधारित गणना कराई जाएगी. बंगाल के मालदा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरएसएस और भाजपा पर नफरत और हिंसा फैलाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, हम सामाजिक न्याय चाहते हैं और इसका सबसे बड़ा पहलू देशव्यापी जाति आधारित गणना होगी. केंद्र की सत्ता में आने के बाद हम दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े समुदायों के लोगों की संख्या का पता लगाने के लिए देशभर में जाति आधारित गणना कराएंगे. भाजपा और आरएसएस पर नफरत और हिंसा फैलाने का आरोप लगाते हुए गांधी ने यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, यात्रा में न्याय शब्द जोड़ा गया क्योंकि देशभर में अन्याय हो रहा है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार, 01 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 284 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### लापता युवक की हत्या कुएं से शव बरामद

**गुमला।** रायडीह क्षेत्र के मांझाटोली निवासी युवक मनोज मिंज का शव पोगरा गांव के कुएं से बरामद हुआ है. युवक मनोज पिछली 25 जनवरी को सुबह घर से निकला था. उसके बाद घर नहीं लौटा. मृतक की मां मंजुला खलखो ने रायडीह थाना में पुत्र के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था. बुधवार को पुलिस ने रायडीह के परसा पंचायत के पोगरा के कुएं से शव को बरामद किया. चेहरे में गहरा चोट के निशान है. प्रथम दृष्टया युवक को अपराधियों ने बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या की होगी फिर साक्ष्य छिपाने के लिए शव को पत्थर से बांध कर कुएं में डाल दिया होगा. पुलिस हत्या के उद्भेदन में जुट गई है.

### पाइप फटने से हर दिन हजारों लीटर पानी बर्बाद

**हजारीबाग।** शहर की एक बड़ी आबादी सप्लाई पानी पर निर्भर है. छठ तालाब के पास स्थित टावर नंबर एक से नूरा से लेकर खिरगांव तक की एक बड़ी आबादी को पीने का पानी सप्लाई किया जाता है. लेकिन इसका मुख्य पाइप एक सप्ताह से फटा हुआ है. इसकी वजह से हजारों लीटर पेयजल प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है. पाइट को ठीक करने के लिए सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने विभाग के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया. लेकिन उसे ठीक नहीं किया गया. इसके बाद गणेश कुमार सीटू , ईश्वर महतो और तपेश्वर राम ने संयुक्त रूप से हजारीबार डीसी को पत्र लिखकर मामले पर संज्ञा लेने का आग्रह किया है.

### राहुल के आगमन को ले कांग्रेस ने की बैठक

**धनबाद।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राहुल गांधी के धनबाद आगमन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में हाउसिंग कॉलोनी स्थित पार्क में कांग्रेसजनों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का 3 फरवरी को धनबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम के तहत आगमन हो रहा है. सिंह ने धनबाद जिला के सभी कांग्रेसजनों से राहुल गांधी के आगमन पर शाम 6 बजे बराकर पुल के पास पहुंच कर उनके स्वागत कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया.

बाघमारा सीओ खुद अतिक्रमण स्थल पर पहुंचे, एक अर्धनिर्मित आवास कराया ध्वस्त, बाकियों को दिया अल्टीमेटम

# सरकारी तालाब में कब्जे की खबर आने के बाद सरकारी अमला हरकत में

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

**नजीम। मधुबन (कतरास)**

सिनीडीह महुदा मोड़ मुख्य मार्ग पर स्थित खरखरी नवागढ़ के वर्षों पुराने सरकारी तालाब पर हो रहे अतिक्रमण की खबर शुभम संदेश में प्रमुखता से प्रकाशित करने के बाद सरकारी अमला हरकत में आया है. बुधवार को बाघमारा अंचलाअधिकारी रवि भूषण प्रसाद अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने तालाब के किनारे बन रहे एक अर्धनिर्मित आवास को ध्वस्त करवा दिया. हालांकि अधिकारियों की टीम को आता देख निर्माण कार्य में लगे लोग वहां से भाग खड़े हुए. अंचलाअधिकारी ने तालाब में हो रहे अतिक्रमण को लेकर स्थानीय कई लोगों से पूछताछ कर इस बाबत जानकारी ली और तालाब का अतिक्रमण व अवैध निर्माण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही. उल्लेखनीय है कि सरकारी तालाब में अतिक्रमणकारियों की कब्जा शीर्षक संबंधित खबर शुभम संदेश ने बुधवार को ही प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था. जिसके बाद उक्त कारवाई की गई है. हालांकि अभी भी कई लोगों ने तालाब में कब्जा जमा कर अतिक्रमण कर रखा है, लेकिन अब देखने वाली बात होगी की क्या अंचलाधिकारी की कार्रवाई सिर्फ आई वास थी या फिर तालाब पर अतिक्रमण कर मकान व दुकान चला रहे लोगों के खिलाफ कोई नोटिस जारी कर कार्रवाई की दिशा में पहल की जाती है.



अतिक्रमण स्थल पर अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद रहे मौजूद

**1** शुभम संदेश ने बुधवार को ही प्रमुखता से छापी थी खबर, इसके बाद प्रशासन का एक्शन

**2** अब भी कई लोगों ने कर रखा है तालाब पर अतिक्रमण, उन पर कब होगी कड़ी कार्रवाई

### आसपास के लोग को तालाब में अतिक्रमण ना करने की दी हिदायत

**अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी: सीओ**

अंचलाधिकारी ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए कहा कि अतिक्रमण स्थल का बुधवार को निरीक्षण किया गया है. साथ ही एक अर्ध निर्मित आवास को भी तोड़ा गया. वहीं तालाब के किनारे बसे लोगों को अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई. अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. उन्होंने कहा कि अतिक्रमण को लेकर स्थानीय मधुबन थाना की पुलिस को भी अतिक्रमण पर रोक लगाने की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया गया है.


तालाब में मिट्टी भराई कर बनाए जा रहे हैं मकान

31 जनवरी को छपी थी खबर

धनबाद जेल के मेन्यू में रखा गया है मटन-अंडा और दूध, लेकिन

# कैदियों को नसीब नहीं

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद जेल के मेन्यू में साधारण चावल-दाल-रोटी-सब्जी के अलावा पौष्टिक खाना का भी जिक्र है, लेकिन कैदियों को यह नसीब नहीं है. सूत्रों के अनुसार हर कैदी को सप्ताह में एक दिन मटन-अंडा और दूध देने का प्रावधान है, लेकिन एक साल में एक दिन भी कैदियों को नहीं मिलता है. चाहे वह रसूखदार हो या फिर साधारण कैदी. 4 दिसबर 2023 को दिनदहाड़े यूपी के कुख्यात अपराधी अमन सिंह की हत्या के बाद कई तरह की पाबंदी लगा दी गई है. जेल के भीतर कैदियों के पुराने शौक को खत्म कर दिया गया है. अब न तो बाहर से नाश्ता-खाना या अन्य सामग्री पहुंच रहा है और ना ही प्राइवेट कैंटीन में रुपये देकर मनपसंद खाना बनाये जा रहे हैं.

कैदियों के सभी तरह की मौज मस्ती पूरी तरह से खत्म कर दी गई है. अमन सिंह की हत्या से पहले कई कैदी प्राइवेट कैंटीन में रुपये देकर मनपसंद मांसाहारी और शाकाहारी भोजन बनवाते थे. लोगों का कहना है कि जेल के अस्पताल में 20 साल पहले बीमार कैदियों को सुबह में दूध-ब्रेड मिलता था, लेकिन उसे हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है.

*जेल के अस्पताल में 20 साल पहले बीमार कैदियों को सुबह में मिलता था **दूध-ब्रेड***

*दोपहर का खाना सुबह 10 बजे और रात का शाम चार बजे दिया जाता है **कैदियों को***

**ठंड-गर्मी हो या बारिश कैदियों को तकिया, चादर व कंबल भी नहीं**

ठंड-गर्मी हो या बरसात, धनबाद जेल के वार्ड में रहनेवाले कैदियों को तकिया, चादर व कंबल भी नहीं दिया जाता है. जेल मैनुअल की पूरी तरह से धज्जियां उड़ायी जा रही है. जेल बजट में मोटी रकम आती है, जिसे जेल के पदाधिकारी डकार जाते हैं. पौष्टिक आहार व कपड़े की राशि का घोटाला हो रहा है, लेकिन सरकारी कागज पर दर्शाया जाता है कि कैदियों को मैनुअल के हिसाब से सभी तरह की सुविधाएं मिलती है. बीमार कैदियों का बेहतर इलाज होता है और सभी तरह की दवाएं दी जाती है.




### सुबह में चना-गुड़-चूड़ा का नाश्ता 15 साल से बंद

इतना ही नहीं सुबह में चना-गुड़-चूड़ा भी मिलता था, जिसे 15 साल पहले ही बंद कर दिया गया. अब सुबह में 8 बजे कुछ भी नहीं मिलता है. चाय तक नसीब नहीं होती है. सीधे दोपहर एक बजे का खाना सुबह दस बजे चावल-दाल व सब्जी मिलता है. गंदा व रद्दी चावल, पानी जैसी दाल व कोहड़ा-मूली का मिला सब्जी दिया जा रहा है, जिसे गरीब से गरीब व्यक्ति भी रोजाना घर में नहीं खाता है. रात 10 बजे का खाना शाम चार बजे दिया जाता है, जिसमें कच्ची-जली हुई रोटी और दिन वाली सब्जी कैदियों के थाली में परोस दी जाती है.

### 70 रुपये खर्च कर कैदियों से मिलते हैं मुलाकाती

लोगों का कहना है कि कैदियों से मिलने वाले मुलाकाती 70 रुपये खर्च करने के बाद ही बात कर पाते हैं. कैदियों से मिलनेवाले मुलाकाती को पहला गेट पर 10, फिर दूसरा गेट पर 10 रुपये देना पड़ता है. उसके बाद कैदियों से मिलने के लिए मुलाकाती को कैदी का नाम व पता के साथ आधार कार्ड का कॉपी देना पड़ता है. वहां भी 50 रुपये जमा करना पड़ता है. उसके बाद ही मुलाकाती अपनों से मिल पाते हैं. मुलाकाती और कैदी के बीच बातचीत के लिए 5 फीट का फासला होता है. एक साथ हर खिड़की पर 15 से 20 कैदी होते हैं. शोरगुल के बीच बातचीत करनी पड़ती है.

**कार्रवाई**

### धनबाद स्टेशन के सामने पेट्रोल पंप के पास चला बुल्डोजर

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद स्टेशन के सामने पेट्रोल पंप के पास बुधवार को शाम में बुल्डोजर चलाया गया. जेसीबी से नाली को तोड़ा गया. जहां से रेलवे अंडरग्राउंड केबुल बिछाएगी, ताकि स्टेशन परिसर को दूसरी बिजली का कनेक्शन दिया जा सके. कभी कभी एक सप्लाई बंद हो जाती है, तो काफी दिक्कत होती है. स्टेशन परिसर में अंधेरा छा जाता है. इंजीनियरिंग विभाग जल्द ही केबुल बिछाने का काम करेगी. नाली तोड़ने के दौरान आरपीएफ पोस्ट के पदाधिकारी व जवान थे.

आरपीएफ के अनुसार पेट्रोल पंप का लीज खत्म हो गया या नहीं, उससे उनलोगों को मतलब नहीं है. उन्हें इंजीनियरिंग विभाग की ओर लेटर मिला था कि बुल्डोजर चलाने के समय सुरक्षा बल मुहैया कराया जाए. पंट्रोल पंप के सामने 11 केवी का अंडरग्राउंड केबुल बिछाया जाएगा. जिससे लिफ्ट व एस्क्लेटर चलाने में भी दिक्कत न हो. पेट्रोल पंप के सामने नाली तोड़ने से पंप पर बुधवार को कोई भी पेट्रोल नहीं ले सका. आरपीएफ व इंजीनियरिंग विभाग के पदाधिकारियों को लगा कि कहीं कोई विरोध न हो, इसलिए सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था.

पलामू की राजद नेत्री चंद्रमा कुमारी ने थामा भाजपा का दामन

## परिवारवादी पार्टियों से देश या राज्य का भला नहीं : बाबूलाल



**प्रमुख संवाददाता। रांची**

पलामू जिला राजद महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्ष चंद्रमा कुमारी ने बुधवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने कार्यालय कक्ष में चंद्रमा कुमारी को पार्टी का पटका पहना कर उनका स्वागत किया. चंद्रमा कुमारी के अलावा हरेंद्र मेहता, रोहित मेहता, सुधीर मेहता, रविंद्र मेहता, राम प्रसाद राम, कामेश्वर राम, अवधेश राम, वीरेंद्र राम, विनोद राम, प्रभु राम, शिव राम, मोती राम, सुखलाल राम, कुंदन राम, संतोष कुमार, राजमुनी राम, गजेंद्र सिंह, नागेंद्र रजवार, अमर रजवार, कमलेश रजवार, संजय रजवार, अमर पासवान, अजय पासवान, श्यामलाल रजवार, बीरेंद्र सिंह, मोहम्मद रसूल अंसारी आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.

**परिवारवादी पार्टियां केवल परिवार की चिंता में लिप्त :** इस अवसर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां केवल परिवार की चिंता में लिप्त है. यह पार्टियां आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है. कहा कि ऐसी पार्टियां देश की भलाई नहीं कर सकती और यह बात जनता जान चुकी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्वयं एक परिवार की पार्टी बन गयी है. यह सभी परिवारवादी पार्टियों के भ्रष्टाचार की पोषक बन गयी है. इतना ही नहीं कांग्रेस खुद भ्रष्टाचार की जननी है.

**मोदी- मरांडी से प्रभावित होकर भाजपा में आई : चंद्रमा कुमारी**

चंद्रमा कुमारी ने सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है. कहा कि वह नरेंद्र मोदी और बाबूलाल मरांडी से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. कहा कि तीसरी बार केंद्र में मोदी की सरकार और राज्य में भाजपा को मजबूत बनाने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे.

## जमशेदपुर में दो महिलाओं की हत्या

सनकी पिता ने हत्या कर बेटे की पिटाई का लिया बदला, गिरफ्तार

**संवाददाता। जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ थाना अंतर्गत रघुनाथडीह में एक सनकी पिता ने अपने बेटे की पिटाई का बदला लेने के लिए दो महिलाओं की निर्मम हत्या कर दी. उसने दो लोगों को भी घायल कर दिया. घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया. घटना मंगलवार देर रात की है. इस घटना में 20 वर्षीय दीपाली मुंडा और 55 वर्षीय कुलो मुंडा की मौत हो गई है. वहीं दीपाली का पति पिरू मुंडा और उसका बेटा सिद्धू मुंडा घायल हो गए हैं. इधर, सूचना पाकर घाटशिला और धालभुमगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं घायलों को इलाज के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है. पुलिस ने आरोपी चुनु मुंडा के बेटे को हिरासत में लिया है.



हमले में घायल बच्चा.

**पूर्व में हुआ था विवाद :** मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों पिरू के बेटे ने चुनू मुंडा के की पिटाई की थी. इसी बात को लेकर चुनु मंगलवार देर रात पिरू के घर पहुंचा. उस वक्त घर पर सभी सो रहे थे. एक कमरे में दीपाली और उसकी बुआ सोई थी. चुनू उस कमरे में गया और दीपाली और उसकी बुआ कुलो पर धारदार हथियार से कई बार वार किए. दोनों के सिर पर वार किया गया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई. बीच बचाव करने गए पिरू पर भी जानलेवा हमला किया गया. इधर घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है.

**शाबाश**

## राखी ने राष्ट्रीय स्कूली खेलों में कांस्य पदक जीता



**हजारीबाग।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मेजबानी में खेलगांव स्थित विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में 67 वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय वुशू खेल आयोजित की गयी. इस खेल में प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी की वूशु खिलाड़ी राखी कुमारी ने अंडर 17 आयु वर्ग के 60 केजी भार वर्ग में कांस्य पदक जीता. राखी की उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है. विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. शिखा खाखा ने इस जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए राखी कुमारी और उसके वूशु कोच सरोज मालाकार को बधाई दी है.

## टाटा कॉलेज के हॉस्टल में मारपीट, दर्जनों घायल

एक दिन पहले कॉलेज के छात्रों और सुरक्षाबलों में हुई थी मारपीट

**संवाददाता। चाईबासा**

टाटा कॉलेज के हॉस्टल में बुधवार को गितिलपी गांव के ग्रामीणों के साथ हिंसक झड़प हुई. जिससे हॉस्टल के दर्जनों विद्यार्थी घायल हो गये. सभी का इलाज सदर अस्पताल चाईबासा में चल रहा है. इसमें गितिलपी गांव के कई ग्रामीणों के भी चोट लगी है. यह घटना सुबह नौ बजे हुई. बताया गया कि मंगलवार को टाटा कॉलेज हॉस्टल में रहने वाले छात्र व कोल्हान विश्वविद्यालय में कार्यरत सुरक्षा बलों के साथ मारपीट हुई थी. जिसके बाद सुरक्षा कर्मी ने अपना गांव गितिलपी जाकर ग्रामीणों को पूरी घटना की जानकारी दी. जिसके बाद बुधवार को सुबह दर्जनों की संख्या में ग्रामीण हॉस्टल पहुच कर धावा बोल दिया.

**साइकिल व बाइक भी तोड़ी गयी :** हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों के साथ ग्रामीण मारपीट करने लगे. इस दौरान कई विद्यार्थियों की साइकिले व मोटरसाइकिलें भी तोड़ दी गयीं. घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी दिलीप खलखो हॉस्टल परिसर पहुंचे. इस दौरान घायल विद्यार्थियों को सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए भेज दिया गया. डीएसपी ने कहा कि यह हिंसक झड़प है. इस की जांच की जा रही है. दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी. इस तरह की हिंसक वाले विचारधारा लोगों पर कार्रवाई होगी. पुलिस पदाधिकारी की एक टीम बना कर मामले की जांच की जा रही है.

**इस तरह की घटना चिंताजनक : प्रभारी प्रिंसिपल**

टाटा कॉलेज के प्रभारी प्रिंसिपल डॉ एससी दास ने कहा कि मारपीट की घटना सही नहीं है. दो लोगों की घटना को इतना बड़ा कर दिया गया. इस तरह की घटना से विद्यार्थियों में भय बनेगा. जो गलत है. यह चिंताजनक है. पुलिस इस पर जांच कर रही है. दोषियों पर कार्रवाई होगी.

**सांस्कृतिक आयोजन** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 2024 की हुई रंगारंग शुरुआत, जुटे समाज के सैकड़ों लोग

# आदिवासियों की परंपरा, रिवाज, खान-पान, भाषा-संस्कृति की मोहक झलक दिखी

**रेहान अहमद। रांची**

राजधानी के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में बुधवार को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया है. इस आयोजन को महोत्सव के संस्थापक अंतु तिर्की की अध्यक्षता में भव्य रूप से आयोजित किया गया है. राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की महासचिव नीलम बिरोली ने कहा कि इस जतरा महोत्सव के माध्यम से पूरे भारत को आदिवासी संस्कृति का संदेश दिया जा रहा है. अपनी आदिवासी संस्कृति को बचाना है, अपनी रीत, परंपरा, आर्दश, संस्कृति की मोहक झलक इस राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के माध्यम से जनजन तक पहुंचाया जा रहा है.



**24** जिलों से पहुंचे आदिवासी समाज के लोग

- झांकियों में झलकी आदिवासियों की भाषा-संस्कृति की अनोखी झलक

**झलकियां :** राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के अवसर पर पूरा मोरहाबादी मैदान खचा खच घरा नजर आया. अर ओर दूर दूर से आये आदिवासी समाज के लोग अपनी संस्कृति, पहचान, परंपरा, रीत रिवाज को दरशा रहे थे. हर ओर झाकियों की सूंदर झलक, पारंपरिक नृत्य का मोहक नजारा मंच पर लोग प्रस्तुत कर रहे थे. सभी लोग खूब सराह रहे थे.

**प्रति वर्ष महोत्सव का होगा आयोजन : सूरज टोप्पो**

राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से हम लोग आदिवासी संस्कृति की झलक को पेश कर रहे हैं. आदिवासी संस्कृति, हमारी पहचान, परंपरा को इस महोत्सव के माध्यम से दर्शाया गया है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की शुरुआत इस वर्ष आज के दिन से हुई है. अब प्रति वर्ष 31 जनवरी को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का पारंपरिक आयोजन किया जाता रहेगा.

**आदिवासियों ने अपनी संस्कृति को दर्शाया : निरंजना**

निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि झारखंड की मूल संस्कृति को बचाने के लिये राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया है. इस आयोजन के माध्यम से पूरे झारखंड के आदिवासी समाज अपनी परंपरा, रीत रिवाज, परिधान, खान पान, संस्कृति की सुंदर झलक निकाली गई झाकियों के माध्यम से प्रस्तुत की गई.

**आदिवासी समाज ने संस्कृति को किया जीवंत : बेदिया**

दिप्तराज बेदिया ने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में पूरे 24 जिलों के आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए. पारंपरिक नृत्य, भाषा, झाकियां प्रस्तुत कर आदिवासी महोत्सव के उद्देश्य को सभी के सामने जीवंत किया, जिसे मौजूद समाज के सारे वरिष्ठजनों ने ढेरों प्रसंशा की. ढोल, नगाड़े की थाप व छोटानागपुरी गाने की मोहक झलक समाज के लिये प्रस्तुत कर रहे थे.

## चेकिंग के दौरान दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**संवाददाता। सिंदरी**

वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पूरे जिले में वाहन चेकिंग अभियान के तहत सुदामडीह थाना क्षेत्र में पुलिस ने हथियारबंद दो अपराधियों को दबोच लिया. इसके साथ ही उनके पास से एक देसी रिवाल्वर, तीन मोबाइल फोन और 43 हजार रुपए नगद जब्त किए गए हैं. सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने सिंदरी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर बताया कि बुधवार को लगभग सुबह साढ़े 9 बजे सुदामडीह थाना क्षेत्र के मोहन बाजार में भाटडीह मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को स्पलेंडर प्लस बाइक से भागते हुए दौड़ा कर पुलिस ने पकड़ा. इसमें आरोपी अभिषेक कुमार पंडित वाहन चला रहा था और पीछे बैठा आरोपी प्रेम कुमार गोप के पास से देसी रिवाल्वर जप्त किया गया है. दोनों युवक डिगवाडीह 2 नंबर के रहनेवाले हैं. इन दोनों आरोपियों के पास से देसी रिवाल्वर, आई 13 सहित दो अन्य मोबाइल और 43 हजार रुपए जब्त किए गए है. दोनों आरोपियों ने कबूल किया है कि वे लोग झरिया की ओर हथियार बेचने जा रहे थे. उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों का अपराधिक इतिहास नहीं है. परंतु पुलिस पता लगा रही है कि इनका संबंध किन गिरोहों से है. प्रेसवार्ता के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया.

आरोपियों की गिरफ्तारी में सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा, एएसआई अमरेश कुमार, आरक्षी महेंद्र सिंह और हवलदार अमरजीत दास शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### आयरन लेडी इंदु कुमरी के सेवानिवृत्ति पर समारोह

**महुदा ।** मध्य विद्यालय राधानगर की शिक्षिका आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध इंदु कुमारी के सेवानिवृत पर विद्यालय की ओर से बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में उपस्थित बाघमारा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुभाष प्रसाद ने कहा कि शिक्षक अपने जीवन का मुख्य समय बच्चों को शिक्षा देने में लगा देते हैं. उन्हें पता ही नहीं चलता है कि कब वे सेवानिवृत हो गये. उन्होंने सेवानिवृत शिक्षिका इंदु कुमारी के बारे में कहा कि ये सचमुच आयरण लेडी है. उन्होंने अपने कार्यकाल में हमेशा बच्चों को संस्कार व शिक्षा देती रही.

### अंतर विद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता

**धनबाद ।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में मदनलाल अग्रवाल जयंती के अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसका विषय था क्या ऑनलाइन शिक्षा पारंपरिक शिक्षा से बेहतर है, इस विषय पर 14 स्कूल के 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया. विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि मदनलाल अग्रवाल एक समाजसेवी थे. समाज की सेवा ही उनका जीवन था. वन बंधुओं के लिए शिक्षा कैसे उपलब्ध हो ऐसी चिंता आजीवन करते रहे.

### डॉन बॉस्को स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन

**निरसा ।** निरसा गोपालगंज स्थित डॉन बॉस्को स्कूल में बुधवार को स्कूल के बच्चे बच्चियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के परिसर में किया गय. कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निर्देशक एम डी सोनू सैनी एवं हरमीत सिंह सैनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस प्रतियोगिता में बच्चे बच्चियों द्वारा स्वयं निर्मित कला कृतियों को विज्ञान प्रदर्शनी में रखा था जिसे भरपूर प्रशंसा मिली. कलाकृतियां विज्ञान विषयों पर आधारित थी.

### कतरास में करंट से एक मजदूर की मौत

**कतरास ।** छाताबाद पांच नंबर में सत्यनारायण साव के आवास निर्माण में रड बांधने के दौरान बिजली करंट लगने से कटहल धौड़ा निवासी मजदूर राजेश भुइयां (35) की मौत बुधवार को हो गई. घटना में तीन मजदूर जख्मी हो गए .मृतक की पत्नी मधु देवी व दो बेटी व एक बेटा है. कतरास थाना की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया जाता है कि छाताबाद पांच नंबर में सत्यनारायण साव के आवास के दीवार के ऊपर रेलिंग बीम का रड बांधने का कार्य मजदूरों द्वारा किया जा रहा था.

### हावड़ा-भोपाल सहित कई ट्रेनें रद्द रहेंगी

**धनबाद ।** पश्चिम मध्य रेलवे के छत्तेनी, ब्यौहारी, दुवरी कलां और बिजयसौता स्टेशनों में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण धनबाद होकर चलनेवाली हावड़ा-भोपाल, कोलकाता-मदार समेत कई ट्रेनें रद्द रहेंगी. इसमें ट्रेन नंबर 19608 मदार- कोलकाता एक्सप्रेस 12 व 19 फरवरी, ट्रेन नंबर 19607 कोलकाता-मदार एक्सप्रेस 15 व 22 फरवरी, ट्रेन नंबर 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 12 व 19 फरवरी, ट्रेन नंबर 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस 14 व 21 फरवरी और ट्रेन नंबर 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस 17 व 24 फरवरी को रद्द रहेंगी.

## ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा- गरीबों को आवास नहीं मिले, जांच अधिकारी ने अपनी मनमानी की

# अबुआ आवास आवंटन में गड़बड़ी, डीसी कार्रवाई नहीं करेंगे तो आंदोलनः मुखिया

**संवाददाता । महुदा**



अबुआ आवास में हुई भारी अनियमित्तता को लेकर बुधवार को सिंगड़ा पंचायत सचिवालय में मुखिया सुर्यकांत महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की गई. बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि पंचायत में चयन हुए अबुआ आवास में जांच अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा भारी गड़बड़ी की गई.

पंचायत समिति, उप मुखिया चयन समिति में रहने के वाबजूद भी गरीबों को आवास नहीं मिला है. उच्च अधिकारी से फिर जांच कर गरीबों को आवास मिलना चाहिए. बैठक में उपस्थित ग्रामीण अखिलेश कुम्भकार ने बताया कि मेरा घर खपड़ैल का है. मैं कई बार पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत अधिकारियों को आवेदन व आग्रह कर चुका हूं. परन्तु आज तक मुझे कोई आवास नहीं मिला है. ग्रामीण आदरी देवी ने बताया कि मेरा भी नाम अबुआ आवास में आया था, परन्तु चयन समिति द्वारा काट दिया गया. मेरा पति मजदूरी करते हैं और अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं. गरीब होने के बाद भी आवास नहीं मिला. इस संबंध में मुखिया सुर्यकांत महतो ने कहा कि अबुआ आवास के चयन में भारी गड़बड़ी हुई है. चयन समिति ने गांव में ऐसे लोगों को आवास आवंटित किए हैं जिसके घर में चार पहिया वाहन, टीवी, फ्रिज आदि सभी जरूरत का सामान पहले से परिपूर्ण है. चयन समिति द्वारा गरीब लोगों का अनदेखा कर उच्च वर्ग का नाम दर्ज करा दिया है. मुखिया ने उपायुक्त धनबाद को ग्रामीणों का एक लिखित आवेदन देकर अबुआ आवास में जांच कराने की मांग की है.

मुखिया ने कहा कि अगर उपायुक्त द्वारा जांच कर जरूरतमंदों को आवास नहीं दिलाया तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे. पंसस पार्वती देवी ने बताया कि प्रखंड से आये अधिकारियों ने हमलोगों को कोई तरजीह नहीं दी. अपने मन के मुताबिक जांच कर सभी लोगों का अंक बैठाया और चले गये. इसमें हमलोगों का कोई राय नहीं ली गई.

## घोटाले का लगाया आरोप,अयोग्य को मिले आवास

**धनबाद ।** जिला परिषद धनबाद की उपाध्यक्ष सरिता देवी ने झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में घोटाले का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा योग्य की जगह अयोग्य को इस योजना के लिए सुचिबद्ध कर लिया गया है अगले जिप बैठक में मामले को पुरजोर तरीके से उठाएंगे. झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब गृहविहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने हेतु राज्य सम्पोषित योजना के रूप में अबुआ आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है. कच्चे मकान में रहने वाले. आवास विहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति लोगों के लिए यह योजना लाई गई है. जिप उपाध्यक्ष सरिता देवी एवं आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने संयुक्त रूप से लुबी सर्कुलर रोड स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी. कहा कि ग्राम सभा को दरकिनार करते हुए बिचौलियों के माध्यम से अयोग्य लोगों का



अबुआ आवास की सूची का निर्माण किया गया है जिसमें 70% से अधिक लाभुकों का पूर्व से पक्का मकान है, जो उक्त संकल्प के अनुसार पात्र नहीं है.यदि जिला प्रशासन द्वारा अबुआ आवास की सूची में सुधार नहीं किया जाता है तो प्रत्येक प्रखण्डों में धरना प्रदर्शन किया जायेगा.

## नहाने गई थी महिला, मछुआरों की मदद ली गई

# लापता महिला का शव तालाब से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता । तोपचांची**



### अप्रैल में हुई थी तालाब की खुदायी

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, बीते साल अप्रैल माह मे तालाब की खुदाई की गयी थी. तालाब की खुदाई हो जाने की वजह से यह लगभग 12 फीट गहरा हो गया है. गहरे तालाब के नीचे कीचड़ वाला मिट्टी भी है.

तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत नेरो पंचायत स्थित खुरडीह गांव के ठाकुर तालाब में बुधवार सुबह नहाने गयी महिला का शव बरामद कर लिया गया. पुलिस ने मछुआरों की मदद से लापता महिला का शव तालाब से बरामद किया. शव के मिलने के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है. तोपचांची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है. महिला की पहचान सुखी देवी के रूप में हुई है.

**घर का काम कर तालाब गयी थी नहाने :** घटना के संबंध में महिला सुखी देवी के पति सोमर मोहली ने बताया कि घर का कामकाज कर उसकी पत्नी तालाब में नहाने गयी थी. काफी समय बीत जाने के बाद वजह घर नहीं लौटी. इसके बाद तालाब जाकर देखा तो वह वहां नहीं मिली. बताया कि महिला का सारा सामान तालाब किनारे पड़ा मिला. इसके बाद उसने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी. खबर सुनकर तालाब के पास ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी. ग्रामीणों ने महिला की काफी खोजबीन की. लेकिन महिला का कुछ पता नहीं चला. घटना की सूचना पाकर तोपचांची पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मछुआरों की मदद से महिला का शव तालाब से बरामद किया.

### बीएलओ को दिए गए ईवीएम डमी मॉडल और जागरूकता पोस्टर

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के बीएलओ को बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय से ईवीएम डमी माडल और जागरूकता पोस्टर (स्वीप) वितरण किया गया. मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर धीरणनाथ तिवारी, निर्वाचन प्रखंड ऑपरेटर अमित कुमार एवं डीलिंग प्रखंड सहायक पदाधिकारी छत्रपति किस्कू ने बताया कि सभी बीएलओ को ईवीएम डमी माडल दिया गया है. जिसे लेकर बीएलओ अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के घर-घर जाकर, मतदान केन्द्र में बैठकर या भीड़-भाड़ वाले जगहों पर जाकर ईवीएम डमी माडल के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने की प्रक्रिया सिखाएगें. ताकि मतदाताओं को मतदान करने में गड़बड़ी नहीं होगी. कहा गया कि ग्रामीण इलाको में अभी भी बहुत से ऐसे मतदाता है जिन्हें मतदान करते समय गलती कर देते हैं. वैसे सभी मतदाताओं और नए मतदाताओं के लिए ईवीएम डमी माडल बहुत ही कारगर है.


## झामुमो व युवा राजद ने किया प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन



**संवाददाता । मैथन**

झामुमो एवं युवा राजद ने बुधवार के शाम चिरकुंडा शहीद चौक के समीप देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया. जिसका नेतृत्व युवा राजद के जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा व झामुमो के रंजीत बाउरी ने किया. मौके पर युवा राजद के बिट्टू मिश्रा ने कहा कि दूसरे दल के दागी नेता भाजपा में शामिल होते ही वाशिंग मशीन में धूल जाते हैं. प्रधानमंत्री श्री मोदी के तानाशाही रवैया का विरोध करने वाले नेताओं के पीछे ईडी, सीबीआई आदि सरकारी तंत्र को लगा दिया जाता है. कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था व संविधान को बचाना है, तो सभी को एकजुट होकर 2024 में नरेंद्र मोदी को हटाना होगा. मौके पर राजद के सुनीता सिंह, तारा धीवर, लालबाबू यादव, शहजाद अंसारी, मो नौशाद अंसारी, फरहान खान, किशोरी यादव, उपेंद्र यादव, सोनू खान, बुमा महतो, बबलू शर्मा, लालू शर्मा, विक्रम यादव, सनी खान, राजन शर्मा, सुनील रजक, मोहन यादव, संतोष साव, जॉनी खान, मोहन गोप, नंदकिशोर पासवान, अशोक साव, झामुमो से रंजीत बाउरी, बाबू खान, मो. आरीफ, विशाल सिंह, गोपीन टुडु, राजेन्द्र आस, हैदर अली आदि उपस्थित थे.

## अधिकारियों के नहीं आने से 20 सूत्री समिति सदस्यों में आक्रोश



**संवाददाता । बाघमारा**

बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में आहूत प्रखंड 20 सूत्री की बैठक अधिकारीयों के नहीं आने के कारण समिति सदस्य आक्रोशित हुए और कक्ष से बाहर निकल गए. जिस कारण आहूत बैठक स्थगित हो गई. इस संबंध में 20 सूत्री के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष लगन देव यादव ने बताया कि समिति के सभी सदस्य बीडीओ द्वारा 25 जनवरी को दी गई लिखित सूचना के आधार पर बैठक के लिए आये थे, परन्तु बैठक में 20 सूत्री के सभी सदस्यों की उपस्थिति एवं घंटों इंतजार के बाद सीओ व बीडीओ नहीं आये. श्री यादव ने इस सन्दर्भ में संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए इसकी कड़ी निंदा की तथा कहा की वे ऐसे लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ पत्र लिखकर समिति के उच्च पदाधिकारीयों से उचित कार्रवाई की मांग करेंगे.

### सेवानिवृत्त प्रोफेसर की समारोहपूर्वक विदाई

**सिंदरी ।** बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के दो बार विभागाध्यक्ष रहे डॉ. विक्रमा पाण्डेय के सेवानिवृत्ति पर बुधवार को विभाग में विदाई समारोह आयोजित किया गया. इसमें उनके 40 वर्षों के योगदान को याद कर निदेशक डॉ. पंकज राय ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.संस्थान निदेशक ने कहा कि डॉ विक्रमा पाण्डेय का योगदान अभूतपूर्ण है. उन्होंने दो बार विभागाध्यक्ष सहित जीआरएस कल्ब के प्रभारी के रुप में उन्होंने बेहतरीन कार्य किया. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट की.विदाई समारोह में डॉ उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ माया राजनारायण रे, डॉ बी डी यादव, डॉ कोमल कुमारी, प्रो निपेन कुमार दास, प्रो प्रकाश कुमार उराँव, प्रो इकबाल शेख मौजूद थे.

## पीड़िता भी थी नाबालिग, चार ने किया था स्कूल के कमरे में दुष्कर्म

# दुष्कर्म के दो नाबालिग को उम्रकैद

**संवाददाता । धनबाद**

दुष्कर्म के एक मामले में धनबाद के चिल्ड्रेन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने गोधर निवासी दो नाबालिग को सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में उम्रकैद व बीस-बीस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. इस मामले पीड़िता और आरोपी दोनों नाबालिग थे. शनिवार को अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई 31जनवरी की तारीख निर्धारित की थी. प्राथमिकी गोधर निवासी पीड़िता की शिकायत पर 25 सितंबर 2019 को केंदुआडीह थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता की दोस्ती एक व्यक्ति से हुई थी. जो उसे बराबर फोन पर बात करता था. 24 सितंबर 19 के शाम 6:30 बजे उस व्यक्ति ने पीड़िता को अपने पास फोन करके बुलाया. जब पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ हटिया गई तो उसे मोटरसाइकिल पर बैठकर राजकीय मध्य विद्यालय कुसुंडा ले गया. जहां पहले से चार युवक थे. आरोप है कि सभी युवकों ने स्कूल के कमरे में पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया . उसके बाद भाग गए थे. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 22 नवंबर 2019 को आरोप पत्र दायर किया था. 12 जनवरी 2022 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई हुई थी. सुनवाई के दौरान अभियोजन ने 14 गवाहों का परीक्षण कराया था.

### वैभव सिन्हा समेत चार रिहा

**धनबाद ।** 16 अगस्त 2018 को एक रेस्टोरेंट में छेड़खानी व मारपीट के मामले में धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा, उनके अंगरक्षक राहुल दुबे ,विकास दुबे व नसीम को रिहा करने का आदेश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार मनीष ने पैरवी की.प्राथमिकी झरिया निवासी एक युवती की शिकायत पर धनबाद थाने में 24 अगस्त 2018 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक युवती अपने दोस्तों के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने गई थी. रेस्टोरेंट में नसीम ने उसके साथ अभद्रता की थी. जब युवती और उसके साथियों ने इसका विरोध किया था तो सभी आरोपियों ने उन लोगों के साथ मारपीट की थी. उन लोगों के विरुद्ध एक झूठा मुकदमा दायर करवा दिया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने सभी के विरोध 18 फरवरी 2022 को आरोप पत्र दायर किया था. सुनवाई के दौरान पीड़िता समेत गवाहों ने मारपीट करने वालों में इनकी पहचान नहीं की थी.

## रेलवे इंस्टीट्यूट में राजभाषा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतिभागी सम्मानित

**संवाददाता । कतरास**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति पूर्व मध्य रेल धनबाद मंडल के कतरासगढ़ शाखा द्वारा बुधवार को रेलवे इंस्टिट्यूट में राजभाषा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता वरिय अनुभाग अभियंता कार्य राजेश प्रसाद पासवान व संचालन विजय महाजन ने किया. कार्यक्रम के सचिव जयनाथ महतो सहित धनबाद मंडल से आए पदाधिकारियों ने हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार एवं बढ़ावा देने के लिए विचार व्यक्त किए.वहीं देशभक्त व भक्ति गीतों पर बच्चों नृत्य संगीत की प्रस्तुति कर सभी को



आनंदित कर दिया . प्रतियोगिता में राजभाषा नीति के अतिरिक्त संस्कृति, भाषा, विज्ञान, तकनीक, इतिहास, साहित्य, संगीत, खेल, समसामयिक विषय और रेलवे से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए. रेलवे के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व उनके बच्चे सहित आसपास के लोगों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रश्नों का उत्तर दिया. प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली के रूप में उपस्थित आलोक नाथ गुप्ता,रामपाल सिंह, मनोज कुमार झा ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

## होटल संचालक पर किया हमला, मारपीट कर किया जख्मी, छह की संख्या में थे बदमाश

**संवाददाता । धनबाद**

धनसर थाना क्षेत्र के हावड़ा मोटर स्थित चांदमारी रोड में मां लक्ष्मी होटल के संचालक पर 5 से 6 की संख्या में आए बदमाशों ने बुधवार की शाम हमला कर संचालक के साथ मारपीट की. होटल में रखे सामान को फेंक दिया साथ ही संचालक के दो बेटों के साथ मारपीट कर उनके फोन को तोड़ दिए.होटल संचालक ओम प्रकाश चौधरी धनसर थाना क्षेत्र के जोड़ा फाटक के रहने वाले हैं और विगत कई सालों से चांदमारी रोड स्थित मां लक्ष्मी होटल को चल रहे हैं. ओम प्रकाश चौधरी



ने बताया कि शाम में वह अपने होटल में ग्राहक के लिए खाना बना रहे थे. इसी दौरान 5 से 7 की संख्या में आए बदमाशों ने उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया उनके होटल में रखे सामानों को इधर-उधर फेंक दिया. बदमाशों के द्वारा 10 दिनों के भीतर दुकान में आग लगा देने, अपहरण कर लेने एवं हत्या कर देने जैसी धमकी दी गई है. जिसके लिए होटल संचालक ने प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है.हमले के पीछे कारण पूछे जाने पर होटल संचालक ने कुछ भी पता न होने की बात कही है. बदमाश कौन थे इसकी भी जानकारी पूरी तरीके से नहीं है. हमले के बाद सभी बदमाश चांदमारी की ओर भाग गए थे. घटना के बारे में 100 नंबर पर कॉल करके पुलिस को दी गई थी. बावजूद इसके पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी.

## पैनल के साथ चर्चा छात्र-छात्राओं ने मौलिक अधिकार और कर्तव्यों पर सेमिनार में चर्चा की

# महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार पर रखे अपने विचार

**संवाददाता । धनबाद**

गुरुनानक कॉलेज भुदा में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा मौलिक अधिकार और कर्तव्यों को लेकर पैनल के साथ चर्चा की गई. वही 8 पैनल बनाए गए थे, जिसमें 11 मौलिक अधिकार और कर्तव्यों पर परिचर्चा की गई.कार्यक्रम की शुरुआत एचओडी डॉक्टर मीना मालकंडी ने अपने वक्तव्य को रखा और कार्यक्रम की शुरुआत की. मंच संचालन डॉक्टर नीता ओझा ने किया.वहीं कार्यक्रम में सभी पैनल के छात्र-छात्राओं ने अपने अपने विचारों को रखा. भारत के लोगों में समरसता और भ्रातृत्व की भावनाओं का विकास, देश के रक्षा और राष्ट्र सेवा, राष्ट्रीय आंदोलन के प्रेरक आदर्शो का पालन तथा वर्तमान में महिलाओं की जो आर्थिक स्थिति है उसमें सुधार कैसे करना चाहिए इस पर छात्र छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखे.

कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य संजय प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में जागरूकता आएगी और देश के संविधान को समझने और रक्षा करने का जज्बा उत्पन्न होगा. वही उन्होंने कहा कि यह हमलोग का कर्तव्य है कि बच्चों में मौलिक कर्तव्य के बारे में जानकारी दी जाय.

इन छात्र छात्राओं ने मौलिक



कर्तव्य को शिक्षकों और सहपाठियों के बीच साझा किया.सहर, तेजस्वी, खुशी, अनंत, आलिया, रिया, अभिषेक, स्वेता ने 11 मौलिक कर्तव्यों पर चर्चा की. मौके पर कॉलेज के भुदा कैंपस इंचार्ज अमरजीत सिंह, संतोष कुमार, सोनू प्रसाद यादव, दलजीत सिंह, विश्वेश्वरी, नमिता, सिमरन छाबरा के साथ शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद थे.वहीं कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया.

### अभय सुंदरी हाई स्कूल में चलाया गया जागरूकता अभियान

**धनबाद।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को हीरापुर स्थिति अभय सुंदरी हाई स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया गया. स्कूल के सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. उन्हें हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ग्रुप बनाकर सड़क पर नहीं चलने, यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना होने पर तुरंत मदद करने के लिए एंबुलेंस नंबर 108 पर कॉल कर जानकारी देने सहित अन्य जानकारियां दी गई. वहीं स्कूल की प्रमुख कावेरी सरकार ने बच्चों एवं शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा बुक वितरित कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई.

## रोजगार एवं प्रशिक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

# 150 छात्र- छात्राओं ने रोजगार पोर्टल पर कराया पंजीकरण

**संवाददाता । धनबाद**

गुरु नानक कॉलेज में बुधवार को श्रम नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास की ओर से निजी क्षेत्र में रोजगार एव प्रशिक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें महाविद्यालय के 300 से अधिक छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया. 150 छात्र- छात्राओं ने कार्यशाला स्थल पर रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण भी कराया.ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर राकेश कुमार ने छात्र छात्राओं को कहा, रोजगार पाना जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है. इसे अपने कौशल को विकसित कर आसानी से प्राप्त किया जा सकता है.



इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार कई प्रकार के कौशल विकास का मुफ्त प्रशिक्षण दे रही है. इसका सभी को लाभ उठाने की जरूरत है.उन्होंने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में रोजगार से संबंधित सूचना एवं जानकारी प्रदान कर जागरूकता लाना है. कंप्यूटर ऑप्रेटर प्रशांत गोयल ने छात्र-छात्राओं को रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करने के तरीके बताए.

## ब्रीफ खबरें

### अबुआ आवास योजना का किया निरीक्षण

**पीड़टांड़ (गिरिडीह)।** पीरटांड़ बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने बुधवार को प्रखंड के बदगांवा पंचायत एवं चिरकी पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को लाभ दिलाने के लिए तीव्र गति से कार्य करने को लेकर निर्देश दिया. इस आलोक में बीडीओ ने बदगांवा ओर चिरकी पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने लोगों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार लाभुकों की योग्यता की जांच करने के साथ कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने कहा कि कोशिश हो कि योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचे.

### स्कूल में आयोजित हुआ मातृ सम्मेलन

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के ताराटांड़ पंचायत के अंतर्गत भलपहरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रगाण में बुधवार मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया.आयोजित सम्मेलन में मुख्यातिथि जिप अध्यक्षा मुनिया देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. मुनिया देवी ने आयोजन क्रता को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यकर्म आयोजन करना सरहनीय प्रयास है . कहा गया कि इस दौर में शिक्षा के बगैर जीवन अधूरा है.

### 'वोटर अवेयरनेस कॉन्टैक्ट्स में लें भाग'

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने और उनमें मतदान पर्व के प्रति जागरूकता लाने के लिए निर्वाचन आयोग कई कार्यक्रम चला रहा है. इसी कड़ी में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टैक्ट्स प्रतियोगिता की शुरुआत की है. यह प्रतियोगिता प्रोफेशनल, इंस्टीट्यूशन व एमेच्योर के लिए है. यह जानकारी बोकारो डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने बुधवार को दी. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागी वीडियो सॉन्ग, शॉर्ट फिल्म 31 मार्च तक विभागीय ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं.

### गोविंदपुर में कोयला लदा हाइवा जब्त, मामला दर्ज

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर परियोजना से एक हाईवे ट्रक खदान से कोयला लोड कर ले जाने की तैयारी में था. उसी समय सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़ लिया. इस संबंध में सीसीएल सवांग गोविंदपुर परियोजना फेज के सुरक्षा प्रभारी नुरुल्ला होदा ने बताया कि 31 जनवरी के अहले सुबह करीब तीन बजे एक हाईवा ट्रक OD14U 6770 गोविंदपुर परियोजना में चेक पोस्ट से बिना एंट्री लिए कोयला यार्ड में प्रवेश कर गया और कोयला लोड कर भागने की तैयारी में था.

### गोमिया लोयला स्कूल में 'टोडलर्स डे' मनाया

**बेरमो।** गोमिया के लोयला इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार को टोडलर्स डे मनाया गया. स्कूल के प्ले ग्रुप परिसर में छोटे छोटे बच्चे पूरे उत्साह के साथ चहलकदमी कर रहे थे. कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ससबेड़ा पूर्वी पंचायत की मुखिया अंशु कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि पिंटु पासवान, स्कूल के अध्यक्ष फादर सीरियक जोसेफ, सिस्टर सेरिन नोबेट, प्रधानाचार्य सिस्टर सेरिन, उप प्रधानाचार्य सिस्टर शांता मारिया, सुश्री रंजिता लकड़ा एवं अनिमा भेंगरा शामिल थी. अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

## नियमों को ताक पर रख कर हो रही है कोयले की ढुलाई. आमलोग की परेशानी बढ़ी

# बिना तिरपाल ढंके हो रही है कोयले की ढुलाई

**संवाददाता। कथारा**



सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह परियोजना से कोयला ढुलाई में ट्रक चालक मनमानी कर रहे हैं. जारंगडीह खुली खदान से जारंगडीह रेलवे साइडिंग तक कोयला का परिवहन बिना तिरपाल ढके किया जा रहा है. पर्यावरण संरक्षण और हादसों से बचने के लिए ट्रक से कोयला परिवहन तिरपाल ढककर किया जाना है, लेकिन ट्रक चालक नियमों को ताक पर रखकर कोयला ढुलाई कर रहे हैं. जब सड़कों पर ट्रक कोयला लेकर सरपट दौड़ते हैं, तब सड़क किनारे कोयले का ढेर और डस्ट गिरता रहता है. सड़क के किनारे चल रहे राहगीर, बाइक सवार एवं छोटे वाहन चालक डर से दुबके रहते हैं. संभावना बनी रहती है कि कही कोयले का ढेर उस पर न गिर जाये और बड़ी दुर्घटना हो जाये. वहीं कोयला के डस्ट से भी लोग परेशान रहते हैं, लेकिन न तो सीसीएल प्रबंधन इस पर ध्यान देती है और न ही परिवहन विभाग इस पर कोई कार्रवाई कर करती है.

**खास बातें**

- ढुलाई में ट्रक चालक मनमानी कर रहे हैं
- हर समय बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

### ढंककर ट्रांसपोटिंग करने का निर्देश : अजय यादव

बता दें कि इन दिनों कोयला परिवहन का कार्य बीकेबी कंपनी के ट्रक से किया जा रहा है . तस्वीरों में ट्रक पर लिखा कंपनी का नाम देखा जा सकता है . बीकेबी कंपनी का काम देख रहे अजय यादव ने बताया कि ट्रक चालकों को तिरपाल ढककर कोयला ट्रांसपोटिंग करने का निर्देश है . यदि वे नियम के खिलाफ कार्य कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी . उन्होंने कहा कि इस मामले को देखता हूं .

### वंदना शेजवलकर ने कहा- जानकारी नहीं

जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है . लेकिन यदि ऐसा हो रहा है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी . कहा कि दूसरे परियोजना में नियमों को उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गयी है . जारंगडीह सहित अन्य क्षेत्रों में नियम विरुद्ध परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी .

# 2वां इस्पातांचल स्वदेशी मेला 10 फरवरी से ओयोजित होगा



**संवाददाता। बोकारो**

स्वदेशी जागरण मंच बोकारो द्वारा 22 वां इस्पातांचल स्वदेशी मेला अगामी 10 फरवरी से 18 फरवरी तक सेक्टर 4 के मजदूर मैदान में लगाया जाएगा. मेला तैयारी की समीक्षा बैठक मंच के जिला संयोजक कुमार संजय की अध्यक्षता में संपन्न हुई. मेले के सफल संचालन के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स चास के संजय बैध को मेला संयोजक बनाया गया है. राष्ट्रीय मेला प्रमुख सचिन्द्र कुमार बरियार ने कहा कि इस बार मेले का थीम स्वावलंबन बोकारो रहेगा. उन्होंने कहा कि इस मेला के माध्यम से स्थानीय उत्पाद और उत्पादकों को एक मंच मुहैया कराता आ रहा है.

## डीवीसी के चैयरमैन ने बोकारो थर्मल प्लांट का किया निरीक्षण

# बांध में फ्लोटिंग सोलर प्लांट लगेगा : चेयरमैन

**संवाददाता। बोकारो थर्मल**



डीवीसी के चेयरमैन एस सुरेश कुमार, तकनीकी सदस्य एम रघुराम और वित्त सदस्य जॉन मथाई ने बुधवार को डीवीसी बोकारो थर्मल प्लांट का दौरा किया. दौरे के क्रम में 500 मेगावाट के ए प्लांट, प्रदूषण नियंत्रक प्लांट (एफजीटी), स्वीच यार्ड, कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के बाद चेयरमैन व अन्य शीर्ष अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की. इसके बाद नुरीनगर स्थित डीवीसी के स्थायी ऐश पौंड़ का निरीक्षण भी किया. बाद में निदेशक भवन में पत्रकारों से बात करते हुए चैयरमैन ने कहा कि डीवीसी एक परिवार है. बिजली उत्पादन के साथ-साथ ग्राहक भी बनाएगी. इसके लिए एकता और टीम भावना भी जरूरी है. कहा गया कि केंद्र सरकार का नवीकरणीय सौर ऊर्जा पर फोकस है और डीवीसी भी उसी में सम्मिलित होने की दिशा में अग्रसर हैं. इसके तहत डीवीसी बांध में फ्लोटिंग सोलर प्लांट लगाएगी. डीवीसी अपने खाली पड़ी जमीनों पर सोलर प्लांट लगाने की योजना बना रही है. सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए विश्व बैंक भी आगे आ रहा है.

### 1500 मेगावाट पंप स्टोरेज प्लांट

डीवीसी सोलर और हाईडल पावर प्लांट के माध्यम से बिजली उत्पादन के क्षेत्र में काम करने जा रही है . स्थिति ठीक रही तो लुगू पहाड़ में 1500 मेगावाट पंप स्टोरेज प्लांट निर्माण किया जाएेगा . इसकी डीपीआर तैयार कर लिया गया है . पर्यावरण के नये मापदंड के तहत कोयला से सल्फर हटाने की प्रक्रिया के लिए 368 करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए एफजीटी प्लांट का उदघाटन 3 या 6 फरवरी को ऑनलाइन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे . निरीक्षण के दौरान एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, महाप्रबंधक एसएन प्रसाद, सीजीएम राजेश कुमार, सुभाष सिंह, डीजीएम बीजी होलकर, चंचल मंडल, पीएम गोस्वामी,कार्यपालक निदेशक महेश कुमार, जीएम सुदीप भट्टाचार्य, सुबीर भद्र, डिप्टी कमांडेट बिरेन सेठी, बिहारी चौधरी, शाहिद अकरम आदि शामिल थे .

### चेयरमैन से मिले विस्थापित

बोकारो थर्मल पहुंचे डीवीसी के चेयरमैन एस . सुरेश कुमार, सदस्य तकनीकी एम रघुराम व सदस्य वित जॉन मथाई से स्थानीय जनप्रतिनिधि व विस्थापित जनप्रतिनिधि मिले और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया . भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भरत यादव, विस्थापित के जितेंद्र यादव, प्रफ्फुल ठाकुर, श्रवण सिंह आदि शामिल थे . चैयरनमैन ने विस्थापित नेता जितेंद्र यादव को आश्वत किया है कि बहुत जल्द पूर्नवासित गांव नयाबस्ती के ग्रामीणों को जमीन का पट्टा दिया जाएगा . जमीन की पट्टा नहीं मिलने के कारण यहां के ग्रामीणों को शैक्षणिक कार्य सहित अन्य प्रमाण पत्र नहीं बनता है .

## न्याय सदन सभागार में जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

# 'समय पर इंज्यूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराए'

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो स्थित न्याय सदन सभागार में बुधवार को जिला सब कमेटी एवं जिला स्तरीय निगरानी कमेटी की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने किया. बैठक में उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय आलोक कुमार दुबे, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दिव्या मिश्रा, पीपी, बार एसोसिएशन, बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधि, सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने बैठक में उपस्थित सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार को न्यायालय व अनुसंधान पदाधिकारी को ससमय इंजूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराने का कहा. कहा कि ससमय रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने से अनुसंधान पदाधिकारी (आइओ) को मामले के अनुसंधान में परेशानी होती है. वहीं, भवन प्रमंडल विभाग के अभियंता को सिविल कोर्ट के रंग रोगन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया. साथ ही, जिला प्रशासन को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने को लेकर शिविर का आयोजन कराने को कहा. इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिया गया.

### एसेंट पब्लिक स्कूल में एनुअल प्रोग्राम संपन्न

**धनवार (गिरिडीह)।** बुधवार को एसेंट पब्लिक स्कूल बरजो मोड राजधनवार में एनुअल प्रोग्राम का आयोजन किया गया. इसमें बच्चों के द्वारा कई कार्यक्रम किए गए. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और दहेज प्रथा पर नाटक का मंचन किया गया. कार्यक्रम में खुशी पाण्डेय, वंदना कुमारी, आयशा कुमारी साकेत आशुतोष आरुष विनय रणवीर और ध्रुव ने अनेकों प्रोग्राम दिखाकर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के डायरेक्टर विनय कुमार, प्रिंसिपल धनंजय कुमार बरनवाल, मधु, विपिन कुमार उपस्थित थे.

# बोकारो स्टील से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो स्टील प्लांट से जनवरी 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए 31 जनवरी 2024 को मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक( कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक सीआरएम -श्री दीपक रॉय एवं मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुन्दन कुमार उपस्थित थे. समारोह के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक) अंकिता देव ने आगंतुकों का स्वागत किया. उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया. अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की.

# कांग्रेस कार्यालय से रवाना की गई भारत न्याय यात्रा



**संवाददाता। गिरिडीह**

बक्सिडीह रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से बुधवार को राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा को लेकर प्रचार रथ रवाना किया गया. जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम में दर्जन भर कार्यकर्ता भी मौजूद नहीं थे. जबकि जिला कांग्रेस कमेटी में ही 100 के करीब पदाधिकारी है. सबसे हास्यपद स्थिति है कि कार्यक्रम में कार्यकारी जिला अध्यक्ष ही कहीं नजर नहीं आए. मामले में जिला अध्यक्ष सिंह ने कहा कि जब जिला अध्यक्ष कार्यक्रम में मौजूद हो तो कोई जरूरी नहीं की कार्यकारी अध्यक्ष भी मौजूद हो. विदित हो कि जिला अध्यक्ष की घोषणा के बाद ही कांग्रेस में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है. सबकी अपनी डफली अपनी राग है. बैठक की बाबत सिंह ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर से शुरु हुई है, झारखंड में 2 फरवरी को पाकुड़ जिला में प्रवेश करेगी. बताया कि कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ भारत जोड़ों न्याय यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए एक रथ रवाना किया गया. यह रथ शहर में भ्रमण करेगी और जनता से यह अपील करेगी कि इस यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो. सिंह ने संगठन के लोगों को यात्रा के लिए टी शर्ट पंपलेट और स्टीकर भी उपलब्ध करवाए. सिंह ने बताया कि 2 तारीख को जिले से भी सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता राहुल गांधी के स्वागत में पाकुड़ पहुचेंगे. मौके पर प्रदेश सचिव अजय सिंहा, बलराम यादव, ऋषिकेश मिश्रा, गुलाम मुस्तफ, सत्येंद्र सिंह उपस्थित थे.

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीक्षांत समारोह

**गिरिडीह।** जिले के बिरनी प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरकट्टा में बुधवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें विद्यालय के कक्षा दशम के भैया-बहनों को कक्षा नवम के भैया-बहनों द्वारा विदाई दी गई. इसमें कक्षा दशम के एवं कक्षा नवम के सभी भैया बहनों ने भाग लिया. प्रधानाचार्य अवशेष कुमार वर्मा कक्षा दशम के भैया-बहनों को जेएसी द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षा शत प्रतिशत सफलता के लिए कड़ी मेहनत और समय का सदुपयोग करने का निर्देश दिए . आचार्य सरजू ने अपने-अपने विषय में अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विशेष निर्देश एवं शुभकामनाएं दीं . अतिथि विरेंद्र राम ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा दशम का विदाई सभी आचार्यों के लिए पीड़ा दायक है . पर आप अच्छे अंकों से मैट्रिक पास कर विद्यालय और अपने माता-पिता के नाम रोशन करें . आपका भविष्य उज्ज्वल हो, यही हम सबकी मनोकामना है. विदाई समारोह में कक्षा दशम के भैया-बहन भी अपना विचार रखते हुए रो पड़े। तत्पश्चात सभी भैया-बहन एवं आचार्य दीदी ने मिलकर एक साथ खडा होकर सेल्फी ली.

## कसमार प्रखंड कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

# बीईइओ, सहायक शिक्षक को विदाई

**संवाददाता। बोकारो**



कसमार प्रखंड कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मी को सम्मानित करते बीडीओ.

कसमार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड प्रधान सहायक अरविंद कुमार सांडिल्य एवं प्रखंड सहायक कामेश कुमार के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान कसमार बीडीओ अनिल कुमार समेत अन्य कर्मियों ने दोनों को पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया. बीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि दोनों कर्मी का अपने कार्य के प्रति समर्पण एवं निष्ठा हमेशा याद किये जायेंगे. खासकर अपने सीनियर से लेकर जूनियर कर्मियों के साथ दोनों का मधुर व्यवहार को लोग लंबे समय तक याद रखेंगे.

इस मौके पर अनुज कुमार पाल, राजेंद्र गुप्ता, अभिषेक कुमार, प्रदीप कुमार, हरेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, भीम साहू, पद्मलोचन गोराई, दशरथ बेदिया समेत अन्य दर्जनों कर्मी मौजूद थे. इधर कसमार के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू भी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए. आगामी 3 फरवरी को बीआरसी में उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा मंजूरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरमुंगा के सहायक शिक्षक भुदेव कुमार महतो व रसोईया कुलिया देवी भी सेवानिवृत्त हुए. दोनों को विद्यालय परिवार की ओर से विदाई समारोह में उपहार देकर सम्मानित किया गया. मौके पर प्रधानाध्यापिका बेबी सीमा, संजय महतो, कुलेश्वर महतो, सुभाष चन्द्र ठाकुर, खुर्शीद आलम, ब्रहमेश्वर दास महतो, गुहिराम महतो, मुख्तार अंसारी, रूपा रानी, केनीलाल महतो व अन्य लोग उपस्थित थे.

**खास बातें**

- लोगों ने दोनों के कार्यकाल को याद कर सराहना की
- तीन फरवरी को भी आयोजित होगा समारोह

### सुपरवाइजरों को दिया गया फाइलेरिया प्रशिक्षण

**डुमरिया (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड में अगले माह 10 से 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया मुक्ति अभियान की सफलता के लिए बुधवार को अस्पताल परिसर में सभी फाइलेरिया सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया . प्रशिक्षण में अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार महतो ने कहा कि 10 फरवरी को फाइलेरिया की दवा उम्र के अनुसार खिलानी है. वहीं गंभीर रोग से ग्रसित व्यक्तियों और गर्भवती महिलाएं,2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को फाइलेरिया का दवा नहीं खिलानी है . दवा खाली पेट नहीं खिलानी है . इस फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत दो प्रकार की दवाएं क्रमशः अल्बेन्डाजोल व डीईसी का खिलाया जाएगा,कहा कि उक्त दवाओं का सेवन कर फाइलेरिया से बचा जा सकता है. इस दौरान एमडीए नोडल पदाधिकारी डॉ. राहुल अग्रवाल, एचई जीबी राम, बीएएम रामप्रवेश, बीटीटी डुमरी मानिकचंद महतो, सुरेन्द्र कुमार, शंकर ठाकुर, सिकन्दर हमीद, प्रदीप मुर्मू, सूर्यकांत कुमार, प्रदीप कुमार, विक्की कुमार रजक, नागेश्वर महतो, रांजू कुमार, संदीप सोरेन, प्रकाश महतो, बीटीटी अर्जुन मोदी, उषा देवी, बसंती कुमारी मौजूद थी.

## सिगरेट विज्ञापन 19 दुकानदारों को कानून का उल्लंघन करते पाया गया

# पोस्टर लगाने पर दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

**संवाददाता। बोकारो**




बोकारो जिले के चास थाना एवं सेक्टर 6 थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 कोटपा कानून की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत नियमित जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो. असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के सोनकार मोहल्ला, अंसारी मोहल्ला, सुल्तान नगर एवं सेक्टर 6 थाना क्षेत्र के सेक्टर 5 पीएनटी मोड़ क्षेत्र के कुल 113 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 19 दुकानों, व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघन करते हुए पाया गया, जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2400 रूपये की वसूली की गई.

**पोस्टर चिपका कर विज्ञापन :** इस दौरान मो. असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान सभी दुकानों पर पाया गया कि लोग पोस्टर चिपका कर सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद का विज्ञापन कर रहे हैं, जो कि कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत प्रतिबंध है. छापामारी के दौरान सभी दुकानदारों को निदेशित किया गया कि जल्द से जल्द विज्ञापन वाले पोस्टर हटा दें, अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 5 के अन्तर्गत कानूनी कार्रवाई की जायेगी.

बताया कि सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू पदार्थ बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है. किसी भी शैक्षणिक संस्थान, कोचिंग सेन्टर के 100 गज के परिधि में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों के विकय पर प्रतिबंध है. इस अवसर पर चास थाना से छापामारी दल व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो. असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित थे.

# बेलवाना- मनसाडीह सड़क का होगा कायाकल्प

**संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

लम्बे समय के बाद तिसरी प्रखंड अंतर्गत बेलवाना मोड़ से मनसाडीह जाने वाली मुख्य सड़क की बदहाली सुधरने की उम्मीद जगी है. सोमवार को ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इस सड़क के सुदृढ़ीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने का पत्र जारी किया है. जिसके अनुसार कार्य प्रमंडल गिरिडीह के अधीन बेलवाना - कोदईबांक मोड से मनसाडीह तक लगभग 8 किलोमीटर लम्बी सड़क का 4 करोड़ 46 लाख 32 हजार दो सौ रुपए की लागत से सुदृढ़ीकरण करने की बात कही गई है.

इससे गोलगो, मनसाडीह समेत प्रखंड के लोगों में जल्द ही एक जर्जर सड़क से निजात मिलने की उम्मीद जगी है. बताते चलें कि लगभग 16 वर्ष पहले बने इस सड़क की स्थिति इतनी जर्जर है कि मनसाडीह पंचायत से आने या उस ओर जाने वाले लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस सड़क पर चलते हैं.

इस सड़क पर अब तक दर्जनों सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं. वहीं कइयों का अबतक इलाज चल रहा है. इस समस्या को लेकर मनसाडीह के ग्रामीण कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के पास अर्जी लगा चुके हैं.

**खास बातें**

- ग्रामीण कार्य विभाग से मिली प्रशासनिक स्वीकृति
- 16 वर्ष पहले बने सड़क की स्थिति जर्जर है

### बाबूलाल मरांडी ने किया था प्रयास

इस सड़क की जर्जर हालत और ग्रामीणों की शिकायत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी कई बार सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए विभाग को पत्र लिख चुके हैं. हालांकि देर से ही सही लेकिन आखिरकार विभाग ने इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है. जिससे स्थानीय लोगों के बीच इस समस्या से जल्द निजात पाने की उम्मीद जगी है.

## ब्रीफ खबरें

### दर्जनों दोपहिया वाहनों का काटा गया चलान

**जयनगर।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर जयनगर थाना प्रभारी राजेंद्र राणा ने फोरलेन चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान बिना हेलमेट और बिना कागजात के दर्जनों दोपहिया वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया. वहीं चारपहिया वाहनों के चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, काला शीशा नहीं लगाने, दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाने, जूता पहनने तथा गाड़ी का कागजात गाड़ी में रखने का निर्देश दिया गया. थाना प्रभारी ने कहा कि आगे भी वाहन जांच अभियान चलाया जाता रहेगा. इस अभियान के दौरान एएसआई विकेश कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे.

### डीलिस्टिंग की मांग को लेकर दिया धरना

**कोडरमा।** जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में समाहरणालय के समक्ष धर्मांतरित जनजातियों को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाकर उन्हें दिए जाने वाले आरक्षण समाप्त करने का संकल्प प्रस्ताव विधानसभा में पारित कर केंद्र सरकार को भेजने के लिए धरना दिया गया. इसके उपरांत डीसी को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया. मौके पर जनजाति सुरक्षा मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख चंद्रेश्वर मुंडा, कार्यक्रम के संयोजक लिट्टा मुंडा, जिला अध्यक्ष विजय वर्णवाल, भरत मुंडा, बिरसा मुंडा, डोडो मुंडा, मानसिंह मुंडा, सुखराम मुंडा, बूटा मुंडा, तिलक मुंडा, दयाल सिंह मुंडा, जीतु मुडा, चमरू मुंडा, नारायण मुंडा, लुसी मुडाइन, एतरी मुंडा, सुनीता मुंडा, गौरी मुंडा, विनीता मुंडा, गोगो मुंडा, नंदिना टुडी, मंगता पाहन सहित गंझडी, मेघातरी, खुंटीटांड, घाटपोखर, खैराटांड के जनजाति उपस्थित थे.

### कुमार शिव आशीष बने नये सदर एसडीपीओ

**हजारीबाग।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी सदर एसडीपीओ महेश कुमार प्रजापति का तबादला धनबाद जिले के बाघमारा एसडीपीओ के पद पर कर दिया है. वहीं प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शिवाशीष को जिले का नया सदर एसडीपीओ बनाया गया है. वहीं, जिले के अपर समाहर्ता के रूप में नवपदस्थापित झारखंड प्रशासनिक सेवा के पहले बैच के पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने अपने पद पर योगदान दे दिया है. वे पूर्व में सदर और कटकमसांडी अंचल में बतौर सीओ तैनात रह चुके हैं. वहीं, अशोक कुमार को सदर एसडीओ और मुकेश कुमार महतो को सीसीआर डीएसपी के पद पर तैनात किया गया है.

### लूना और बाइक की टक्कर में दो गंभीर

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र के भोंडो चौक के समीप लूना और बाइक की टक्कर में लूना सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अकोढ़ा, थाना दिनारा, जिला सासाराम (बिहार के सासाराम जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकोढ़ा निवासी विंध्याचल पंडित (35) व सरोज कुमार (34) लूना पर सवार होकर चंदवारा से चौपारण की ओर जा रहे थे. इसी क्रम में भोंडो चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी. गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा. चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों उनका इलाज किया जा रहा है.

---

#### सदर प्रखंड के प्रखंड सह अंचल कार्यालय में धूल फांक रही हैं काम की फाइलें

# अधिकारी रहते गायब, कर्मी भी नदारद

**शुभम संदेश पड़ताल**

**ग्रामीण क्षुब्ध**

- घंटों इंतजार के बाद वापस लौट रहे किसान व ग्रामीण
- सिर्फ बिचौलिया और पैसे वालों का ही हो रहा काम

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग




सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय और बंद पड़ा अंचलाधिकारी कार्यालय.

> ऐसी कोई बात नहीं है. प्रखंड कार्यालय में सारे अधिकारी अपने-अपने स्थान पर काम कर रहे हैं. मैं भी प्रत्येक दिन कार्यालय आता हूं. अभी भी कार्यालय में ही हूं. कुछ लोग प्रखंड कार्यालय को बदनाम करना चाहते हैं, इसलिए इस तरह का बयान दे रहे हैं.
>
> – शशि भूषण सिंह, सीओ, सदर अंचल

जिले के सदर प्रखंड मुख्यालय का हाल इन दिनों बेहाल है. यहां न तो अधिकारी दर्शन देते हैं और न ही कर्मचारी प्रखंड मुख्यालय में रहते हैं. हर दिन कुछ न कुछ बहाना बना कर बाहर ही रहते हैं. कभी फील्ड में, तो कभी अधिकारी की मीटिंग में और कभी वह पर्सनल छुट्टी बता कर गायब रहते हैं. प्रखंड व अंचल कार्यालय में कई काम की फाइल धूल भाग रही है.

इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं. वह अपने काम को लेकर प्रखंड कार्यालय आते हैं और फिर वह निराश होकर वापस चले जाते हैं. सदर में 25 पंचायत हैं और प्रत्येक दिन सैंकड़ों लोग अपने काम लेकर प्रखंड कार्यालय आते हैं. लेकिन यहां अधिकारी से मुलाकात करना, भगवान से मिलने के बराबर है. यह कहानी एक दिन की नहीं, बल्कि सप्ताह- सप्ताह भर का है. बुधवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला. ग्रामीण इलाकों से कई किसान अपने-अपने काम को लेकर सुबह 10 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे थे. इनमें कुछ लोगों को अंचलाधिकारी से मिलना था, तो कई लोग कर्मचारियों से मिलने के लिए आए थे. लेकिन अंचल कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था. वहीं, प्रखंड कार्यालय खुला था, जहां कुछ कर्मचारी कम करते दिखे. हालांकि, क्षेत्र के किसान जिस अधिकारी से मिलने के लिए आए थे, वह अपने कार्यालय में नहीं थे. इसके बाद कुछ लोगों ने अधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, लेकिन वहां से भी उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला.

इसके बाद प्रखंड कार्यालय में खुले एक-दो ऑफिस में जाकर कोई बीडीओ के विषय में पूछ रहा था, तो कोई सीओ के बारे में जानकारी ले रहा था. कई लोग तो अमीन और कर्मचारियों से भी मिलने के लिए परेशान थे. लेकिन वहां से भी उन्हें निराश होकर करीब डेढ़ बजे वापस घर लौटना पड़ा.

## क्या कहती है ग्रामीण जनता

### मनमानी करते अधिकारी



जगदीशपुर से आए एक किसान सोहन कुमार ने बताया कि एक सप्ताह से सदर प्रखंड कार्यालय आ रहे हैं. लेकिन अधिकारी से मुलाकात नहीं हो पा रही है और बिना काम करवाए वापस लौटना पड़ रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि यहां के अधिकारी अपनी मनमानी करते हैं. इन्हें किसी से कोई डर नहीं है. अगर अधिकारी की जांच होती है, तो फील्ड में जाने की बात कह कर टाल-मटोल कर देते हैं.

### बैरन लौटने को मजबूर



ओरिया निवासी रिक्शा चालक अशोक साव ने बताया कि भाई के साथ जमीन विवाद चल रहा है. इसे लेकर सदर अंचल कार्यालय के अमीन से मिलने चार दिनों से आ रहे हैं, लेकिन यहां न तो अमीन से मुलाकात हो रही है ना ही कोई अधिकारी बैठते हैं. यहां के कर्मचारी कोई सही जवाब दे रहे हैं. ऐसे में कमाई तो दूर, कर्ज लेकर कार्यालय आ रहे हैं और दिनभर भूखे प्यासे रहकर फिर वापस हो जा रहे हैं.

### गायब रहते हैं अधिकारी



जगदीशपुर पंचायत के बाड़ासी गांव के किसान आशीष कुमार ने बताया कि प्रखंड कार्यालय आने के लिए 200 से 300 रुपये खर्च होते हैं. लेकिन प्रखंड कार्यालय में आने के बाद किसी अधिकारी से मुलाकात नहीं हो पाती है. दिनभर अधिकारी के इंतजार में प्रखंड कार्यालय में बैठे रहते हैं अगर कभी अधिकारी से मुलाकात हो भी गई, तो वे दूसरे दिन का समय देकर मामला टालमटोल कर देते हैं.


### बिना चढ़ावा के काम नहीं



चुरचू निवासी राधे श्याम ने बताया कि उनकी उम्र 80 वर्ष हो चुकी है. जब तक अधिकारी को चढ़ावा नहीं देते, तब तक वह अच्छे से बात भी नहीं करते हैं. 2017 से लगातार जमीन के म्यूटेशन को लेकर प्रखंड कार्यालय आ रहे हैं. लेकिन आजतक न कागजात ऑनलाइन हुए, ना ही कभी रसीद कटी. अधिकारी से मुलाकात हुई, तो कर्मचारी नहीं है और कर्मचारी मिले, तो अधिकारी नहीं है, कह दिया जाता है.

### अधिकारी नहीं उठाते फोन, बिना चढ़ावा दिए नहीं होता काम

बड़ासी निवासी पाहुल कुमार ने बताया कि अधिकारी दीवार पर अपना मोबाइल नंबर छाप कर तो रखे हैं, पर फोन करने पर उठाते नहीं है. अगर गलती से फोन उठा भी लिए, तो सीधा नाम पता और क्या काम करते हैं, पूछते हैं. अगर उन्हें किसान बताएं, तो फोन काट देंगे. वहीं व्यवसायी और बिचौलियों का काम घर पर भी जाकर कर देते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि इनको हर काम के बदले पैसा देना पड़ता है.



---

# माध्यमिक के लिए 52 व इंटर के लिए 40 केंद्रों पर परीक्षा

संवाददाता। रामगढ़

**दिशा- निर्देश**

- पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन कराएं : डीसी
- माध्यमिक में 12648 एवं इंटर में 13020 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक हुई. इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम शर्मा ने जानकारी दी कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 52 परीक्षा केंद्रों पर 12648 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 13020 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे.,

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता एवं कदाचारमुक्त तरीके से संचालन कराने का निर्देश दिया. उन्होंने दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने को कहा. इसके अलावा सभी केंद्राधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी दी. उन्होंने केंद्राधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया. परीक्षा के सफल संचालन को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. बैठक में एडीपीआरओ, केंद्राधीक्षक, शिक्षक सहित अन्य मौजूद थे.

# बेनेली कीवे ने खोला शोरूम बाइक की कई रेंज उपलब्ध

संवाददाता। हजारीबाग

बेनेली कीवे इंडिया का शहर में नए आउटलेट का उद्घाटन किया गया. एनएच 33 पर सिंदुर मेरावाल में यह आधुनिक शोरूम खोला गया है. बेनेली कवि राइडरों को सेल्स, सर्विस और स्पेयर सपोर्ट प्रदान करेगी. मेसर्स डीपीएम आटोमोबाइल्स के बैनर तले लांच की गई इस सुविधा का प्रबंध दामोदर प्रसाद डीलर प्रिंसिपल बेनेली कीवे द्वारा किया जाएगा.

इस नए आउटलेट के साथ बेनेली किवे इंडिया ने देशभर में अपने नेटवर्क और भी सशक्त बना लिया है. इस डीलरशिप में बेनेली की सुपर बैकों की रेंज तथा हाल ही में लॉन्च की गई हंगेरियन माकी कीवे को पेश किया जाएगा. शोरूम में मर्चेंडाइज और एसेसरीज की आकर्षक रेंज भी डिस्प्ले पर रखी जाएगी. उद्घाटन के अवसर पर बेनेली कीवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास झवक ने कहा कि देश भर में अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए हम तेजी से अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं. उन्होंने यह भी बताया कि कीवे रेंज में बाइक की 125 सीसी से 300 सीसी के 8 मॉडल शामिल हैं, जिसकी कीमत 1.20 से 4.29 लाख रुपये तक है.

---

# बिगवा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास



संवाददाता। केरेडारी

**विकास कार्य**

- बड़कागांव विधायक की ओर मनातू पंचायतवासियों को तोहफा
- पुल बनने से करीब 10 हजार की आबादी को लाभ : योगेंद्र

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर प्रखंड की सुदूरवर्ती पंचायत मनातू के ग्राम मसूरिया-लाजीदाग पहुंच मार्ग में गदुर बिगवा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास किया गया. पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने विधिवत नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का अनावरण किया. इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि मनातू पंचायत की मुखिया देवंती देवी, पंचायत समिति सदस्य रूपन गंझु भी पूर्व मंत्री के साथ मौजूद रहे.

शिलान्यास कार्यक्रम के बाद पूर्व मंत्री ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण हो रहा है. गदुर बिगवा नदी पर पुल के बनने से प्रखंड क्षेत्र के मसूरिया, लाजीदाग, कोजिया, मनातू, पहरा, इतीज, हेवई, पांडेकुली आदि गांवों की लगभग 10 हजार की आबादी को फायदा पहुंचेगा. मौके पर मनातू मुखिया देवंती देवी, पंसस रूपन गंझु, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार, हेवई उप मुखिया प्रतिनिधि मनोज साव, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष विजय गंझू, जगदीश गंझू आदि मौजूद थे.

### पेपर लीक मामले की जांच शीघ्र हो : अंबा प्रसाद

**हजारीबाग।** अभ्यर्थियों ने बुधवार को जेएसएससी कार्यालय का घेराव पर किया गया. इस पर टिप्पणी करते हुए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं को रोजगार देने के लिए बनी जेएसएससी पर ब्यूरोक्रेसी पूरी तरह से हावी है. कई अधिकारी, जो अभी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में हैं, वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से नहीं कर रहे हैं. इसके कारण प्रश्न पत्र लीक होने, समय पर रिजल्ट प्रकाशित नहीं होने समेत कई तरह की समस्याओं का सामना अभ्यर्थियों को करना पड़ा है. गैर जिम्मेदार अधिकारियों की वजह से सरकार की छवि धूमिल हो रही है. जेएसएससी के ऐसे अधिकारियों को तुरंत हटाते हुए योग्य अधिकारियों को जिम्मेदारी देनी चाहिए. विधायक ने पेपर लीक मामले में जल्द जांच पूरी कर झारखंड सरकार के नये विधेयक के तहत दोषी पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही. उन्होंने अभ्यर्थियों से संयम बनाए रखने एवं असामाजिक कृत्य बिल्कुल भी नहीं करने की अपील की है. साथ ही कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए संवेदनशील है.

# कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग

- चतरा मोड़ के पास दुकान में बीती रात लगी थी आग
- घंटो मशक्कत के बाद सुबह आग पर पाया गया काबू

संवाददाता। चौपारण



चौपारण स्थित चतरा मोड़ स्थित राजू कबाड़ गोदाम में बीती मंगलवार देर रात अचानक आग लग गई. यह आग इतनी भीषण थी कि इसे बुझाने के लिए दो दमकल लगी रही, फिर भी आग पर काबू नहीं पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. देर रात तक पुलिस और अग्निशमन टीम आग पर काबू पाने की मशक्कत करती रही. मिली जानकारी के मुताबिक, चौपारण चतरा मोड़ पर राजू कबाड़ी का गोदाम है.

वहां पर गाड़ी का कबाड़ एवं अन्य तरह के सामान बड़े पैमाने पर रखे हुए थे. आधी रात अचानक से गोदाम के चारों तरफ से आग की लपटें उठनी शुरू हो गई. जब तक कबाड़ी व आसपास के लोगों मौके पर पहुंचते, उससे पहले ही आग ने पूरे गोदाम को अपने चपेट में ले लिया. अगलगी की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी. सूचना पर दो दमकल के साथ अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचीं और देर रात तक आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत करते रहे. बुधवार सुबह तक लगातार प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका. इस हादसे में लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है.

### किसी कबाड़ दुकान में सुरक्षा इंतजाम नहीं

इस घटना के बाद भी प्रखंड भर के कबाड़ दुकानों के मालिकों ने कोई सबक नहीं लिया है. किसी भी कबाड़ दुकान में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं. पास में रिहायशी इलाका होने के कारण लोगों ने आग की लपटें देखी और तुरंत थाने को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया. इस कबाड़ गोदाम में काफी समय से सामान डंप है और यहां सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं था. घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में कबाड़ मौजूद होने के कारण आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया. अच्छी बात यह रही कि आग की लपटें आसपास के किसी घर तक नहीं पहुंची. अचानक लगी इस आग से अगल-बगल के घरों काफी अफरातफरी का माहौल था.

### सुदृढ़ होंगी स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाएं : उपायुक्त

**रामगढ़।** जिले में स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाएं सुदृढ़ करने को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर कई पहल किए गए हैं. इसी क्रम में उपायुक्त द्वारा नई घोषणा की गई है. इसके तहत डीएमएफटी के माध्यम से प्रत्येक वर्ष जिले को प्राप्त होने वाले राजस्व में से एक माह के राजस्व को स्वास्थ्य एवं एक माह के राजस्व को शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिए खर्च करने का निर्णय लिया गया है. इसके लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ जिलेवासियों से भी अपने-अपने सुझावों से जिला प्रशासन को अवगत कराने की अपील की है. इसे लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद बच्चों के लिए लाइब्रेरी सुविधा उपलब्ध कराने, विभिन्न विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, विद्यालयों के जीर्णोद्धार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न सुविधाओं सहित जिले में प्राथमिकता के आधार पर जरूरी विकास कार्यों को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है.

---

# एनटीपीसी ने 160 साइकिल बांटी

संवाददाता। केरेडारी



**सामाजिक दायित्व**

- मध्य विद्यालय जोरदाग में 160 बच्चों को दी साइकिल
- पूर्व में भी ग्रामीण स्कूलों में बैग का किया गया है वितरण

एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा बुधवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जोरदाग में बच्चो के बीच 160 साइकिलों का वितरण किया गया. साइकिल पाने के बाद बच्चो में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिली. वितरण कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था.

बता दें कि परियोजना की ओर से पहले भी स्कूलों में बच्चों के बीच बैग का वितरण किया गया है. मौके पर परियोजना के अपर महाप्रबंधक पवन वसंतराव खांडवे, नीलमाधब स्वाईन और वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार और दिवाकर मिश्रा के अलावा चट्टी बरियातु पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव और केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी भी मौजूद थीं. स्कूल के प्रधानाध्यापक ने एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना को इस सहयोग के लिए धन्यवाद दिया.

### परसाबाद स्टेशन पार्किंग परिसर नशेड़ियों का अड्डा

**जयनगर।** धनबाद-गया रेलखंड के परसाबाद रेलवे स्टेशन पार्किंग परिसर में दिन प्रतिदिन सबसे सरल स्थान और मनपसंद स्थान नशेड़ियों का बन गया है. यहां शाम ढलते ही देर रात तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है. हैरत की बात है कि यह सब रेलवे प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है, जहां शाम ढलते ही यह दृश्य देखा जा सकता है. बता दें कि परसाबाद रेलवे स्टेशन में देर शाम से लेकर रात तक के कई ट्रेनों का यहां ठहराव है. ऐसे में यात्रियों को हमेशा नशेड़ियों का भय बना रहता है.

# 4 को रामगढ़ पहुंचेगी न्याय यात्रा

संवाददाता। रामगढ़

**चुनावी तैयारी**

- पहले दिन राहुल गांधी गोला से शुरू करेंगे भ्रमण
- 5 को रामगढ़ शहर होते हुए रांची रवाना होगी यात्रा

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रामगढ़ आगमन को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता शांतनु मिश्रा ने बुधवार को प्रेस वार्ता की. शांतनु ने बताया कि देश में बढ़ रही नफरत की राजनीति और अराजक स्थिति के खिलाफ राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है. यह यात्रा 2 फरवरी को झारखंड में प्रवेश करेगी. राहुल गांधी झारखंड में आठ दिनों तक यात्रा करेंगे.

इस दौरान 800 किलोमीटर से अधिक की यात्रा होगी. भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर झारखंड कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी काफी उत्साहित हैं. कार्यकर्ता अपने नेता राहुल गांधी की स्वागत के लिए जगह जगह खड़े रहेंगे. यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हों, इसके लिए कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर से तैयारी में जुटा है. उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में कार्यक्रम को सफल बनाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को न्याय यात्रा से जोड़ने के लिए समिति बना कर व्यापक प्रचार-प्रचार किया जा रहा है.

रामगढ़ जिले में राहुल गांधी की यह यात्रा 4 फरवरी को गोला से शुरू होगी. वहीं, 5 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे रामगढ़ शहर से गुजरेगी और रांची की और बढ़ेगी.


---

**विचार साझा**

#### ग्रिजली विद्यालय में फार्मेसी व ऑप्टोमेट्री विषय पर कॅरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

# कॅरियर के अवसरों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि से अवगत हुए छात्र-छात्राएं

संवाददाता। कोडरमा



**शैक्षणिक गतिविधि**

- प्रो. शौविक मंडल ने साझा की फार्मेसी क्षेत्र की विशेषज्ञता
- प्रासंगिक पाठ्यक्रमों और विशेषज्ञताओं पर मार्गदर्शन

ग्रिजली विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा फार्मेसी और ऑप्टोमेट्री के क्षेत्रों पर केंद्रित करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया. इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कॅरियर निर्णयों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अरका जैन विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के फार्मेसी विभाग के प्रो. शौविक मंडल उपस्थित थे.

उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ फार्मेसी क्षेत्र की विशेषज्ञता साझा की. मुख्य वक्ता ने फार्मेसी और ऑप्टोमेट्री के क्षेत्र का व्यापक अवलोकन प्रदान किया, जिससे छात्रों को इन क्षेत्रों में उपलब्ध विविध कॅरियर अवसरों की एक झलक मिल सके. सत्र में फार्मेसी और ऑप्टोमेट्री में कॅरियर बनाने के लिए आवश्यक प्रासंगिक पाठ्यक्रमों, विशेषज्ञताओं और शैक्षणिक आवश्यकताओं पर मार्गदर्शन किया गया. विद्यार्थियों ने वर्तमान उद्योग के रुझानों, उभरती प्रौद्योगिकियों और संभावित कॅरियर के अवसरों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की. इस अवसर पर विद्यालय की उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि ग्रिजली विद्यालय में छात्रों को केवल किताबी जानकारी नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाता है. यह विद्यालय समग्र विकास को बढ़ावा देता है.

कार्यक्रम का संचालन स्टूडेंट सर्विस सेल के शफीक आलम और सौरव दास ने किया. मौके पर विद्यालय के संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेंद्र कुमार चौधरी, बुद्धदेव नस्कर, शिक्षक संजीव कुमार जयसवाल, संजय कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, शहबाजुल इस्लाम, अर्चना मैती, शीतल केशरी, सलोनी भदानी आदि उपस्थित थे.

### बचपन प्ले स्कूल में नए सत्र के लिए नामांकन शुरू

**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए छात्रों की नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. प्राचार्या नीरजा ने बताया कि इस स्कूल में कक्षा पीजी से यूकेजी तक के बच्चों को विभिन्न संकल्पना कक्षाओं के माध्यम से खेल खेल में अच्छी शिक्षा प्रदान की जाती है. वहीं कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के लिए पढाई के साथ डांस, योग, जूड़ो, कंप्यूटर, रोबोटिक्स, संगीत आदि की भी कक्षाएं होती हैं. यह स्कूल बच्चों में ज्ञान के साथ नए कौशल भी विकसित करता है. इच्छुक अभिभावक स्कूल कार्यालय व उजाला कॉम्प्लेक्स, झुमरी तिलैया स्थित मुख्य कार्यालय से रजिस्ट्रेशन फॉर्म को प्राप्त करके नामांकन की प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं. वहीं स्कूल के मोबाइल नंबर 7070098765, 9102990116 पर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है. उन्होंने बताया कि छात्रों के लिए केटीपीएस, चंदवारा, करमा, झलपो-मोरियावां एवं झुमरी तिलैया से वैन (कक्षा पीजी से यूकेजी) व बस सुविधा (कक्षा 1 से 8) भी उपलब्ध है. छात्रों (के लिए नेशनल ओलंपियाड जैसे प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता है.

# बंदोबस्त पदाधिकारी कार्यालय में कैद, धरने पर बैठे 29 कर्मी

संवाददाता। हजारीबाग

- सात महीने के बकाया वेतन भुगतान से जुड़ा है मामला
- बकाया वेतन भुगतान अभी प्रक्रिया में : महेश संथालिया

हजारीबाग के बंदोबस्त पदाधिकारी महेश कुमार संथालिया का बुधवार को तबादला कर दिया गया. उन्हें अगले आदेश तक के लिए संयुक्त सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग, रांची के पद पर पदस्थापित किया था. इस तबादला का जैसे ही आम लोगों को पता चला, तो बंदोबस्त पदाधिकारी संथालिया के खिलाफ विभाग के 29 कर्मी कार्यालय पहुंच कर धरना पर बैठ गए.

पूरा मामला 7 महीने के बकाया वेतन से जुड़ा हुआ है. धरना पर बैठे कर्मियों ने बताया कि उत्तरी छोटानागपुर आयुक्त कार्यालय से 25 जनवरी को पत्र जारी किया कर बंदोबस्त पदाधिकारी महेश संथालिया को 7 महीने का बकाया भुगतान का निर्देश दिया गया था. लेकिन बंदोबस्त पदाधिकारी बकाया वेतन का भुगतान करने में असमर्थ बता रहे हैं. कर्मियों ने कहा कि वे लोग अगस्त 2023 को बहाल हुए थे. इसके बाद नियमित रूप से प्रत्येक दिन कार्यालय और विभाग का कार्य ईमानदारीपूर्वक निभाया है. खबर लिखे जाने तक बंदोबस्त कार्यालय परिसर में कर्मी डटे थे और मुर्दाबाद का नारा लगा रहे थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** — शाम से सप्तम चंद्रमा केतु का योग है. किया गया परिश्रम सार्थक होने में बिलंब होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. खर्चों की अधिकता रहेगी. अन्न और जल का दान करें.

**वृषभ** — मौसमी बीमारियों से बचना चाहिए. बहुत जरूरी है तो ही ऋण लें. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

**मिथुन** — समय सामान्य है. माता के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. भाग्योदय विलंब से संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** — किसी महिला से विवाद हो सकता है. सोच विचार कर कार्य करें. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रहेगा.नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है.

**सिंह** — भाई के साथ कही यात्रा का योग है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा.शुभफलों की प्रधानता रहेगी. अपनों से विवाद से दूर रहें.

**कन्या** — रुखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. किसी से मन-मुटाव हो सकता है.

**तुला** — काम काज सामान्य रहेगा. आज आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते है. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते है. विवाद से बचें.

**वृश्चिक** — खर्च में वृद्धि का योग है. पर कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. अन्न का दान करें.

**धनु** — समय सामान्य है. आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोतरी होगी. मौसमी बीमारियों से बचें. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. शिवलिंग पर दूध और जल अर्पण करें.

**मकर** — सरकारी कार्य में गति मिलेगी. कोई बड़ी बाधा दूर होगी. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. शिवलिंग पर दूध अर्पण करें.

**कुंभ** — समय बहुत ही उत्तम है. जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. आलस का त्याग करें. काली वस्तु का दान करें.

**मीन** — कोई मानसिक हानि हो सकती है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. आपके कार्य और प्रभाव से कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. गुरु मंत्र का जाप करें.

## सेल अस्पताल के प्रभारी सीएमओ समेत छह सेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त

**किरीबुरु।** सेल की किरीबुरु खदान के सीजीएम कमलेश राय के नेतृत्व में किरीबुरु-मेघाहातुबुरु जेनरल अस्पताल के प्रभारी सीएमओ डॉ. मुन्ना कुमार के अलावे राम राय लागुरी, सीनियर सीपीओ (एसजी), क्रशिंग प्लांट, इलेक्ट्रिकल. नाथेनियल पुरती, एमईओ (एसजी), माइनिंग. निर्मल मुंदुइया, निर्देश कुमार नायक व लक्ष्मीधर पात्रा (तीनों सीनियर टीसीओ, क्रशिंग प्लांट) को भव्य विदाई दी गयी. सभी सेलकर्मी सेल की इस इकाई में 60 वर्ष उम्र तक अपनी सेवा दे चुके हैं. सीजीएम ने सभी सेवानिवृत्त सेलकर्मियों को डिनर सेट, प्रशस्ति पत्र व अन्य उपहार भेंट कर उनकी लंबी आयु, बेहतर स्वास्थ्य व सुखमय जीवन की कामना की.

## कुकड़ू के प्रखंड विकास पदाधिकारी का तबादला, बनेंगे जिला परिवहन पदाधिकारी


**चांडिल ।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के तीन दाधिकारियों का तबादला बुधवार को हुआ. चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, कुकड़ू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गोप और नीमडीह के अंचल अधिकारी प्रणव कुमार अम्बष्ट का स्थानांतरण किया गया है. चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह जमशेदपुर यातायात डीएसपी बनाए गए हैं. उनके स्थान पर सुनील कुमार रजवार चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाए गए हैं. वहीं नीमडीह के अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट पहले चांडिल के अंचल अधिकारी के पद पर पदस्थापित थे.

## पांच केंद्रों पर हुई प्रतिभा खोज परीक्षा

**चांडिल।** युवा विद्यार्थी केंद्र संगठन द्वारा संचालित चांडिल अनुमंडलीय स्तरीय प्रतिभा विद्यार्थी खोज परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ. संगठन द्वारा आयोजित सातवां वर्षिक परीक्षा के लिए अनुमंडल क्षेत्र में सात परीक्षाकेंद्र बनाए गए थे. परीक्षा के लिए एक दिसंबर 2023 से 13 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन जमा किया गया था. इस वर्ष प्रतिभा विद्यार्थी खोज परीक्षा में कक्षा सातवीं से दसवीं तक के 352 विद्यार्थी शामिल हुए. परीक्षा को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के अलग-अलग प्रखंडों में पांच परीक्षाकेंद्र बनाया गया था. इनमें चांडिल स्थित एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चांडिल में, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रघुनाथपुर, एएन प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद, उत्क्रमित उच्च विद्यालय.

**पर्व-प्रसंग :** विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा के साथ ही आयेगा प्यार का त्योहार वेलेंटाइन डे

# मां की आराधना और मोहब्बत का इजहार होगा साथ-साथ



**संवाददाता। रांची**

विद्या की देवी मां सरस्वती और प्यार का त्योहार वेलेंटाइन डे इस बार एक साथ मनाया जायेगा. 57 सालों में तीसरी बार ऐसा अनूठा संयोग मिल रहा है, जब मां वीणा वादिनी की आराधना के साथ इजहारे मोहब्बत की भी सौगात मिल रही हो. आचार्य अजय मिश्रा ने पंचागों की गणना कर बताया कि इससे पहले 1967 और 2013 में 14 फरवरी को ही बसंत पंचमी का शुभ मुहूर्त मिला था. तीसरी बार 2024 में ऐसा शुभयोग बना है. उन्होंने बताया कि वैसे तो पंचमी तिथि 13 फरवरी को दिन के 02:41 मिनट से प्रारंभ हो जायेगी, जो दूसरे दिन बुधवार को दोपहर 12:09 मिनट तक रहेगी. अतः उदया तिथि के अनुसार 14 फरवरी को बसंत पंचमी का त्योहार मनाना शास्त्रसम्मत होगा. आचार्य अजय ने बताया कि उदया तिथि मिलने से दिनभर पूजन किया जा सकता है. लेकिन सुबह सात बजे से दोपहर 12:35 मिनट तक अमृत सिद्धि योग है. अतः इस बीच माता सरस्वती की पूजा-अर्चना और आराधना करना ज्यादा श्रेयष्कर होगा.

**किये जायेंगे शुभ कार्य, बच्चे करेंगे अक्षर ज्ञान :** बसंत पंचमी पर शुभ कार्य शुरू करने का सुनहरा अवसर होता है. सनातनी इस दिन गृहप्रवेश, नया व्यवसाय, महत्वपूर्ण परियोजनाएं की शुरूआत तो करते ही हैं, शादी-विवाह की धूम भी रहती है. बच्चों को अक्षर ज्ञान कराने के लिए भी लोग इस दिन का इंतजार करते हैं. बसंत पंचमी के साथ ही वसंत ऋतु की शुरुआत भी होती है, जो फसलों और कटाई के लिए एक अच्छा समय होता है. कड़ाके की ठंड के बाद, इस त्योहार को वसंत का पहला दिन, फसल काटने का समय माना जाता है.

**मां का प्रकाट्य दिवस है बसंत पंचमी :** बसंत पंचती मां सरस्वती का प्रकाट्य दिवस है. इस दिन विद्यादायनी मां की विशेष पूजा का विधान है. मां विद्या और बुद्धि की देवी हैं. माना जाता है कि बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की आराधना से विद्या, बुद्धि, कला और ज्ञान का वरदान सहज मिल जाता है. इसी भाव से शिक्षण संस्थानों के साथ घरों और चौक-चौराहों पर मां की प्रतिमा विराजमान कर नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना की जाती है. लोग बाग इस दिन पीले रंग के कपड़े पहन कर पीले फूलों से मां का पूजन करते हैं.

### जोर-शोर से चल रही तैयारी

मां सरस्वती की पूजा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है. बच्चे चंदा काटने में व्यस्त हैं. गली-मोहल्लों में चंदा काटते बच्चों की टोली का उत्साह देखते ही बन रहा है. सहयोग राशि के लिए घर-घर चंदे की रशीद पहुंच रही है. शिल्पकारों के यहां बड़ी-छोटी मां की प्रतिमाएं गढ़ी जा चुकी हैं. अब रंग-रोगन कर साज-सज्जा की तैयारी में मूर्तिकार लगे हैं.

### मां की पूजा पर महंगाई का कहर

मां सरस्वती पूजा में इस बार महंगाई का कहर जम कर पड़ रहा है. शिल्पकार पिंटू मंडल बताते हैं कि साज-सजावट के सामानों के मूल्य में चार गुणा वृद्धि हो गयी है. इससे पांच सौ की मूर्ति हजार रुपये में बिकेगी. बड़ी प्रतिमा जो दस हजार में लोग खुशी-खुशी ले जाते थे, अब 15 हजार देने में उन्हें पसीना छूट रहा है. हमारी भी मजबूरी है. स्थिति यह है कि दुर्गा पूजा की सारी कमाई इसमें लगा दी है. यदि कमाई नहीं हुई तो फांके काटने पड़ेंगे.

अनुचित पोस्ट के लिए सोनारी गुरुद्वारा प्रधान को करना पड़ा विरोध का सामना

# संगत जब चाहे सीजीपीसी से ले सकती है हिसाब : भगवान सिंह

**संवाददाता । जमशेदपुर**

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) ने सोनारी गुरुद्वारा के प्रधान तारा सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर अनुचित पोस्ट डाले जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है. उनके द्वारा दुष्प्रचार किये जाने पर जवाब मांगा है. बुधवार को प्रधान भगवान सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तारा सिंह द्वारा अनुचित पोस्ट किए जाने पर उनसे मिलकर इस कृत्य के लिए कड़ा विरोध जताया.

सरदार भगवान सिंह ने विरोध स्वरूप तारा सिंह से पूछा कि ऐसी क्या विकट परिस्थिति आ गयी थी कि वे यह आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने को मजबूर हो गए. भगवान सिंह ने कहा कि वे सीजीपीसी को पत्र लिख या स्वयं कार्यालय आकर नगर कीर्तन का हिसाब पूछ सकते थे. केवल उनको ही नहीं, बल्कि गुरुप्यारी साध संगत को पूरा अधिकार है कि वे आय-व्यय का हिसाब सीजीपीसी से पूछ सकते हैं. परन्तु उसका भी एक संवैधानिक तरीका होता है. किन्तु सोशल मीडिया के जरिये दुष्प्रचार कर हिसाब-किताब की बात करना एक ओछी बात है.



बैठक में सीजीपीसी पदाधिकारीगण.

**सीजीपीसी ने तारा सिंह से किया जवाब तलब :** सीजीपीसी के चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह ने भी तारा सिंह को समझाया कि अपनी बात रखने के लिए वे सीधे तौर पर सीजीपीसी प्रमुख से बात कर सकते थे. परन्तु लोकप्रियता पाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाना सही नहीं है. महासचिव गुरचरण सिंह बिल्ला, सुखविंदर सिंह राजू , कुलदीप सिंह शेरगिल, गुरनाम सिंह बेदी, सुखदेव सिंह बिट्टू, ज्ञानी कुलदीप सिंह, अमरजीत सिंह भामरा, जसवंत सिंह, गुरदयाल सिंह ने भी विरोध में तारा सिंह से कहा वे कौम को हाशिये पर न लायें. सोनारी गुरुद्वारा के प्रधान सरदार तारा सिंह ने पोस्ट डाले जाने पर अपनी गलती का अहसास करते हुए अनजाने में भूल बताकर खुद को क्षमापार्थी बताया. गौरतलब है कि सोनारी गुरुद्वारा के प्रधान सरदार तारा सिंह ने सोशल मीडिया पर सीजीपीसी को लेकर एक अनुचित पोस्ट किया था, जिसके फलस्वरूप सीजीपीसी ने विरोधभाव अख्तियार करते हुए तारा सिंह से जवाब तलब किया था.

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा नयी दिशा व दशा तय करेगी : अमित



**संवाददाता। लातेहार**

युवा कांग्रेस कमेटी, लातेहार के जिला अध्यक्ष अमित यादव ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बताया है. उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की इस यात्रा को भी हर एक प्रदेश में अपार समर्थन मिल रहा है. यह यात्रा देश की नयी दिशा व दशा तय करेगी. उन्होंने झारखंड प्रवेश करने पर इस न्याय यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील कांग्रेसियों के अलावा समाज के हर वर्ग के लोगों से की है. उन्होंने कहा कि यह यात्रा बेरोजगारों को न्याय दिलाने के लिए है. यह न्याय यात्रा महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए है, महंगाई से निजात देने के लिए है. उन्होने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सत्ता के नशे में चूर है. जांच एजेंसियों को गलत इस्तेमाल कर रही है. आगामी चुनाव में इस सरकार को देश की जनता जवाब देगी. श्री यादव परिसदन भवन मे प्रेस से वार्ता कर रहे थे.

## एजाज बने प्रखंड अध्यक्ष व सचिव इनामुल

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**



झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष वारिस अंसारी ने बुधवार को प्रेस बयान जारी किया है. उन्होंने झामुमो के बालूमाथ अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मो एजाज को मनोनीत किया है. जबकि सचिव इनामुल अंसारी को बनाया गया है. हर्ष जताते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के मो मुनाजिर, जुबैर कुरैशी, शाहिद अंसारी व फिरोज कुरैशी ने कहा कि एजाज के प्रखंड अध्यक्ष बनने पर अल्पसंख्यक समुदाय की समस्या अब प्रमुखता से उठाई जाएगी. अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को इससे लाभ होगा.

प्रदेश भाजपा की नवगठित ज्वाइनिंग कमेटी की बैठक

# देश के विकास में सबकी भूमिका सुनिश्चित कराएगी भाजपा : बाबूलाल



**प्रमुख संवाददाता। रांची**

रांची स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नवगठित ज्वाइनिंग कमेटी की बैठक हुई. बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास का संकल्प सबके प्रयास और सबके विश्वास के साथ पूरा करने का निश्चय किया है. इसे लगातार धरातल पर उतारा जा रहा है. आगे कहा कि हमें सबके बीच जाना है और सबको भाजपा में लाना है. सशक्त भारत के लिए सशक्त भाजपा आज युग की मांग है.

विकसित भारत और विश्व गुरु भारत का निर्माण पार्टी का संकल्प : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कोई परिवार की पार्टी नहीं है. यह राष्ट्रीय विचार से परिपूर्ण पार्टी है. विकसित भारत और विश्व गुरु भारत का निर्माण पार्टी का संकल्प है. उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग कमेटी को इस सोच के साथ लोगों को भाजपा से जोड़ने की दिशा में पहल करनी चाहिए. समाज का कोई वर्ग छूटे नहीं. बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, कमेटी के प्रदेश संयोजक डॉ रविंद्र कुमार राय, विधायक बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो, गिरिनाथ सिंह, गणेश तिवारी सहित जिलों के संयोजक और सह संयोजक मौजूद रहे.

**खास बातें**

- सबके प्रयास और सबके विश्वास के साथ संकल्प पूरा करने का निर्णय
- विकसित भारत और विश्व गुरु भारत का निर्माण भारतीय जनता पार्टी का संकल्प

# बालूमाथ में भाजपा की गांव चलें अभियान कार्यशाला का आयोजन



**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

होटल देवइन में भाजपा मंडल के द्वारा गांव चले अभियान कार्यशाला का एक आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में पलामू पूर्व सांसद व कार्यक्रम मंडल प्रभारी बृजमोहन राम, सह संयोजक जिप सदस्या प्रियंका कुमारी, रामजतन साहू, गिरधारी यादव, त्रिवेणी साव, सुरेश उरांव, विजय यादव मौजूद थे. कार्यक्रम में गांव चले अभियान पर चर्चा की गयी. पंचायत स्तर तक संयोजक एवं सह संयोजक का मनोनयन किया गया. मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, सूरज शाह, भानु सिन्हा, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, राजकुमार यादव, रामकुमार गुप्ता,अखिलेश भोक्ता, राजेंद्र प्रसाद, प्रवेश सोनी, नरेंद्र रजक, श्रवण यादव, विजय प्रसाद, मंजू देवी, अंजू देवी, राजेंद्र साव, अमित गुप्ता, महेंद्र यादव, मोहन पांडे, विजय राम, तुलसी प्रसाद, अनूप गुप्ता, रामप्रवेश राम, दिलमणि यादव, विजय ठाकुर, मिंटू भुईया, बाबूलाल भगत, रवींद्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजीव गुप्ता, विजेंद्र महतो, विजेंद्र यादव, जितेंद्र साव, पवन यादव,विनोद यादव, अनूप वर्मा, प्रमोद कुमार, प्रमोद साव, अशोक यादव,कैलाश साव, सतेंद्र भगत, सचु यादव, उमेश प्रजापति, गजेंद्र हिमांशु, अर्जुन सिंह, बासुदेव,संतोष व संजय समेत कई भाजपाई मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### महुआडांड़ में हटाया जाएगा सड़क से अतिक्रमण



**महुआडांड़(लातेहार)।** प्रखंड के बिरसा चौक से लेकर बाजार तक सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया जायेगा. बुधवार को अंचल अधिकारी संतोष बैठा के नेतृत्व में मापी अभियान चलाया गया. मापी के दौरान सड़क के दोनों ओर चौहद्दी को मिलाकर अतिक्रमण को लेकर चिह्नित कर सीमांकन किया गया. सीओ संतोष बैठा ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सभी को नियमानुसार नोटिस दी जायेगी. स्वयं से अतिक्रमण हटाने पर कोई कार्रवाई नहीं होगी. सरकार द्वारा अतिक्रमण हटाने पर दोषी लोगों से हटाने का खर्च लिया जायेगा. मौक पर अंचल निरीक्षक गौतम कुमार, हलका कर्मचारी रघुवीर गंझू , अमीन मनीर व राजेन्द्र प्रसाद सहित अंचल कार्यालय के कई कर्मचारी व पुलिस के जवान उपस्थित थे.

### बीपीसीएल आउटलेटों में निःशुल्क नाइट्रोजन सुविधा शुरू



**जमशेदपुर ।** भारत पेट्रोलियम के द्वारा शहर के सभी बीपीसीएल आउटलेटों के पेट्रोल पंप में फ्री नाइट्रोजन की सुविधा ग्राहकों को उपलब्ध करवाने का शुभारंभ किया गया. इसका शुभारंभ देबाशीष नायक (प्रमुख खुदरा पूर्वी क्षेत्र) ने बुधवार को कदमा स्थित भारत पेट्रोलियम पंप में हरी झंडी दिखाकर व गुब्बारा उड़ा कर किया. मौके पर उन्होंने कहा कि शहर के सभी भारत पेट्रोलियम के पम्प में निःशुल्क नाइट्रोजन एयर उपलब्ध होगा. उद्घाटन समारोह मे भारत पेट्रोलियम द्वारा पंप में पेट्रोल लेने पर ग्राहकों को दिये गए लकी ड्रॉ के कूपनों की लॉटरी भी करवाई गई, जिसमें विजेताओं के नाम भी घोषित किये गए. साथ ही कई ग्राहकों को यहां पुरस्कृत भी किया गया. इस दौरान समारोह में भारत पेट्रोलियम के रिजनल एवं कई अधिकारी मौजूद थे.

### आदिवासी एकता महारैली में लोहरा समाज होगा शामिल



**रांची ।** विभिन्न आदिवासी संगठनों ने 4 फरवरी को मोराहबादी में आदिवासी एकता महारैली बुलाया है.जिसमे लोहरा समाज के लोग भी शामिल होगे.बुधवार को प्रेस क्लब में कॉन्फ्रेंस कर यह जानकरी दी गई है.और आदिवासी लोहरा समाज के लोगो ने कहा कि वक्त के साथ अब आदिवासी लोहरा समाज को एकसाथ चलने की जरूरत है. क्योंकि अलग थलग रहने के कारण आदिवासी काफी टुट चुके हैं.इसका फैयदा गैर आदिवासी समाज उठाते आ रहे हैं. और जल, जंगल और जमीन लुटाते आ रहे हैं, लेकिन अब किसी भी हालात में समाजिक एकता को टूटने नही देगे.और समाज को तोड़ने वाले को चिह्नित कर सिखाया जाएगा.ताकि आदिवासी समाज अब जाग चुकी है.अपना हक अधिकार को लड़ाई खूद लड़ेगे और जीतेगें. मौके पर लोहरा समाज के अध्यक्ष अभय भुटकुवर, बालमुकुंद लोहरा, बैजु लोहरा ,बजरंग लोहरा, बैजनाथ कुमार लोहरा, नागेश्वर लोहरा,मोहित लोहरा, यमुना देवी समेत अन्य शामिल थे।

**विरोध** धर्मांतरित जनजातियों की डीलिस्टिंग की मांग को लेकर लातेहार में प्रदर्शन

# जनजाति सुरक्षा मंच ने निकाली रैली, धरना भी दिया

**संवाददाता। लातेहार**

डिलिस्टिंग की मांग को ले कर जनजाति सुरक्षा मंच ने बुधवार को शहर में एक रैली निकाली और समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन के बाद एक सभा का आयोजन किया. रैली शहर के बाजारटांड़ से शुरू हुई और मेन रोड होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंची.



इस दौरान रैली में शामिल लोग अपने हाथों में तख्तियां लिए आदिवादियों का धर्मातरण कराना बंद करो, धर्मांतरित व्यक्ति को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करो, जनजाती समाज, धर्म, संस्कृति बदलना बंद करो आदि के नारे लगा रहे थे. रैली में शामिल एक व्यक्ति व दो बच्चे बिरसा मुंडा का वेश धारण किये हुए थे और अपने हाथों में तीर धनुष लिये थे. रैली में वे आकर्षण का केंद्र बने रहे. बाद में धरना को संबोधित करते हुए मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्णा सिंह ने कहा कि जिन आदिवासियों ने अपनी पारंपरिक धर्म व संस्कृति को छोड़ कर दूसरा धर्म अपना लिया है, उन्हें आदिवासी का लाभ व आरक्षण नहीं मिलना चाहिए. आदिवासी रक्षा मंच के संयोजक छत्रपति बडाईक ने कहा कि आरक्षण नीति में स्पष्ट है कि जो आदिवासी अपनी रूढ़िवादी परंपरा को मानते हैं और उसका पालन कर रहे हैं वे ही आदिवासी हैं. कार्यक्रम में मंच का संचालन रमेश उरांव ने किया. मौके पर मेघा उरांव, सुमन उरांव, कमलेश उरांव, अजय उरांव, मुनिका सिंह, रमेश उरांव व अनू भगत समेत भारी संख्या में आदिवासी महिला, पुरुष बच्चे शामिल थे. कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री को संबंधित एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया डीलिस्टिंग के समर्थन में संकल्प प्रस्ताव विधानसभा में पारित कराने की मांग की गयी.

**खास बातें**

- रैली में शामिल लोगों के हाथों में थीं नारे लिखित तख्तियां
- धर्मांतरित जनजातियों को आरक्षण नहीं देने की मांग

## झरपो के पूर्व मुखिया किशुन महतो का निधन

**टाटीझरिया(हजारीबाग)।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत झरपो पंचायत के पूर्व मुखिया सह उचित नारायण उच्च विद्यालय के अध्यक्ष किशुन महतो का निधन हो गया. वे लंबे समय से अस्वस्थ थे. किशुन महतो के निधन से परिजनों सहित क्षेत्र में शोक की लहर है. किशुन महतो पूर्व में इचाक प्रखंड के तत्कालीन अखंड झरपो पंचायत के मुखिया थे. उन्होंने झरपो पंचायत में तीसरे मुखिया पद पर कार्य किया. किशुन महतो के निधन पर उचित नारायण उच्च विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय परिसर में शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखा गया. साथ ही स्कूल को छुट्टी दे दी गयी. शोक व्यक्त करने वालों में राजेंद्र प्रसाद ,प्रकाश प्रसाद ,सुरेश प्रसाद, छोटे भाई बालेश्वर महतो,सरयू प्रसाद,अजय कुमार,बिक्की कुमार,अनिल कुमार,संजय कुमार,नंदू महतो,कांशी महतो आदि शामिल हैं.

# आर्थिक उड़ान के दावे

लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा. उन्होंने सांसदों को महिला आरक्षण कानून बनाने के लिए बधाई भी दी. उन्होंने एशियन गेम्स के इतिहास में सबसे अधिक मेडल, चंद्रयान-तीन की सफलता, राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा होने का जिक्र किया. इसके साथ ही आर्क क्षेत्र में डिजिटल प्रयोग को भी महत्वपूर्ण बताया. आम चुनाव के ठीक पहले नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट गुरुवार यानी 1 फरवरी को संसद में पेश किया जाएगा. वैसे तो यह अंतरिम बजट होगा, लेकिन आर्थिक सर्वेक्षण में जिस तरह के दावे किए गए हैं, उससे जाहिर होता है कि सरकार एक पॉजिटिव नोट के साथ चुनाव में जाने के लिए तैयार है. अर्थात केंद्र की मोदी सरकार यह दावा पेश कर रही है कि उसने पिछले दस सालों में देश का सफल आर्थिक नेतृत्व किया है और विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतारने की दिशा में पहल की है, जिसकी फसल अब तैयार हो चुकी है. इस बीच जारी आर्थिक सर्वेक्षण के दावे भी सियासी पटकथा का बयान करता है. आर्थिक सर्वेक्षण को सरकार के प्रमुख आर्थिक सलाहकार तैयार करते हैं. इस बार भी उन्होंने ऐसा किया है, लेकिन संसद में पेश करने से पहले ही परंपरा से हटते हुए प्रेस कांफ्रेंस के जरिए अंतरिम बजट पेश होने के तीन दिन पहले जारी कर दिया गया. बाद में सफाई दी गई कि चूंकि इस बार पूर्ण बजट पेश नहीं हो रहा है, इसलिए ये दस्तावेज संसद से बाहर जारी किया गया है. लोकसभा चुनाव के बाद पूर्ण बजट पेश होगा, तब आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा. बहरहाल, जो रिपोर्ट पेश की गई है, उस पर गौर करते हुए हर बिंदु पर अहसास होता है कि यह आर्थिक से ज्यादा एक राजनीतिक दस्तावेज है, जिसे चुनावी मकसद से मीडिया में बड़ी सुर्खियां बनाने के लिहाज से तैयार किया गया है. मसलन, अगले वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के अनुमान 6.3-6.4 प्रतिशत के दायरे में हैं. फिर 2030 तक सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना इसमें दिखाया गया है. इन संदर्भों में सरकार की जो आलोचनाएं हो रही हैं, उनका जवाब भी इसमें देने की कोशिश की गई है. जैसा कि मुख्य आर्थिक सलाहकार वी नागेश्वरन ने कहा कि मोदी काल की औसतन सात प्रतिशत की वृद्धि दर यूपीए काल के 8-9 प्रतिशत से बेहतर है, क्योंकि तब विश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आज से दो गुना ज्यादा थी. इसके अलावा रोजगार के उन आंकड़ों का सहारा लेकर आर्थिक वृद्धि को समावेशी बताने की कोशिश भी की गई है, जिन पर विशेषज्ञ हलकों से वाजिब सवाल उठाए गए हैं. तो सार यह है कि आर्थिक सलाहकार ने सत्ताधारी पार्टी को खुशहाली की कहानी दी हैं, जिनसे वह चुनावी हेडलाइंस बना सके.

> आर्थिक सर्वेक्षण को सरकार के प्रमुख आर्थिक सलाहकार तैयार करते हैं. इस बार भी उन्होंने ऐसा किया है, लेकिन संसद में पेश करने से पहले ही परंपरा से हटते हुए प्रेस कांफ्रेंस के जरिए अंतरिम बजट पेश होने के तीन दिन पहले जारी कर दिया गया.

## सुभाषित

**माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।**
**न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा ।।**

जो माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाते नहीं है, ऐसे मां—बाप बच्चों के शत्रु के समान है. विद्वानों की सभा में अनपढ़ व्यक्ति कभी सम्मान नहीं पा सकता. वह वहां हंसों के बीच एक बगुले की तरह होता है. इसलिए अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी पढ़ाई करानी चाहिए.

# चाहिए 'चुनावी वैतरणी' की पतवार

**असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा ने बड़े ही तल्ख लहजे में चेतावनी दी कि यदि यह यात्रा शहर से निकलेगी, तो उस पर एफआईआर दर्ज करके तीन महीने बाद होने वाले चुनाव के बाद उन्हें जेल में डाल देंगे. फिर उन्होंने कुछ ट्रेलर भी दिखाया. ऐसा तब हुआ, जब राहुल गांधी बस से नीचे उतरकर नारेबाजी कर रही उस भीड़ से समझना चाह रहे थे कि वे क्या चाहते हैं?**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

सभी विवादों को धता बताते हुए देश का सबसे बड़ा प्राण—प्रतिष्ठा कार्यक्रम पिछले सप्ताह संपन्न हो गया. यह आयोजन बहुत बड़ा होगा, इसका अनुमान तो सभी को था, लेकिन इतने विवादों में घिरेगा, इसकी कोई कल्पना नहीं कर रहा था. सनातन के चारों धर्मगुरु शंकराचार्य इस बात पर अडिग रहे कि प्राण—प्रतिष्ठा का आयोजन अनुकूल शुभ नक्षत्र में नहीं किया जा रहा है. शंकराचार्यों के सनातनी सुझावों को तर्कों-कुतर्कों के जरिये काटते हुए वही हुआ, जो सत्तारूढ़ दल ने तय कर रखा था. देश के लिए अच्छा बुरा जो भी हुआ, वह तो हो गया, लेकिन आदि शंकराचार्य द्वारा धर्म के रक्षार्थ, सनातन के रक्षार्थ जो राय दी गई, उसे अमान्य कर दिया गया. चारों शंकराचार्यों के घोर अपमान को केवल भय के कारण समाज आज अनदेखा कर रहा है, क्योंकि जिस दिन इस भय का अंत होगा, देश का सारा स्वरूप बदल जाएगा. भले ही अभी लोगों को यह बात अरुचिपूर्ण लगे, लेकिन इंतजार कीजिए और देखिए कुछ अवश्यंभावी बदलाव का. आग जब जलाई जाती है तो थोड़ा—बहुत धुआं निकलता ही है, फिर कुछ समय बाद विकराल रूप धारण करके आग सब कुछ को राख के ढेर में बदल देती है.

अब दूसरी तरफ नजर डालें तो कांग्रेस द्वारा 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम पर जो यात्रा असम पहुंची, वह विवादित हो गई. असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा ने बड़े ही तल्ख लहजे में चेतावनी दी कि यदि यह यात्रा शहर से निकलेगी, तो उस पर एफआईआर दर्ज करके तीन महीने बाद होने वाले चुनाव के बाद उन्हें जेल में डाल देंगे. फिर उन्होंने कुछ ट्रेलर भी दिखाया. ऐसा तब हुआ, जब राहुल गांधी बस से नीचे उतरकर नारेबाजी कर रही उस भीड़ से समझना चाह रहे थे कि वे क्या चाहते हैं? उसके आगे बढ़ते हैं तो नौगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान जाने की अनुमति मिलने से इंकार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि क्या अब प्रधानमंत्री तय करेंगे कि भारत में मंदिर कौन जाएगा. कानून—व्यवस्था की स्थिति पर संभावित हंगामे का हवाला देकर सरकार ने राहुल गांधी को मंदिर जाने की अनुमति नहीं दी. राहुल गांधी ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि केवल राहुल गांधी वहां नहीं जा सकता, जबकि बाकी सभी को श्रीमंत शंकरदेव के मंदिर में जाने की अनुमति दी जा रही है. राहुल गांधी ने कहा कि हम गुरु के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहते थे.

आलोचक कहते हैं कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को रोकना और राहुल गांधी पर अनाप-शनाप की बातें करके असम के मुख्यमंत्री सिर्फ प्रचार पाना चाहते हैं. सच तो यह है कि असम कोई ऐसा राज्य नहीं है, जो किसी प्रकार से नेशनल मीडिया के केंद्र में रहे. उसमें भी वही हेमंत विश्व सरमा, जो पहले कांग्रेस में थे और राहुल गांधी से तथाकथित रूप से अपमानित होने के कारण भाजपा की वाशिंग मशीन में धुलकर असम के मुख्यमंत्री बन गए. अभी हाल ही असम की एक खबर पूरे देश में चर्चा का विषय था कि मुख्यमंत्री की पत्नी करोड़ों के घोटालों में आरोपित है, लेकिन आज वह भी भाजपा वाशिंग मशीन में साफ होने के प्रयास में जुटी हैं. असम में जानबूझकर सरकार द्वारा विशेष रूप से एफआईआर दर्ज करके खुल्लमखुल्ला यह कहना कि चुनाव के बाद हम राहुल गांधी को गिरफ्तार कर लेंगे, प्रचार पाने का हथकंडा ही माना जा रहा है. सच तो यह है कि असम के मुख्यमंत्री इन्हीं सब विवादों के कारण आज सुर्खियों में हैं.

राहुल गांधी की यात्रा 14 जनवरी से अब तक पूर्वोत्तर के मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और असम में रही. ये सभी राज्य या तो भाजपा शासित हैं अथवा वहां भाजपा समर्थित सरकार है, लेकिन इतने राज्यों से भारत न्याय यात्रा में कोई राजनीतिक विवाद खड़ा हुआ हो अथवा किसी प्रकार की धक्कामुक्की हुई हो, ऐसी कोई भी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन न्याय यात्रा के असम पहुंचते ही मुख्यमंत्री यह दिखाने लगे कि वह कुछ दूसरे तरह के मुख्यमंत्री हैं. इसीलिए इतना शोर-शराबा मचा है. मंदिर में दर्शन न करने देने पर राहुल गांधी ने यही तो कहा कि यह ऊपर के आदेश का पालन कर केंद्रीय सहानुभूति बरकरार रखना चाहते हैं. अभी तो यह यात्रा कुछ दिन और असम में रहेगी. देखते जाइए सत्ता के केंद्रीय दरबार दिल्ली तक अपनी कितनी पकड़ मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा बना पाने में सफल हो पाते हैं. स्वयं को 'बॉस' का कितने विश्वासपात्र साबित कर पाते हैं.

अच्छा हुआ प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन समय पूर्व हो गया, क्योंकि इसके जरिये भाजपा के लिए एक रोडमैप तैयार हो गया है, जहां वह जनता के बीच कह सकेगी कि हमारी सरकार ने मंदिर बनवाकर उसमें भगवान श्रीराम को स्थापित किया. अब वह इस दावे को ठीक तरह से समाज में भुना सकती है, लेकिन उसका प्रभाव तो धीरे—धीरे चुनाव तक कम होता जाएगा, लेकिन वहीं कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अभी चलेगी और जैसा कि पिछली पदयात्रा के बाद हुआ था, समाज कांग्रेस के करीब आ गया था और उसका लाभ भी उसे मिला. इस बार तो उसका आक्रमण संगठित रूप से सभी विपक्षी दलों के साथ भाजपा पर करने का है. विपक्षी दलों द्वारा जो 'इंडिया' गठबंधन बनाया गया है, यदि उसमें वह सफल हुआ, तो फिर 1977 वाला हश्र भाजपा का होगा, जिसमें कांग्रेस के सबसे मजबूत प्रत्याशी को भी जनता पार्टी के एक साधारण नेता से पराजय का मुंह देखना पड़ा था. श्रीमद्भगवद् गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि 'मनुष्य को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए. अहंकार मनुष्य से वह सब करवाता है, जो उसके लिए सही नहीं है और अंत में यह अहंकार उसके विनाश का कारण बनता है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सभ्यता अनुशासन

मानव को ऊर्ज़ा पाने के लिए भोजन करना आवश्यक है और इसमें भी दो मत नहीं कि मनुष्य को जीवित रहने के लिए अन्य जीवों पर आश्रित रहना ही पडता है, लेकिन सृष्टि का सबसे बुद्धिमान प्राणी होने के नाते, दूसरे जीवों के प्रति उत्तरदायित्व पूर्वक सोचना भी मानव का ही कर्तव्य है. इसलिए मानव की यह जिम्मेदारी है कि वह अपना भोजन प्रबंध कुछ इस प्रकार करे कि आहार की इच्छा होने से लेकर ग्रहण करने तक सृष्टि की जीवराशि कम से कम खर्च हो. हिंसा तो वनस्पतिजन्य आहार में भी सम्भव है, लेकिन इसका निहितार्थ यह नहीं कि जब सभी तरह के आहार में हिंसा है तो जानबूझ कर सबसे क्रूरतम हिंसा ही अपनाई जाय. यह तो मूढ़ता ही है. यहां हमारा विवेक कहता है कि जितना हिंसा से बचा जा सकता है, सजगता से बचना चाहिए. हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समान दिखने वाले कांच और हीरे के मूल्य में अंतर होता है और वह अंतर उनकी गुणवत्ता के आधार पर होता है. उसी प्रकार एक बकरे के जीव और एक केले के जीव के जीवन-मूल्य में भी अंतर तो है ही. आहार का चुनाव करते समय हमें अपने विवेक को वैज्ञानिक अभिगम देना होगा. वैज्ञानिक दृष्टिकोण है कि प्रकृति में जीवन विकास, सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव से प्रारंभ होकर क्रमशः पंचेंद्रिय तक पहुंचा है. ऐसे में यदि हमारा आहार प्रबंध कम से कम विकसित जीवों (वनस्पति आदि एकेन्द्रिय जीव) की हिंसा से चल सकता है तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता कि हम उससे अधिक विकसित जीवों (पशु आदि) की अनावश्यक हिंसा करें. जैव विकास की दृष्टि से विकसित जीव ( पशु आदि ) की हिंसा, प्रकृति के साथ जघन्य अपराध है. प्रकृति का अघोषित विधान है कि संसाधनों का पूरी दक्षता से और विवेक पूर्वक उपभोग किया जाय. मानव के पास ही वह बुद्धिमत्ता है कि वह उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम नियमन प्रबंधन करे. अर्थात् अपरिहार्यता की दशा में भी कम से कम संसाधन खर्च कर सावधानी से अतिआवश्यक जरूरत पूरी कर ले. जीव की इन्द्रियां उसके सुख दुख महसूस करने के माध्यम भी होती हैं, जो जीव जितनी भी इन्द्रियों की योग्यता वाला है, उसे हिंसा के समय इतनी ही अधिक इन्द्रियों के माध्यम से पीडा पहुंचेगी, अर्थात् पांचों ही इन्द्रिय धारक जीव को अधिक पीडा पहुंचेगी, जो मानव मन में क्रूर भावों की उत्पत्ति का कारण बनेगी.

# लोकतंत्र का वैश्विक प्रहरी भारत

• लोकतंत्र

एस. सलीम

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, ने सक्रिय रूप से लोगों को अपनी सरकारें चुनने और शांति से रहने का अधिकार सुरक्षित किया है. शांति और लोकतंत्र के संरक्षक के रूप में भारत के योगदान का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत ने अपनी स्थापना के बाद से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के 71 शांति मिशनों में से 49 में अपने सैनिक और पुलिस भेजे हैं. सभी देशों में से, 2 लाख से अधिक कर्मियों के साथ, भारत संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता है. भारत का पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन कोरिया (1950-54) में तैनात किया गया था. इसके बाद भारत-चीन (1954-70), मध्य-पूर्व (1956-67), कांगो (1960-64), कंबोडिया (1992-93), पश्चिम में तैनात किया गया था. एशिया (1980-88) और सोमालिया (1993-94) के अलावा कई अन्य. 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को सुरक्षित करने का सबसे महत्वपूर्ण भारतीय प्रयास है. 1970 में, पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में रहने वाले 65 मिलियन बंगाली भाषी लोगों की आवाज़ दबाने की कोशिश की. चुनावों में, अवामी लीग ने पूर्वी पाकिस्तान में दो को छोड़कर सभी सीटें जीतकर संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल किया था. भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका की धमकियों के विरुद्ध अपनी सेना संगठित की.शेख मुजीब के समर्थकों को मुक्ति के लिए लड़ने के लिए एक मिलिशिया बनाने में मदद मिली.16 दिसंबर 1971 को लगभग एक लाख पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. भारत ने लाखों बांग्लादेशियों को सैन्य तानाशाही से मुक्त कराया और उन्हें लोकतंत्र जीतने में मदद की. संजय बद्री ऑपरेशन कैक्टस को "भारत का अब तक का सबसे तेजी से नियोजित और क्रियान्वित सैन्य हस्तक्षेप" कहते हैं. ऑपरेशन कैक्टस नवंबर 1988 में आयोजित किया गया था, जब पीपुल्स लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन ऑफ तमिल ईलम (पीएलओटीई) ने मालदीव के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम को गिराने की कोशिश की थी. मालदीव के एक व्यापारी अब्दुल्ला लुथुफ़ी ने प्लॉटे के श्रीलंकाई उग्रवादियों के साथ मिलकर मालदीव के द्वीपों में हत्याएं शुरू कर दीं और 3 नवंबर 1988 को राष्ट्रपति भवन पर कब्ज़ा कर लिया. राष्ट्रपति गयूम ने पाकिस्तान, अमेरिका, ब्रिटेन और कई अन्य देशों से मदद मांगी, लेकिन उन्हें जवाब दे दिया गया. जब भारत ने गयूम को मदद देने का वादा किया तो उमा महेश्वरन के नेतृत्व वाली साजिश ने देश पर लगभग कब्ज़ा कर लिया था. कुछ ही घंटों के भीतर, ब्रिगेडियर फारूक बलसारा के नेतृत्व में 50 वीं स्वतंत्र पैराशूट ब्रिगेड की टुकड़ियों को आगरा वायु सेना स्टेशन से एयरलिफ्ट किया गया, जिसमें पैराशूट रेजिमेंट की 6 वीं बटालियन और 17 वीं पैराशूट फील्ड रेजिमेंट शामिल थीं. भारतीय सैनिकों ने हवाई मार्ग से मालदीव जाने के लिए नॉन-स्टॉप उड़ान भरी. भारतीय सेना ने द्वीप देश को आज़ाद कराया. उन आतंकवादियों का पीछा किया, जो बंधकों को बनाकर श्रीलंका भागने की कोशिश कर रहे थे. कहने की जरूरत नहीं कि मालदीव के राष्ट्रपति ने लोकतंत्र और लोगों की जान बचाने के लिए राजीव गांधी को बहुत धन्यवाद दिया. भारत को 1947 में स्वतंत्रता मिली. 1950 में उसने कोरिया में शांति सुनिश्चित करने के लिए अपना पहला मिशन भेजा. "कोरिया में बीमारों और घायलों की वापसी की सुविधा के लिए 17अधिकारियों, 9 जेसीओ और 300 अन्य रैंकों वाली एक पैरामेडिकल यूनिट तैनात की गई. लेफ्टिनेंट जनरल केएस थिमैया को संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित तटस्थ राष्ट्र प्रत्यावर्तन आयोग (एनएनआरसी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था. भारत ने मेजर जनरल एसपीपी थोराट के तहत एक संरक्षक बल भी प्रदान किया, जिसमें 231 अधिकारी, 203 जेसीओ और 5696 अन्य रैंक शामिल थे. भारतीय शांति सेना (आईपीकेएफ) ने 1980 के दशक के अंत में श्रीलंका में शांति और लोकतंत्र सुनिश्चित किया. श्रीलंकाई लोगों की नागरिक स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा के लिए एक हजार से अधिक भारतीय सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया. आईपीकेएफ का नेतृत्व करने वाले लेफ्टिनेंट जनरल ए.एस. कालकट ने बाद में याद करते हुए कहा, "आईपीकेएफ 1987 में हस्ताक्षरित भारत-श्रीलंका समझौते के हिस्से के रूप में वहां गया था. हमारी भूमिका समझौते के लोकतांत्रिक कार्यान्वयन में सहायता करना और उसके लिए जमीन तैयार करना था.

> भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका की धमकियों के विरुद्ध अपनी सेना संगठित की.शेख मुजीब के समर्थकों को मुक्ति के लिए लड़ने के लिए एक मिलिशिया बनाने में मदद मिली.16 दिसंबर 1971 को लगभग एक लाख पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. भारत ने लाखों बांग्लादेशियों को सैन्य तानाशाही से मुक्त कराया और उन्हें लोकतंत्र जीतने में मदद की.

# क्या इजराइल जनसंहार रोकने की पहल करेगा?

• देशांतर

प्रमोद जोशी

ग़ाज़ा में हमास के खिलाफ चल रही इजराइली सैनिक कार्रवाई को लेकर इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ़ जस्टिस (आईसीजे) का पहला आदेश पहली नज़र में खासा सनसनीख़ेज़ लगता है, पर उसे ध्यान से पढ़ें, तो लगता नहीं कि लड़ाई रोकने में उससे मदद मिलेगी.बहुत से पर्यवेक्षकों को इस आदेश का मतलब एक राजनीतिक वक्तव्य से ज्यादा नहीं लगता. वस्तुतः अदालत ने इजराइल से लड़ाई रोकने को कहा भी नहीं है, पर जो भी कहा है, उसपर अमल करने के लिए इजराइल के फौजी अभियान की प्रकृति में बदलाव करने होंगे. यकीनन अब इजराइल पर लड़ाई में एहतियात बरतने का दबाव बढ़ेगा. अदालत ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर जिन कार्यों को करने और जिनकी अनदेखी करने के आरोप लगाया है, उनमें से कुछ बातें नरसंहार के दायरे में रखी जा सकती हैं. इजराइल का दावा है कि वह आत्मरक्षा में लड़ रहा है और युद्ध के सभी नियमों का पालन कर रहा है. यह भी सच है कि आईसीजे के सामने युद्ध-अपराध का मुकदमा नहीं है. उसका रास्ता अलग है, पर इस अदालत ने इजराइल को सैनिक कार्रवाई में सावधानी बरतने के साथ एक महीने के भीतर अपने कदमों की जानकारी देने को भी कहा है. दक्षिण अफ्रीका के आवेदन पर पिछली 26 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में ग़ाज़ा के हालात को 'विनाशकारी' माना और यह भी माना कि स्थिति इससे भी ज्यादा ख़तरनाक़ शक्ल अख़्तियार कर सकती है.

अदालत ने साफ शब्दों में इजराइल से कहा है कि वह 'यह सुनिश्चित करे कि उसकी सेना गाज़ा में नरसंहार से बचे और नरसंहार के प्रयास करने वालों को सज़ा दे.' साथ ही कोशिश करे कि इस इलाके में और ज्यादा सहायता पहुंचे. इतना कहने के बाद अदालत ने यह नहीं कहा कि इजराइल लड़ाई खत्म करे. बल्कि कहा कि इजराइल को भी आत्मरक्षा में कार्रवाई करने का अधिकार है. इससे केवल ध्वनि यह निकलती है कि अदालत को इजराइल के तौर-तरीकों को लेकर आपत्ति है. उसने इजराइल को एक महीने का समय यह बताने के लिए दिया है कि उसने इस सिलसिले में क्या कदम उठाए हैं. इससे यह ज़रूर लगता है कि उसने भविष्य में किसी और आदेश की संभावना को खुला रखा है. 17जजों की अदालत ने जो छह आदेश दिए हैं, उनमें से तीन 15-2 के बहुमत से हैं. इनमें एक जज इजराइल द्वारा मनोनीत भी है. अदालत के इस फैसले पर कोई टिप्पणी करने के पहले दक्षिण अफ्रीका के मुकदमे पर भी ध्यान देना होगा. उसने 1948 की नरसंहार संधि के तहत यह मुकदमा दायर किया है. नरसंहार शब्द की राजनीतिक व्युत्पत्ति के कारण भी यह मसला दूसरी दिशा में चला गया है. फौरी तौर पर कोई बुनियादी आदेश जारी करना अदालत के लिए मुश्किल है. नरसंहार का मुकदमा बरसों तक चल सकता है. इसे साबित करने के लिए बहुत सारे सबूतों को जुटाना पड़ता है. इस मामले में 11 और 12 जनवरी को हेग में सुनवाई हुई और 26 को अदालत ने एक अनंतिम आदेश जारी किया. उधर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) पहले ही हमास और इजराइल दोनों द्वारा किए गए संभावित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच कर रहा है. आईसीसी केवल व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का आदेश देता है, जबकि आईसीजे देशों के बीच टकरावों का फैसला करता है. हालांकि कानूनन आईसीजे के फैसले बाध्यकारी होते हैं, पर देखना होगा कि इस समय उसने इजराइल को जो सुझाव दिए हैं, उन्हें इजराइल किस हद तक मानेगा. मार्च 2022 में, आईसीजे ने रूस को यूक्रेन पर अपने आक्रमण रोकने का आदेश दिया था. वह आदेश कानूनन बाध्यकारी था, पर रूस ने उसकी अनदेखी की. दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के कथित उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की मांग के लिए 29 दिसंबर, 2023 को अदालत में यह मुकदमा दायर किया था. इसमें कहा गया था कि ग़ाज़ा में फ़लस्तीनियों के ख़िलाफ़ इजराइल जो कर रहा है वह जनसंहार है, क्योंकि उसकी कार्रवाई फ़लस्तीनी क्षेत्र में रहने वाले नस्लीय समूह की बड़े पैमाने पर तबाही के इरादे से चल रही है. इसमें कोर्ट से मांग की गई थी कि वह तय करे कि ग़ाज़ा में फ़लस्तीनियों के साथ जो कर रहा है, क्या वह जनसंहार है ? साथ ही उसने कोर्ट से यह गुजारिश भी की थी कि वह इजराइल को अपना सैन्य अभियान बंद करने का आदेश दे.

> अदालत ने साफ शब्दों में इजराइल से कहा है कि वह 'यह सुनिश्चित करे कि उसकी सेना गाज़ा में नरसंहार से बचे और नरसंहार के प्रयास करने वालों को सज़ा दे.' साथ ही कोशिश करे कि इस इलाके में और ज्यादा सहायता पहुंचे. इतना कहने के बाद अदालत ने यह नहीं कहा कि इजराइल लड़ाई खत्म करे. बल्कि कहा कि इजराइल को भी आत्मरक्षा में कार्रवाई करने का अधिकार है.

## मीडिया में अन्यत्र

# दस सालों का आर्थिक लेखा जोखा

**वर्ष** 2024-25 के अंतरिम बजट से पहले गुरुवार को वित्त मंत्रालय द्वारा कुछ आगे के पूर्वानुमानों के साथ पेश की गई अर्थव्यवस्था की 10-वर्षीय समीक्षा, सालाना आर्थिक सर्वेक्षण का एक छद्म रूप है. इस समीक्षा से यह संकेत मिलता है कि वर्ष 2024-25 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में तकरीबन सात फीसदी की बढ़ोतरी होगी और 2030 तक इसके सात फीसदी से 'काफी ऊपर'जाने की गुंजाइश है. इसका अनुमान है कि इस साल लगभग 3.7 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंचने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था अगले तीन सालों में आगे बढ़ते हुए पांच ट्रिलियन डॉलर की होकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी और यह 2030 तक सात ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छू सकती है. भारत की विकास गाथा को दो चरणों - 1950-2014 तक और फिर 2014 के बाद से 'परिवर्तनकारी विकास का दशक' - में बांटते हुए, इस समीक्षा में इस बात पर जोर दिया गया है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सत्ता संभाली' तो अर्थव्यवस्था की हालत 'उत्साहवर्धक' होने से कोसों दूर थी. फैसला लेने की सुस्त प्रक्रिया, गलत लक्ष्य वाली सब्सिडी और एक बड़े अनौपचारिक क्षेत्र की मौजूदगी जैसी संरचनात्मक बाधाओं के चलते विकास जहां अवरुद्ध हो गया था, वहीं मुद्रास्फीति भी बहुत ज्यादा थी. इस समीक्षा का तर्क है कि 2014 के बाद के सुधारों ने "दीर्घकालिक और मजबूत" आर्थिक एवं वित्तीय चक्रों के साथ अर्थव्यवस्था की तंदुरुस्ती के साथ आगे बढ़ने की क्षमता को बहाल कर दिया है और भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाला जी-20 राष्ट्र बना दिया है. इस समीक्षा में यह दावा किया गया है कि जब दुनिया दो फीसदी की दर से बढ़ रही है वैसे में भारत की सात फीसदी की वृद्धि, वैश्विक अर्थव्यवस्था के चार फीसदी की दर से बढ़ने की स्थिति में हासिल की गई 8-9 फीसदी की वृद्धि, जो संभवतः यूपीए युग के कुछ वर्षों की ओर इशारा है, के मुकाबले 'गुणात्मक रूप से बेहतर' है. यह बहस का विषय है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था का रिश्ता आम तौर पर दुनिया से अलग हो गया है और निर्यात के मुकाबले घरेलू गतिविधियां आर्थिक वृद्धि को कहीं ज्यादा संचालित कर रही हैं.समीक्षा के मुताबिक अब जबकि यूपीए के काल से विरासत में मिली दोहरी बैलेंस शीट की समस्या एक 'फायदे' में बदल गई है, इसे व्यापक स्तर पर निजी निवेश में नई जान फूंकने वाले वायस के रूप में तब्दील करना होगा. यह सरकार द्वारा सख्ती से खारिज की जाने वाली 'के-आकार की रिकवरी' के बजाय व्यापक-आधार वाले उपभोग में उछाल पर निर्भर करेगा. महामारी के बाद सात फीसदी से ज्यादा की वृद्धि वाले चार साल वाकई सराहनीय रहे होंगे. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### इनकार/मना

**एक** बात कहता हूं तुमसे ना करना इनकार, आ तोहे सजनी ले चलूं नदिया के पार. यह पंक्ति 1962 में आयी फिल्म आरती के एक फड़कते गाने से ली गयी हैं, जिसे मोहम्मद रफी एवं लता मंगेशकर ने अपने स्वर से साकार किया है. इस गाने को मजरूह सुल्तानपुरी ने लिखा था. अगर आजकल का कोई गीतकार होता तो लिखता-एक बात कहता हूं तुमसे ना करना मना. कारण, आजकल अधिकतर लोग इनकार की जगह मना शब्द का ही प्रयोग करते पाये जाते हैं. जैसे मैंने उसे यहां बुलाया था, लेकिन उसने यहां आने से मना कर दिया. भाषाविदों के अनुसार यह कतई सही नहीं है. इस दौरान हम शब्दकोशों पर एक नजर डालते हैं तो पाते हैं. इनकार और मना दोनों शब्द अरबी मूल के हैं. मना संज्ञा पुल्लिंग और विशेषण दोनों रूपों में प्रयोग में आता है, जबकि इनकार संज्ञा पुल्लिंग. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार मना का अर्थ संज्ञा के रूप में रोक, निषेध और विशेषण के रूप में है निषिद्ध, अविहित, वर्जित, अनुचित, नामुनासिब. अरबी भाषा में इससे मिलता-जलता शब्द है मनाही, जो संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका अर्थ है अस्वीकृति, मना, रोक, निषेध. वहीं इनकार का अर्थ है अस्वीकृति, नामंजूरी, मुकरना, अपनी कही हुई बात से पीछे हट जाना. अब देखते हैं कि इनकार और मना में अंतर क्या है? इसे हम इस प्रकार समझ सकते हैं मना का अर्थ है किसी को कोई काम करने से रोकना और इनकार का अर्थ है किसी के कहे अनुसार काम न करना. आपने कई स्थानों पर साइनबोर्ड में लिखा देखा होगा-अंदर आना मना है. बगीचे में साइनबोर्ड पर लिखा होता है-बगीचे में फूल तोड़ना मना है. स्टेशनों पर लिखा होता है-यहां सिगरेट पीना मना है. इस वाक्य से इनके बीच का अंतर और स्पष्ट हो जाता है-पुलिस ने रात को तेज म्यूजिक बजाने से मना किया, लेकिन बारातियों ने पुलिस का आदेश मानने से इनकार कर दिया.

# अपरंपार है बाबा बजरंगी की महिमा

• तीर-तुक्का


डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



चलिए आपको एक बाबा के डेरे पर ले चलते हैं. कहने को तो बाबा रमता राम होता है. धार्मिक मेलों में तमाम बाबा लोग आते हैं और अपने पड़ाव डाल लेते हैं. इन पड़ावों को डेरा कहते हैं. डेरा बाबाओं का अल्प कालीन निवास होता है. लेकिन किसी भी बाबा का यह अल्पकालीन टिकने भर का स्थान कब स्थाई निवास बन जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता. ऐसे में यह डेरा 'डेरे' को मुंह चिढाता है. यह कोई ऐसा-वैसा डेरा नहीं रहता. पूरी एक बसाहट हो जाती है. कई सौ एकड़ की ज़मीन यह घेर लेता है. स्थाई भक्त-गणों के वहां आवास बन जाते हैं. ये स्थाई भक्त और भक्तिनें अपना तन मन धन सभी कुछ बाबा को अर्पित कर देते हैं. बाबा अपने को अलौकिक शक्ति से तो संपन्न बताता ही है, वह अपने भक्तों को भी कम से कम भौतिक बल से संपन्न देखना चाहता है. उन्हें आत्मरक्षा की शिक्षा दिलवाई जाती है. राइफल और बंदूक चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है. बाबा की खातिर भक्तों को दूसरों के प्राणों की परवाह न कर बाबा की खिलाफत करने वालों को मारने-मिटाने के लिए तैयार किया जाता है. बाबा स्वयं अपने डेरे में स्थित किसी आलीशान गोह / खोह में रहते हैं. उनतक पहुंचना आसान नहीं होता. लेकिन जिस किसी भक्तिन को चाहते हैं, वे अपनी सेवा में ले लेते हैं. अपना धन और मन तो वे पहले ही अर्पित कर चुकी होती हैं, बाबा को वे अपना तन भी अर्पित करके धन्य हो जाती हैं. बाबा जो ठहरे! बाबा का शरीर वज्र सा कठोर है. वे बजरंगी हैं. तरह तरह के करतब दिखाते हैं. किसी से डरते नहीं. बड़े बड़े राजनीतिज्ञ उनकी जेब में रहते हैं. अपने हज़ारों लाखों भक्तों से वो वोट दिलवाते हैं. बाबा का कहा भक्तों के लिए पत्थर की लकीर होता है. बाबा सर्वशक्तिमान हैं. अजय और अभय हैं. बाबा जब बुलेट प्रूफ गाड़ी में निकलते हैं तो सौ-पचास कारें उसकी रक्षा के लिए उसके पीछे रहतीं हैं. बाबा की सवारी को भला कौन रोक सकता है? उनके ऐश्वर्य के सामने ईश्वर तक ठहर नहीं सकता. बाबा स्वरूप बदलता रहता है और इन बदलते स्वरूपों को हम अपनी नंगी आंखों से देख सकते हैं. बाबा गायक हैं. बाबा एक्टर हैं. बाबा की संवाद अदायगी लाजवाब है. बाबा के हृदय में प्यार हिलोरें लेता है.

# लाइफ लाइन

## झारखंड का औषधीय वृक्ष – सोनापाठा




सोनापाठा नामक औषधीय वृक्ष विलुप्त हो रहे हैं. झारखंड सहित भारत सरकार द्वारा संवर्धन और संरक्षण पर जोर नहीं दिया गया है. सोनापाठा का सुखपूर्वक प्रयोग भी किया जा सकता है. सोनापाठा को श्योनाक, अरलू भी कहते थे. नेतरहाट के श्री भदवा भगत के साथ 1993 में औषधीय पौधा वृक्ष की पहचान सह उपयोग की जानकारी के लिए घुमते थे तो उन्होंने इसका परिचय " डकडउवा" कह कर दिया था. वे रैकी चिकित्सा एवं आदिवासी में प्रचलित पारंपरिक चिकित्सा के अच्छे ज्ञाता थे.



**अनिल कुमार पाठक**
पारंपरिक चिकित्सक

### गठिया और वात रोग में लाभप्रद

सोनापाठा को लैटिन में ओरोसिलम इंडिकॉम कहा जाता है. ये बहुत बड़े और ऊंचे होते हैं. इनमें शाखा बहुत कम होती हैं. इनके पत्ते छोटे छोटे रुप में एक विशेष ढंग से सजे होते हैं. अर्थात पत्रवृन्त अति दीर्घ होते हैं. इसकी फली तलवार की तरह वृक्ष के शिखर पर लगती हैं. आकार में दो फीट या कुछ और बड़े होते हैं. वात रोगियों को इससे स्नान कराने पर बहुत आराम मिलता है. गठिया रोग में भी इसका उपयोग किया जाता है. सोनापाठा दसमूल की प्रधान औषधि है. झारखंड से इसके छाल का अवैध दोहन हो कर आयुर्वेदिक कंपनियों तक पहुंचाती है. झारखंड में लगभग सभी जिलों में देखने को मिल जाता है. भारत सरकार को विशेष मास्टर प्लान तैयार करने की आवश्यकता है तब ही सोनापाठा नामक औषधिय वृक्ष को बचाया जा सकता है और मानव कल्याण के लिए संरक्षित हो सकती है.
**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**

---

## लक्षण उभरने में लग सकता है 4-5 साल

# सतर्कता से शीघ्र मिलेगी राहत





**डॉ सरोज राय**
डर्मेटोलॉजिस्ट
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

हाल ही हमने लेप्रेसी डे यानी कुष्ठ दिवस मनाया. अपने देश में इस रोग को ईश्वर के दंड या शाप के रूप में पहचान मिली है. दरअसल पौराणिक कथाओं में श्रीकृष्ण के पुत्र सांब को गंगाचार्य के अभिशाप से कुष्ठ होने के जिक्र ने इस मान्यता का पीढ़ी दर पीढ़ी पुष्ट किया है. यह हवा के द्वारा फैलने वाला रोग है. लेप्रसी को हैनसेन रोग भी कहा जाता है. यह बीमारी माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रै नामक बैक्टीरिया के कारण होती है.

### कुष्ठ रोग के लक्षण

कई बार इसके लक्षणों को पूरी तरह से आने में 4-5 वर्ष का भी समय लग जाता है. इसलिए इलाज में भी देरी होती है. इसके लक्षणों को समय पर पहचानना जरूरी है. त्वचा पर कुछ हल्के और दिनचर्या नहीं प्रभावित करने वाले लक्षण शुरुआती दौर में देखे जा सकते हैं. त्वचा के रंग में परिवर्तन हो सकता है. त्वचा रुखी हो सकती है. शरीर में सुन्नता वाले चक्कते हो सकते हैं. उनका रंग त्वचा से कम होता है. कुछ नसें भी इसमें मोटी हो जाती और उनमें दर्द भी होता है खासकर हाथों की नसों मे. कई बार पीड़ित त्वचा पर स्पर्श, दर्द और गर्मी का अहसास नहीं होता. जब घाव होता है तो लंबे समय तक बना रहता है. हफ्ते और महीनों बाद भी घाव ठीक नहीं होता. पीड़ित शख्स की मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है. बाल झड़ने लगते हैं. पैरों के तलवों पर अल्सर की शिकायत होती है. बंद नाक और नाक से खून आना जैसे लक्षण उभर सकते हैं.

### कारण यह है

इस रोग के होने के पीछे कई भ्रांतियां है लेकिन यह बीमारी मुख्य रूप से कमजोर रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता के कारण होती है. जो लोग कुपोषित होते हैं उनमें इम्युनिटी कम हो जाती है. उसमें होने की आशंका बढ़ जाती है. कुष्ठ रोग के लगभग 10% मामलों में प्रभावित व्यक्ति की फैमिली हिस्ट्री होती है. ऐसे लोगों के बच्चों में भी इसके होने की आशंका 5% रहती है. यह एक संक्रामक बीमारी है, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैल सकता है. संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर यह संक्रमण दूसरे व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है. संक्रमित व्यक्ति को अगर जुकाम है, तो उसकी नाक से निकलने वाला तरल कुष्ठ रोग के बैक्टीरिया को फैला सकता है. बड़ों की तुलना में बच्चों में इसके फैलने की आशंका अधिक होती है.

### इलाज के लिए धैर्य जरूरी

कुष्ठ रोग या कोढ़ की बीमारी ठीक हो सकती है. यह हर व्यक्ति की कंडीशन पर निर्भर करता है कि उसे ठीक होने में कितना वक्त लगेगा या उसकी बीमारी लाइलाज होने के स्तर पर पहुंच चुकी है. इलाज शुरू कराने से पहले खुद को तैयार करना होगा कि इसमें लंबा वक्त लग सका है. साथ ही परिजनों को भी संवेदनशीलता बरतनी होगी. इसका इलाज दवाइयों और सर्जरी दोनों से संभव है. इसमें मल्टी ड्रग्स थैरेपी देते हैं. यह डॉक्टर तय करते हैं. सरकारी हॉस्पिटलों में इलाज नि:शुल्क है. इलाज के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो जाता है. इसमें मरीज को पूरा इलाज लेना पड़ता है. अगर मरीज बीच में दवा छोड़ता है तो उसका दोबारा से इलाज की जरूरत पड़ती है. इसलिए इलाज बीच में न छोड़ें. इलाज लंबा भी चलता है.

### ये दवाएं कारगर

कुष्ठ रोग के इलाज में एंटीबायोटिक दवाई मददगार साबित हो सकती हैं. इन एंटी बायोटिक दवाइयों में डेप्सोन, रिफैम्पिन, क्लोफाजिमिन, फ्लोरोक्विनोलोन, मैक्रोलाइड्स और मीनोसाइक्लिन शामिल हैं. सरकार कुष्ठ रोग के इलाज के लिए एमडीटी नामक किट भी प्रदान करती है. कुष्ठ रोग के कारण सूजन की शिकायत भी होती है. चिकित्सक उन्हें एंटी इंफ्लेमेटरी दवाइयां दे सकते हैं. इनमें एस्पिरिन, प्रेडनिसोन और थैलिडोमाइड शामिल हैं.

### ऐसे करें बचाव

बैसिलस कलमेटे-गुएरिन टीकाकरण करने पर कुष्ठ रोग से बचा जा सकता है किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचने के लिए खुद को साफ-सुथरा रखें. पौष्टिक आहार का सेवन करें, ताकि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे.

### मिथक और सच्चाई

**अपने देश में कुष्ठ रोग को लेकर कई मिथक प्रचलित हैं. आइए, इनकी सच्चाई से अवगत हों-**

**1. मिथक :** कुष्ठ रोग बहुत तेजी से फैलने वाली संक्रामक बीमारी है.
**सच्चाई:** ऐसा कतई नहीं कि हम किसी कुष्ठ रोगी के पास बैठे या उन्हें स्पर्श किए कि हमें भी यह रोग हो जाए. किसी कुष्ठ रोग पीड़ित के साथ आप लगातार संपर्क में रहते हैं तो कुष्ठ रोग होने की आशंका बेशक हो सकती है.

**2. मिथक :** कुष्ठ रोगियों की उंगलियां या अन्य अंग कटकर गिर जाते हैं.
**सच्चाई :** इस बात में कहीं कोई सच्चाई नहीं है. बेशक कुष्ठ रोग की वजह से सनसनी और सुन्नता हो जाती है. लेकिन कुष्ठ रोग की वजह से उंगलियां या अन्य अंग कटकर नहीं गिरते हैं.

**3. मिथक :** यह बीमारी पाप की वजह से होती है.
**सच्चाई :** पौराणिक ग्रंथों में कुछ कहानियां प्रचलित हैं और भारत में पुराने समय में भी यह रोग था. जागरुकता व ज्ञान के अभाव में कई गलत जानकारियां फैली है. आज इसका इलाज संभव है.

**4. मिथक :** कुष्ठ रोगी के बगल में बैठने से कुष्ठ रोग हो सकता है.
**सच्चाई :** ऐसा बिल्कुल नहीं है. यह अत्यधिक संक्रामक बीमारी नहीं है.

---

# पढ़ा हुआ रहेगा याद, कीजिए ये योगासन

परीक्षा फीवर से इन दिनों घर-घर आक्रांत है. किसी को पढ़ने के बाद भी याद नहीं रहने की शिकायत है तो कोई घबराहट महसूस कर रहा. मन में तनाव हावी है. ऐसे में इन आसनों से राहत महसूस होगी और पढ़ने के लिए अधिक देर तक बैठने का हौसला होगा. तनाव को दूर कर ये आसन पढ़ाई पर फोकस बढ़ाएंगे –



### 1. हस्तपादासन

**ऐसे करें :** योग मैट पर सीधे खड़े हो जाएं. अब दोनों हाथ हिप्स पर रख लें. सांस को भीतर खींचते हुए घुटनों को मुलायम बनाएं. अब कमर को मोड़ते हुए आगे की तरफ झुकें. हाथों को पैर के पंजे के बगल में जमीन पर रखें. इस वक्त आपके पैर एक-दूसरे के समानांतर रहेंगे. साथ ही आपका सीना पैर के ऊपर छूता रहेगा. इसके बाद जांघों को भीतर की तरफ दबाएं. सिर को नीचे की तरफ झुकाएं और टांगों के बीच से झांककर देखते रहें. इसी स्थिति में 15-30 सेकेंड तक स्थिर बने रहें. इसके बाद आराम से सामान्य अवस्था में आ जाएं.

**फायदा :** सतर्कता बढ़ती है. मांसपेशियां टोन होती हैं और रीढ़ की हड्डी की नसें उत्तेजित होती हैं. यह पूरे शरीर की जागरूकता को बढ़ाता है, जो परीक्षा के दौरान ध्यान बढाता है. तनाव में कमी आती है जिससे सीखने और एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अधिक अनुकूल मानसिक स्थिति बनती है. श्वसन क्रिया में सुधार होता है.



### 3. योगमुद्रा

**ऐसे करें :** शरीर को सीधा रखें, दोनों हाथों को कमर के पीछे ले जाएं, दाएं हाथ की मुट्ठी बना लें और बाएं हाथ से दाएं हाथ की कलाई पकड़ लें. गहरी सांस भरें और सांस छोड़ते हुए रीढ़ को सीधा रखते हुए पहले कमर से आगे झुकें, फिर छाती, कंधे और अंत में कोशिश करें कि माथा ज़मीन से स्पर्श हो जाए.

**फायदा :** यह पेट और पीठ के लिए उत्तम योगासन है. जठराग्नि को प्रदीप्त करता है. गैस, अपचन व कब्ज आदि की निवृत्ति करता है. पेन्क्रियाज को क्रियाशील करके मधुमेह को कम करने में भी लाभकारी है. मुद्रासन से तनाव दूर होता है.




### 2. भुजंगासन

**ऐसे करें :** हाथों को बगल में और पैरों को एक साथ रखकर सीधे खड़े हो जाएं. गर्दन सीधी, कंधे तने हुए, पेट सामान्य और ठुड्डी अंदर की ओर रखें. श्वास लें. हाथों को सिर के ऊपर उठाएं. अब कमर झुकाएं और कानों के पास हाथों को फैलाएं. सांस छोड़े, आगे की ओर झुके. पैरों को सीधा रखें. पैर की अंगुलियों और हाथों के बीच सिर को छुएं. कोहनियों को मोड़ें. टखनों को पकड़ें. सिर को घुटने की ओर खींचें. माथे को घुटने पर टिकाएं. सांस रोककर यह स्थिति बनाए रखें. उसके बाद श्वास लें, टखनों को छोड़ें, धड़ व हाथों को सिर के ऊपर उठाएं और सामान्य स्थिति में आएं.

**फायदा :** एकाग्रता बढ़ती है. सतर्कता और फोकस बढ़ाता है. सिटिंग बढ़ती है. पीठ और हैमस्ट्रिंग में तनाव को कम कर, लंबे समय तक बैठने से होने वाली शारीरिक परेशानी को कम करता है.

---



दादी मां के नुस्खे

## अंगूर के औषधीय गुण



अंगूर फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ई, मैग्नीशियम, साइट्रिक एसिड जैसे पोषक तत्वों का भंडार है. अंगूर के ताजे फल खून को पतला करने, छाती के रोगों में लाभ पहुंचाने वाले और बहुत जल्दी पचने वाले गुणों से युक्त होते हैं. यह खून को साफ़ करते हैं और शरीर में खून बढ़ाने में मदद करते हैं. अंगूर के फूल कफनिसारक, आर्तववर्धक तथा रक्तवर्धक होते हैं. अंगूर के बीज शीतल, स्वेदल तथा कषाय होते हैं. अंगूर के पत्ते अतिसारनाशक तथा स्तम्भक होते हैं. यह प्यास, बुखार, खांसी वातरक्त, पीलिया आदि रोगों में उपयोगी है. कच्चा अंगूर गुणों में भारी तथा कफपित्तशामक होता है. काली दाख या गोल मुनक्का- वीर्यवर्धक, भारी और कफपित्तशामक है.

---

# हंसता-बढ़ता रहे लाडला

*जन्म के शुरुआती कुछ महीने में बच्चे के विकास और स्वास्थ्य के लिए जिस तरह मां का दूध जरूरी होता है, वैसे ही आगे के कुछ सालों में अन्य कुछ चीजें भी अहम होती हैं. बच्चे के मानसिक व शारीरिक वृद्धि के लिए आहार में पोषक तत्त्व जैसे विटामिन ए, विटामिन बी 12, विटामिन के, विटामिन डी आदि की अहमियत है. आइए जानें कि इनकी कमी से क्या हो सकती हैं समस्याएं और कैसे हो निवारण-*



**डॉ अनिताभ कुमार**
एमडी (पीडिएट्रिक्स)

एक से तीन साल तक की उम्र बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. उम्र का यह वही दौर होता है जब अधिकांश बच्चे मां का दूध छोड़कर बाहरी आहार लेना शुरू कर देते हैं. एक साल के होने पर बच्चों की भूख कम हो जाती है, क्योंकि इस समय उनकी शारीरिक विकास की गति धीमी होती है. लेकिन मानसिक विकास तेजी से होता है. हालांकि कई माता-पिता इस समय परेशान रहते हैं कि बच्चा ठीक से नहीं खा रहा. इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान दें -



### विटामिन डी

बच्चों के रक्त में अगर विटामिन डी का स्तर 20 नैनोग्राम प्रति मिली लीटर यानी 50 नैनोमोल प्रति लीटर से कम हो जाता है तो इसे विटामिन डी की कमी कहा जाता है. इसकी वजह से बच्चों की हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और कई अन्य बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है. बच्चे का सिर बहुत कोमल हो जाता है और उसका वजन नहीं बढ़ता. शरीर का विकास रुक जाता है. हड्डियों के घनत्व में कमी आ जाती है. शरीर में दर्द की शिकायत होती है. उंगलियां टेढ़ी हो सकती है. बच्चों के चलने-फिरने और बैठने में दिक्कत होती है. एनीमिया व बार-बार निमोनिया की शिकायत हो सकती है. बच्चों के शरीर में विटामिन डी की कमी होना एक गंभीर स्थिति है और इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए. विटामिन डी की कमी दूर करने के लिए उसे सुबह की गुनगुनी धूप में अवश्य रखें.

### प्रोबायोटिक्स की कमी

कई बार कुछ प्रकार के इंफेक्शन और एंटी बायोटिक्स से पेट में अच्छे बैक्टीरिया की मात्रा कम और बुरे बैक्टीरिया की अधिक हो जाती है. इसलिए प्रोबायोटिक्स बच्चे के पेट में मौजूद बैक्टीरिया की मात्रा बैलेंस करता है. इसके अलावा प्रोबायोटिक्स पेट में ऐसे भोजन डाइजेस्ट कर लेते हैं जिस की मदद से अच्छे बैक्टीरिया को बनने में जगह मिल जाती है. दही इसका एक बेहतर स्रोत है.

### विटामिन बी 12

बच्चे में विटामिन बी 12 की कमी से बोलने में देरी हो सकती है. चिड़चिड़ापन बच्चों में विटामिन बी12 की कमी का लक्षण हो सकता है क्योंकि विटामिन बी12 नर्वस सिस्टम को स्वस्थ रखने और फंक्शन को बनाए लिए बहुत आवश्यक होता है. यह सेरोटोनिन और नॉरपेनेफ्रिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन में बहुत अहम भूमिका निभाता है, जो मूड और व्यवहार को नियंत्रित करते हैं. जब शरीर में विटामिन बी12 की कमी होती है, तो यह न्यूरोलॉजिकल प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकता है और बच्चों में चिड़चिड़ापन, मूड में बदलाव और अन्य व्यवहारिक परिवर्तनों का कारण बन सकता है.
बच्चे की दैनिक आहार में विटामिन बी12 से भरपूर आहार जैसे चिकन, मीट, मछली, पोल्ट्री, अंडे और डेयरी उत्पाद बढ़ाएं. शाकाहारी लोग अपने बच्चे के आहार में फोर्टिफाइड अनाज, न्यूट्रिशनल यीस्ट और फोर्टिफाइड प्लांट-बेस्ड दूध से बने उत्पादों जैसे सोय और बादाम मिल्क, तोफू आदि का विकल्प चुन सकते हैं. कुछ फल भी विटामिन बी12 से भरपूर होते हैं. गंभीर स्थिति में डॉक्टर की सलाह से बच्चे को विटामिन बी12 के सप्लीमेंट्स भी दे सकते हैं.

### विटामिन के

विटामिन-के हड्डियों और दिल को स्वस्थ रखता है. इसकी कमी होने पर बच्चे को गर चोट लगी तो रक्तस्राव नहीं रुकता. दरअसल, यह रक्त का थक्का जमाने के लिए अति आवश्यक होता है, जिससे खून का बहाव रुक जाता है. अगर रक्त का थक्का न बने तो चोट लगने पर, अधिक रक्तस्राव के कारण व्यक्ति की मौत भी हो सकती है. इसकी कमी से जोड़ों में दर्द की शिकायत होती है. दांतों व मसूड़ों से जब तब खून निकलने की शिकायत भी हो सकती है. मल त्याग के समय भी खून निकल सकता है. यह विटामिन शरीर को अनेक रोगों से लड़ने में भी मदद करता है. हरी पत्तेदार सब्जियां, सरसों का साग, पालक, गेहूं, जौ, मूली, चुकंदर, लाल मिर्च, केला, अंकुरित अनाज, रसदार फल आदि में विटामिन के होता है.

### विटामिन ए

विटामिन ए के सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. यह रतौंधी, त्वचा संबंधी समस्याओं और विकास में देरी को रोकता है. इसकी कमी से अंधापन, एनीमिया, पेशाब नली में संक्रमण, श्वसन प्रणाली में संक्रमण आदि की शिकायत हो सकती है. कई बार लिवर की बीमारी होने पर शरीर में विटामिन-ए की कमी हो जाती है. टीबी, कैंसर, निमोनिया, किडनी संक्रमण, यूरिन इंफेक्शन आदि वजह से भी विटामिन ए की कमी हो सकती है. सलाह दी जाती है कि बच्चों को गाजर, संतरा, कद्दू, ब्रोकली, दूध और पनीर खिलाएं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**प्रीमियर लीग**

22 मैच में 46 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है आर्सेनल

48 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है लीवरपूल

## नॉर्टिंघम फॉरेस्ट को हरा अंत तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा आर्सेनल

भाषा ।लंदन

प्रीमियर लीग में नॉटिंघम फॉरेस्ट को यहां 2-1 से हराकर आर्सेनल प्रीमियर लीग के अंक तालिका पर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है साथ ही आर्सनेल ने शीर्ष पर चल रहे लीवरपूल पर दबाव बढ़ा दिया है. आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल जीसस (65वें मिनट) और बुकायो साका (72वें मिनट) ने गोल दागे. नॉटिंघम फॉरेस्ट की ओर से एकमात्र गोल ताइवो अवोनियी ने 89वें मिनट में किया. इस जीत से आर्सेनल की टीम 22 मैच में 46 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है.

फॉरेस्ट की टीम इतने ही मैच में 20 अंक के साथ 16वें स्थान पर है. लीवरपूल 48 अंक के साथ शीर्ष पर है. उसने आर्सेनल से एक मैच कम खेला है.



## एदेबायो का कमाल लुटोन टाउन जीता



03 गोल एलिजा एदेबायो ने दागे

लुटोन टाउन ने एलिजा एदेबायो के तीन गोल की मदद से ब्राइटन को 4-0 से हराया. टीम इस जीत से फिलहाल रेलीगेशन (निचली लीग में खिसकना) के खतरे से बाहर आ गई है. एदेबायो ने पहला गोल मैच के 18वे सेकेंड में दागा. उनका यह गोल हालांकि बामुश्किल रात का सबसे तेज गोल रहा क्योंकि क्रिस्टल पैलेस और शेफील्ड यूनाईटेड के बीच खेले गए मैच में बेन ब्रेरेटन डियाज ने मैच के 21वें सेकेंड गोल दागा, लेकिन इसके बावजूद शेफील्ड यूनाईटेड को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 3-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी. एस्टन विला को न्यूकासल के खिलाफ 3-1 से हार का सामना करना पड़ा.

## ब्रीफ खबरें

### खुशी खानिजाउ ने गोल्फ टूर में बढ़त बनाई

**कोलकाता ।** खुशी खानिजाऊ ने बुधवार को यहां अंतिम होल में बर्डी के साथ महिला पेशेवर गोल्फ टूर के तीसरे चरण में पहले दौर के बाद एकल बढ़त बना ली. खुशी ने आठवें, 10वें और 18वें होल में तीन बर्डी की लेकिन पांचवें और 12वें होल में दो बोगी भी कर गई जिससे पहले दौर के बाद उनका स्कोर एक अंडर 69 रहा. वह पहले दौर में अंडर पार का स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं. अनुभवी अमनदीप द्राल 16 होल के बाद चार अंडर के स्कोर से सबसे आगे चल रही थी लेकिन इसके बाद 17वें होल में उन्होंने ट्रिपल बोगी की और 18वें होल में भी बोगी कर गई.

### चेक बाउंस मामले में पूर्व क्रिकेटर गिरफ्तार

**नागपुर ।** चेक बाउंस मामले में नागपुर पुलिस ने पूर्व क्रिकेटर प्रशांत वैद्य को बुधवार को गिरफ्तार किया. पुलिस ने यह कार्रवाई उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट पर की. पुलिस अधिकारी ने बताया भारतीय टीम के लिए 90 के दशक में एक वनडे मैच खेलने वाले वैद्य को अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया. बजाज नगर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक विट्ठलसिंह राजपूत ने कहा कि उन्होंने कथित तौर पर एक स्थानीय व्यापारी से स्टील खरीदा था और एक चेक जारी किया था जो बाउंस हो गया था.

### दूसरे टेस्ट में लीच का खेलना संदिग्ध

**विशाखापत्तनम ।** इंग्लैंड के सबसे अनुभवी स्पिनर जैक लीच हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट के दौरान घुटने में लगी चोट से पूरी तरह से उबरने में विफल रहे हैं जिससे पांच मैचों की श्रृंखला में शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में उनका खेलना संदिग्ध है. लीच ने बुधवार को टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया. उन्हें मैदान के बाहर फिजियो से इलाज कराते देखा गया. टीम के उनके साथी खिलाड़ी जैक क्राउली ने कहा कि वह काफी मजबूत इंसान है. आप उसके बारे में कुछ अंदाजा नहीं लगा सकते है. आप वास्तव में उसे कभी नजरअंदाज नहीं कर सकते.

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर बुमराह

# आर. अश्विन शीर्ष पर बरकरार

भाषा ।दुबई

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की ओर से जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं. इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में भारत की 28 रन की हार के दौरान अश्विन ने मैच में छह विकेट झटके थे. उनके नाम 853 रेटिंग अंक हैं. तेज गेंदबाज बुमराह ने भी इस मैच में छह विकेट चटकाये थे जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गये. गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं. टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं. हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गये है. वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों (जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन) को कड़ी टक्कर दे सकते हैं. अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाये थे. उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था. अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गये हैं.



**853** रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर हैं आर. अश्विन

- ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जडेजा

### बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में अकेले भारतीय हैं कोहली

दिग्गज भारतीय विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं. भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान की सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गये हैं. पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं. भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गये. ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गये है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे. केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए.



**बल्लेबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | केन विलियमसन (न्यूजीलैंड) | 8642 |
| 2 | जो रूट (इंग्लैंड) | 8323 |
| 3 | स्टीवन स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया) | 8184 |
| 4 | डेरिल मिचेल (न्यूजीलैंड) | 7865 |
| 5 | बाबर आजम (पाकिस्तान) | 768 |

**गेंदबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | रविचंद्रन अश्विन (भारत) | 8532 |
| 2 | कागिसो रबाडा (द. अफ्रीका) | 8513 |
| 3 | पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया) | 8284 |
| 4 | जसप्रीत बुमराह (भारत) | 8255 |
| 5 | जोश हेजलवुड (ऑस्ट्रेलिया) | 818 |

**ऑलराउंडर रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | रवींद्र जड़ेजा (भारत) | 4342 |
| 2 | रविचंद्रन अश्विन (भारत) | 3413 |
| 3 | शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) | 3204 |
| 4 | बेन स्टोक्स (इंगलैंड) | 3075 |
| 5 | जो रूट (इंगलैंड) | 286 |

## पद्मश्री से नवाजे गए पैरा तैराक लोहिया ने कहा-

# कभी लोग मुझे हमदर्दी की नजर से देखते थे



**2018** में तैर कर किया था इंग्लिश चैनल पार

- सतेंद्र सिंह लोहिया ने गांव की नदी में सीखा था तैरना

भाषा ।इंदौर (मध्यप्रदेश)

पद्मश्री से नवाजे गए अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक सतेंद्र सिंह लोहिया को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए शारीरिक, मानसिक और सामाजिक चुनौतियों के महासागरों को पार करना पड़ा है. राज्य के मुरैना जिले के गाता गांव से ताल्लुक रखने वाले लोहिया (35) ने बुधवार को कहा कि पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुना जाना बहुत बड़ी बात है जिसे मैं महसूस तो कर सकता हूं, पर शब्दों में बयान नहीं कर सकता. उन्होंने कहा कि शुरुआत में लोग मुझे हमदर्दी की नजर से देखते थे. वे कहते थे कि पैरों में समस्या के कारण मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है, लेकिन मैंने सोचा कि मुझे लोगों की सहानुभूति का नहीं, बल्कि उनके सम्मान का पात्र बनना है. इसके लिए मैंने अपने मन में शक्ति जुटाई. लोहिया के मुताबिक बचपन में चिकित्सकों की कथित लापरवाही के कारण पैरों पर दवा के दुष्प्रभाव से 12 साल की उम्र में उन्हें चलने में दिक्कत पेश आने लगी जो लगातार बढ़ती चली गई. उन्होंने बताया कि मैंने बचपन में अपने गांव की नदी में तैरना सीखा, लेकिन मुझे तैराकी के तकनीकी गुर पता नहीं थे. मैंने ग्वालियर में महाविद्यालय की पढ़ाई के दौरान ये गुर सीखे और पेशेवर तौर पर इस खेल में आगे बढ़ने के बारे में सोचा. लोहिया ने बताया कि उन्होंने 2017 में इंग्लिश चैनल तैर कर पार करने की कोशिश की, लेकिन अत्यधिक ठंड के कारण उन्हें इसमें कामयाबी नहीं मिली. उन्होंने कहा कि लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी। मैंने भारतीय रिले दल के साथ 2018 में इंग्लिश चैनल पार किया और इसके साथ ही हमने नया एशियाई कीर्तिमान भी बनाया. कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पदक जीत चुके लोहिया तैराकी की बैकस्ट्रोक शैली में महारत रखते हैं.

## बैडमिंटन : थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे श्रीकांत

भाषा ।बैंकॉक

**खास बातें**

- श्रीकांत ने चीनी ताइपे के वैंग जू को सीधे गेम में हराया
- एकतरफा मुकाबले में 22-20, 21-19 से जीते श्रीकांत

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई. दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया. श्रीकांत दूसरे दौर में हमवतन मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे, जिन्होंने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17 21-8 से हराया. एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14 21-17 से हराया. समीर वर्मा हालांकि पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 14-21 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए.

### तीसरी बार एसीसी अध्यक्ष बने जय शाह

**नयी दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया. शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नामांकन का समर्थन किया. शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे. उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी. शाह के नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी20 प्रारूप और 2023 में वनडे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया.

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा- हैदराबाद टेस्ट के दौरान पूरी तरह खोए रहे रोहित

# कोहली कप्तान होता तो भारत नहीं हारता : वॉन

भाषा । लंदन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि अगर विराट कोहली भारत के कप्तान होते तो मेजबान टीम को इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में पहले टेस्ट में हार का सामना नहीं करना पड़ता. उनका मानना है कि रोहित शर्मा मैच के दौरान पूरी तरह से 'खोए' रहे. पहली पारी में 190 रन की मजबूत बढ़त बनाने के बावजूद कोहली के बिना खेल रहे भारत को स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली. यह हैदराबाद में भारत की पहली टेस्ट हार थी. कोहली निजी कारणों से शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए जबकि विशाखापत्तनम में होने वाले दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे. वॉन ने यूट्यूब चैनल 'क्लब प्रेयरी फायर' पर कहा कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली की कप्तानी की काफी कमी खली. उस हफ्ते विराट की कप्तानी में भारत मैच नहीं हारता. वॉन ने मैच के दौरान रोहित के नेतृत्व की आलोचना की.



**खास बातें**

- हैदराबाद में 28 रनों से हारी थी भारतीय टीम
- वॉन ने कहा : टेस्ट में कोहली की कप्तानी की कमी खली

उन्होंने कहा कि रोहित एक दिग्गज और महान खिलाड़ी हैं लेकिन मुझे लगा कि वह पूरी तरह खोया हुआ था. वॉन ने पिछले सप्ताह श्रृंखला के शुरूआती मैच के दौरान सक्रिय नहीं रहने के लिए भी रोहित की आलोचना की थी. उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि रोहित शर्मा की कप्तानी बहुत ही औसत थी. मुझे नहीं लगता कि उसने क्षेत्ररक्षण में चतुराई भरे बदलाव किए या गेंदबाजी में बदलाव को लेकर सक्रिय था. वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा था कि और उनके पास ओली पोप के स्वीप या रिवर्स स्वीप का कोई जवाब नहीं था. कोहली ने 2022 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद कप्तानी छोड़ दी थी. उनकी कप्तानी में टीम आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी.

**टेस्ट क्रिकेट**

## इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच को लेकर असमंजस में भारतीय बल्लेबाजी कोच

# सरफराज व पाटीदार में से एक को चुनना मुश्किल: राठौड़

भाषा ।विशाखापत्तनम

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना 'मुश्किल' विकल्प होगा. भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी. हैदराबाद में खेले गये पहले मैच मिली हार के साथ हरफनमौला रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गयी है. अनुभवी विराट कोहली पहले ही श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है. इन परिस्थितियों में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा.



रजत पाटीदार पहले से ही टीम का हिस्सा है. सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है. राठौड़ ने कहा कि यह एक कठिन विकल्प होगा. वे टीम को मजबूती प्रदान करने वाले खिलाड़ी है. वे शानदार खिलाड़ी हैं. हमने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने घरेलू क्रिकेट में कितना अच्छा प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इस तरह के विकेटों पर वे वास्तव में टीम को मजबूती प्रदान करेंगे.

- दूसरे टेस्ट से बाहर रहेंगे केएल राहुल और रविंद्र जडेजा
- कोच द्रविड़ व कप्तान राहुल द्वारा लिया जाएगा अंतिम फैसला

### गिल व अय्यर के साथ धैर्य रखने की जरूरत

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन के बीच उनके साथ धैर्य रखना होगा. उन्होंने अपने खिलाड़ियों को सलाह दी कि वे यहां दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड की आक्रामकता से समझदारी से निपटें. भारत को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पहली पारी में 190 रन की बढ़त लेने के बावजूद 28 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा था. इंग्लैंड ने बेहद आक्रामक होकर खेलने के अपने 'बैजबॉल' रवैये से भारत को पछाड़ा था जिसमें ओली पोप ने 196 रन की पारी खेली थी. राठौड़ ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमारी टीम में ऐसे युवा बल्लेबाज हैं जिन्होंने काफी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है. इसलिए हमें उनके साथ थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है. (शुभमन) गिल, (यशस्वी) जायसवाल और (श्रेयस) अय्यर अंतत: बड़ी पारियां खेलेंगे, मुझे इसका यकीन है. जायसवाल ने हैदराबाद में अपने पांचवें टेस्ट की पहली पारी में 80 रन बनाए लेकिन गिल और अय्यर नाकाम रहे.

### हमारे अंदर 'बैजबॉल' नैसर्गिक है : जैक क्राउली

**विशाखापत्तनम ।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली ने बुधवार को कहा कि अति आक्रामक होकर खेलने के 'बैजबॉल' रवैये को अपनाने के बाद से उनके अधिकतर साथी बेहतर खिलाड़ी बन गए हैं क्योंकि यह समय लेकर खेलने की पारंपरिक रणनीति की तुलना में उनके प्राकृतिक खेल के कहीं अधिक अनुकूल है. इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहले टेस्ट में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद भारत को 28 रन से हराया जो लड़ने के टीम के जज्बे को दिखाता है और इससे टीम प्रबल दावेदार भारत को हराने में सफल रही. न्यूजीलैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम के मार्गदर्शन में 'बैजबॉल' रणनीति अपनाने के बाद से इंग्लैंड ने अब तक कोई टेस्ट मैच नहीं गंवाया है.

## सरवनन ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

- लगातार दो ओलंपिक क्वालीफाई करने वाले पहल भारतीय सेलर बने
- सरवनन मे विश्व चैंपियनशिप के जारिए जगह बनाई

भाषा ।एडीलेड

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय सेलर (पाल नौकायन खिलाड़ी) बने जब उन्होंने बुधवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के जरिए पेरिस खेलों में जगह बनाई. मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार 24 साल के सरवनन ने यहां आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया. वह पेरिस 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी हैं.

सरवनन एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे. उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा. सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा. मानक नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा. विष्णु 2019 अंडर-21 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता हैं.

## ब्रीफ खबरें

### राबड़ी आवास पहुंची ईडी टीम, हलचल तेज

**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के दस सर्कुलर रोड स्थित आवास पर बुधवार की शाम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पहुंची. तीन सदस्यीय अधिकारियों की टीम ने पिछले दिनों राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ हुई पूछताछ से जुड़े कागजातों की प्रति रिसीव करायी. साथ ही, राबड़ी देवी व उनकी पुत्रियों सांसद मीसा भारती एवं हेमा यादव को 9 जनवरी को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय में आने के लिए समन भी रिसीव कराया. ज्ञात हो कि ईडी की टीम वहां करीब दस मिनट तक रही.

### पटना सिटी में धारा 144 लागू, प्रशासन अलर्ट

**पटना।** रेलवे में नौकरी के अवसर यानी वैकेंसी बढ़ाने को लेकर पटना में जारी हंगामा के बीच जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण फैसला लिया. अंदर ही अंदर प्रदर्शन की आग सुलग रही है. इसे देखते हुए पटना सिटी और पटना सदर अनुमंडल में धारा 144 लागू कर दिया है. प्रशासन के आदेश पर इन इलाकों में धरना प्रदर्शन ,रोड जाम, भड़काउ भाषण जैसे कार्यों पर रोक लगा दी गई है. एसडीओ ने धारा 144 के तहत एक जगह पर पांच से अधिक की संख्या में इकट्ठा नहीं होने, किसी तरह का कोई हथियार लेकर नहीं चलने का आदेश दिया है. यह आदेश आगामी 5 फरवरी तक लागू रहेगा.

### दरोगा के हत्यारों को हुई आजीवन कारावास की सजा

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी में कोर्ट ने दरोगा के हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. मेजरगंज थाना के कुआरी मदन गांव में 24 फरवरी 2021 को बदमाशों की गोली से दारोगा दिनेश राम की मौत हो गयी थी. जिस मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राहुल उपाध्याय ने दोनों हत्यारोपी मुकुल सिंह और अभिषेक सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. कोर्ट की सजा से शहीद दारोगा के परिजनों ने न्यायालय को धन्यवाद दिया है. जेल के अलावे हत्यारोपियों पर 1-1 लाख का जुर्माना भी कोर्ट की ओर से लगाया है.

आनेवाला कल युवाओं पर ही निर्भर है, युवा देश का वर्तमान भी बना रहे हैं और भविष्य भी बनायेंगे

# युवाओं के परिश्रम व ऊर्जा से विकसित बनेगा भारत : राज्यपाल

**विशेष संवाददाता।पटना**



युवाओं के परिश्रम, ऊर्जा और प्रतिभा से ही वर्ष 2047 तक भारत विकसित बनेगा. आनेवाला कल हमारे युवाओं पर ही निर्भर है. वे देश का वर्तमान भी बना रहे हैं और भविष्य भी बनायेंगे. राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रवीन्द्र भवन में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव के उद्घाटन के अवसर पर उक्त बातें कहीं. उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनने के लिए इसे आत्मनिर्भर बनना होगा. इसके लिए हमारी अर्थव्यवस्था व मुद्रा मजबूत होनी चाहिए. यह प्रसन्नता की बात है कि अनेक देशों के साथ हमारे देश का व्यापार यहां की मुद्रा 'रुपया' में हो रहा है और हमारी मुद्रा मजबूत हो रही है. आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अत्यंत आवश्यक है. भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 अत्यन्त उपयोगी है. इसे अपनाकर हम गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल सकेंगे. यह नीति युवाओं को रोजगार प्रदाता बनाने में भी सहायक है. राज्यपाल ने 'हमारा संकल्प विकसित भारत' से संबंधित फोटो प्रदर्शनी-सह- जागरूकता कार्यक्रम का भी उद्घाटन किया. कार्यक्रम को केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अपर महानिदेशक एसके. मालवीय व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. हिना रानी ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र संगठन, बिहार के राज्य निदेशक अंशुमान प्रसाद दास व विभिन्न पदाधिकारीगण, राज्य स्तरीय युवा उत्सव के प्रतिभागीगण व अन्य लोग उपस्थित थे.

**खास बातें**

- आज विदेशी व्यापारों में रुपये का प्रयोग हो रहा है
- आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी का उपयोग जरूरी

राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने गिनाई उपलब्धियां

# 17 माह में तेजस्वी यादव ने लाखों नौकरियां दी : राजद

**विशेष संवाददाता ।पटना**



राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा ने कहा कि जो काम 17 वर्षों में एनडीए की सरकार नहीं कर पाई, उसे 17 महीनों में तेजस्वी यादव ने अपने कार्यों और संकल्पों से पूरा कर दिखाया है. श्री झा ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नीतीश जी! राजनीतिक लड़ाई लड़िए नौकरी और रोजगार को बाधित न कीजिये. बिहार में बदल रहे घटनाक्रम से सभी लोग वाकिफ हैं. किस तरह रोजगार और नौकरी देने वाले सरकार को समाप्त करने के दिशा में साजिश की गई. किस दबाव, डर, खौफ और प्रभाव से आप (नीतीश कुमार) निकल गये ये सब जानते हैं. महागठबंधन सरकार खास कर तत्काल डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की उप्लब्धयों की विस्तार से चर्चा करते हुए श्री झा ने कहा कि बिहार में 9 अगस्त 2022 को महागठबंधन की सरकार बनने से पहले तेजस्वी जी की शर्त थी कि बिहार में नौकरी और रोजगार का जो संकल्प है और राष्ट्रीय जनता दल की घोषणा पत्र में जो बातें हैं, उसे हमें पूरा करना है और उस दिशा में सरकार पहल करेगी. उसी का परिणाम है कि बिहार की चर्चा इस बात पर हो रही है कि तेजस्वी जी संकल्प के अनुसार लाखों नौजवानों को नौकरी दी गई और जो काम 17 वर्षों में एनडीए की सरकार ने नहीं किया, उसे 17 महीने में तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने संकल्पों और कार्यों से पूरा किया. सरकारें बनती हैं युवाओं के रोजगार, आम लोगों के बेहतर चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, विकास और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान के लिए न कि मंदिर-मस्जिद और गुरुद्वारे के निर्माण के लिए.

उन्होंने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक लाख पैंतीस हजार को नौकरी देने की प्रक्रिया तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने स्तर से पूरी कर ली थी, जिसे दो महीने के अंदर में पूरा किया जाये. इन्होंने एक लाख और शिक्षकों की नियुक्ति को 30 से 40 दिनों के अंदर पूरा करने के साथ-साथ गृह विभाग, सहकारिता विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सहित अन्य विभागों के लिए जो रिक्तियां चिह्नित की गई थी, उन सभी को ससमय पूरा किया जाय. आशा और ममता के मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव दो कैबिनेट की बैठक में रोक दिया गया.

बिना किसी को बताए सुबह-सुबह पुलिस मुख्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री

# क्राइम कंट्रोल को लेकर सीएम नीतीश एक्शन में

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र/पटना**

नवगठित एनडीए सरकार की प्रथम प्राथमिकता राज्य में बढ़ते अपराध को नियंत्रित करना है. क्राइम कंट्रोल को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक्शन में आ गये हैं. अपने एक्शन को अंजाम देने के लिए नीचे से ऊपर तक के अधिकारियों के ताबड़तोड़ तबादले किये जा रहे हैं. और तो और मुख्यमंत्री बिना बताए बुधवार को सुबह जा पहुंचे पुलिस मुख्यालय. आनन-फानन में अधिकारियों की फौज हांफते पहुंची. हर हालत में विधि व्यवस्था को बनाये रखने के मद्देनजर राज्य सरकार ने 73 पुलिस अधिकारों को इधर से उधर कर दिया है. इसके साथ ही नव प्रोन्नत 163 पुलिस इंस्पेक्टरों को डीएसपी का प्रभार सौंपा गया है. इसी प्रकार भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2 सहित बिहार प्रशासनिक सेवा के 196 अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है. कई जिलाधिकारी सहित 23 आईएएस अफसर पहले ही बदले जा चुके हैं. इससे पूर्व जारी अधिसूचना में आईपीएस स्तर के 79, और बिहार प्रशासनिक सेवा के 45, व राज्य राजस्व सेवा के 478 अधिकारियों पर तबादले की गाज गिर चुकी है.



**फालतू की बात कह रहे हैं राहुल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 'राहुल गांधी फालतू की बात कर रहे हैं.' उनकी बातों में दम नहीं हैं जातीय गणना हमने अपने दम पर करवाई ...वो क्रेडिट लेना चाहते हैं.

**समय पर होगा कैबिनेट विस्तार :** 'कैबिनेट विस्तार' के बारे पूछे प्रश्न पर उन्होंने कहा कि - 'तय समय पर कैबिनेट विस्तार होगा. सरकार 10 तारीख को बहुमत साबित करेगी.'

**खास बातें**

- 200 अधिक पुलिस अधिकारियों का तबादला
- हमने बिहार के लिए बहुत काम किया है

### राजद राज में शाम में कोई नहीं निकलता था

बाद में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जब इनका (आरजेडी) राज था तो क्या होता था? शाम के बाद कोई बाहर निकलता था? जब हम 2005 से आए तब से काम शुरु हुआ, हमें पता है कि कुछ लोग अपना प्रचार करते हैं लेकिन यह भी याद करें कि हमने कितना काम किया है.

### नालंदा में चार नेपाली युवतियों समेत 9 गिरफ्तार

**नालंदा।** पॉश इलाके में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस जब पहुंची और एक होटल में छापेमारी की तो होश उड़ गए. होटल में नेपाल से आई युवतियों और जिले के कुछ युवकों को नशे की हालत में रंगरेलियां मनाते हुए गिरफ्तार किया गया है. मंगलवार (30 जनवरी) की देर रात कार्रवाई के दौरान नशे की हालत में 4 युवतियां समेत कुल 9 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

बिहार में एनडीए सरकार के निर्णय से हुआ जातीगत जनगणना

# कांग्रेस का इतिहास पिछड़ा विरोधी: सुशील

**विशेष संवाददाता।पटना**

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास पिछड़ा विरोधी रहा है और जिनके पिता राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने का विरोध संसद में खड़े होकर किया था, वे आज किस मुंह से बिहार में जातीय सर्वे कराने का श्रेय लेने की बात कह रहे हैं? राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता. मोदी ने बुधवार को यहां कहा कि राहुल गांधी बतायें कि कांग्रेस ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को दस साल तक क्यों दबाये रखा था? उनकी पार्टी ने पिछड़ा समाज के सीताराम केसरी को बुरी तरह अपमानित कर अध्यक्ष-पद से हटाया था. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को भारत-रत्न कर्पूरी ठाकुर की भूमि बिहार में अपनी यात्रा के दौरान कोई अनर्गल दावा करने की बजाय कांग्रेस के राजनीतिक अपराधों के लिए पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज से माफी मांगनी चाहिए.



### भाजपा ने जातीय सर्वे का हमेशा समर्थन किया

मोदी ने कहा कि बिहार में जातीय सर्वे कराने का निर्णय एनडीए सरकार का था और भाजपा ने हर स्तर पर इसका समर्थन किया, जबकि राजद और कांग्रेस के लोग इसका श्रेय हड़प लेना चाहते हैं. राहुल गांधी बतायें कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने 2015 में जो जातीय सर्वे कराया था, उसकी रिपोर्ट 8 साल से सार्वजनिक क्यों नहीं हो पाई? हीमाचल प्रदेश में एक साल से कांग्रेस की सरकार है, वहां जातीय सर्वेक्षण कराने का निर्णय क्यों नहीं हुआ?

## कारोबार

### नोवा एग्रीटेक 37 फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली।** नोवा एग्रीटेक लिमिटेड के शेयर निर्गम मूल्य 41 रुपये से करीब 37 % के उछाल के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए. बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 36.58 % चढ़कर 56 रुपये पर सूचीबद्ध हुए. बाद में यह 43.39 % की बढ़त के साथ 58.79 रुपये पर पहुंच गए. एनएसई पर शेयर ने 34.14 %की बढ़त के साथ 55 रुपये पर शुरुआत की. नोवा एग्रीटेक के आईपीओ को पेशकश के अंतिम दिन गत बृहस्पतिवार को 109.36 गुना अभिदान मिला था. कृषि उत्पाद विनिर्माता कंपनी के 143.81 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 39-41 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था.

### कच्चे तेल की कीमत में 0.45% की गिरावट

**नयी दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,449 रुपये प्रति बैरल रह गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 29 रुपये या 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,449 रुपये प्रति बैरल रह गया. इसमें 8.424 लॉट के लिए कारोबार हुआ. वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.61 डॉलर प्रति बैरल रह गया.

### पार्क होटल्स ने 147-155 रु. आईपीओ किया तय

**कोलकाता।** एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 147-155 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है. एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स के अनुसार, कंपनी की योजना आईपीओ के जरिए 920 करोड़ रुपये जुटाने की है. इसमें 600 करोड़ रुपये ताजा शेयर और 320 करोड़ रुपये बिक्री पेशकश के माध्यम से जुटाने का लक्ष्य है. आईपीओ पांच से सात फरवरी तक खुलेगा. एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स की स्थापना 1987 में की गई थी.

एचडीएफसी बैंक व रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा

# बीएसई सेंसेक्स 0.86 % तेजी के साथ 71,752.11 पर बंद

**भाषा।मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया. मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा. निवेशकों की नजर अब गुरुवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी. इससे बाजार को दिशा मिलेगी. शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था. पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं. दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया. दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया. इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही. एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट तथा हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा. अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को गिरावट का रुख था. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी. हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है. फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले वैश्विक बाजारों में रुख मिला-जुला रहा. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82.12 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,970.52 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे. सेंसेक्स मंगलवार को 801.67 अंक और निफ्टी 215.60 अंक टूटा था.



**खास बातें**

- शंघाई कम्पोजिट तथा हैंगसेंग नुकसान में
- युरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट का रुख

### चीन में लगातार चौथे महीने विनिर्माण गतिविधियों में गिरावट

**सिंगापुर।** चीन में विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में लगातार चौथे महीने गिरावट आई है. यह कमजोर मांग और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में सुस्त पुनरुद्धार का संकेत है. आधिकारिक खरीद प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.2 रहा, जो दिसंबर 2023 में 49.0 पर था. खरीद प्रबंधक सूचकांक में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है. आईएनजी इकनॉमिक्स के लिन सॉन्ग ने एक रिपोर्ट में कहा कि कुल मिलाकर पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि चीन की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत नरम बनी हुई है. वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था पिछले साल 5.2 प्रतिशत की वार्षिक गति से बढ़ी.

# मजबूत हाजिर मांग से सोना वायदा कीमतों में आई तेजी

**भाषा।नयी दिल्ली**

मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली किये जाने से वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 53 रुपये की तेजी के साथ 62,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में फरवरी माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 53 रुपये यानी 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. इसमें 14,667 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,055.30 डॉलर प्रति औंस हो गया.

### चांदी वायदा कीमतों में गिरावट

कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से बुधवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 17 रुपये की गिरावट के साथ 72,325 रुपये प्रति किग्रा रह गया. मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के मार्च महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 17 रुपये यानी 0 .02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,325 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया. इसमें 23,283 लॉट का कारोबार हुआ. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी की कीमत 0 .09 प्रतिशत की तेजी के साथ 23 .25 डॉलर प्रति औंस हो गयी.

# पूंजीगत व्यय पर ध्यान देना जरूरी : राजीव


**भाषा।नयी दिल्ली**

नीति आयोग के पूर्व चेयरमैन राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि सरकार को आगामी अंतरिम बजट में पूंजीगत व्यय पर अपना ध्यान जारी रखने की जरूरत है, क्योंकि निजी निवेश 'अब भी कमजोर' है. उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे की कमी को पाटने की जरूरत है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है. कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में पूंजीगत व्यय में वृद्धि से बुनियादी ढांचे की बेहतर गुणवत्ता के परिणाम सामने आ रहे हैं और भारतीय उद्योग को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए इसकी बेहद आवश्यकता थी. उन्होंने कहा कि बढ़ते अप्रत्यक्ष कर राजस्व और बढ़ते प्रत्यक्ष कर आधार से वित्त मंत्री राजकोषीय समेकन लक्ष्य भी हासिल कर लेंगी. कुमार ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि पूंजीगत व्यय पर जोर जारी रहेगा क्योंकि निजी निवेश अब भी थोड़ा कमजोर बना हुआ है. हमें बुनियादी ढांचे की कमी को भी दूर करने की जरूरत है.

**कंपनी लाभांश** अप्रैल-दिसंबर अवधि में सर्वाधिक शुद्ध बिक्री और शुद्ध मुनाफा दर्ज किया

# मारुति का शुद्ध लाभ बढ़कर 3,207 करोड़ पर पहुंचा

**भाषा।नयी दिल्ली**



देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.27 प्रतिशत बढ़कर 3,207 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में मुनाफा 2,406 करोड़ रुपये था. मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 15 प्रतिशत बढ़कर 33,513 करोड़ रुपये हो गई जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 29,251 करोड़ रुपये थी. देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि में आठ प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल 5,01,207 वाहन बेचे, जबकि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में उसने 4,65,911 वाहन बेचे थे. एमएसआई के अनुसार, छोटी कार खंड में गिरावट जारी रहने के बावजूद कंपनी ने घरेलू बाजार में 4,29,422 इकाइयों की बिक्री दर्ज की. 2022 की समान अवधि में उसने घरेलू बाजार में 4,03,929 वाहन बेचे थे. कंपनी ने तीसरी तिमाही में 71,785 कारों का निर्यात किया, जो किसी भी तिमाही में अबतक का सर्वाधिक आंकड़ा है. एमएसआई ने पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 61,982 इकाइयों का निर्यात किया था. कंपनी ने अप्रैल-दिसंबर अवधि में सर्वाधिक शुद्ध बिक्री और शुद्ध मुनाफा दर्ज किया. कंपनी ने इस दौरान कुल 15,51,292 इकाइयां बेचीं, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है. घरेलू बाजार में बिक्री 13,46,965 इकाई और निर्यात 2,04,327 इकाई रहा. एमएसआई का चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 9,536 करोड़ रुपये रहा. वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में यह 5,576 करोड़ रुपये था. अप्रैल-दिसंबर 2023-24 में परिचालन आय बढ़कर 1,03,387 करोड़ रुपये हो गई. अप्रैल-दिसंबर 2022-23 में यह 86,196 करोड़ रुपये थी.

**खास बातें**

- बिक्री 13,46,965 व निर्यात 2,04,327 इकाई रहा
- समान अवधि की तुलना में सात प्रतिशत अधिक मुनाफा

# 2023 में भारत की सोने की मांग तीन % घटकर 747.5 टन पर

**भाषा।मुंबई**

भारत में सोने की मांग 2023 में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 747.5 टन रही है. एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की 'सोने की मांग का रुझान' रिपोर्ट-2023 के अनुसार, 2022 में देश की कुल सोने की मांग 774.1 टन थी, जो 2023 में 747.5 टन पर आ गई. डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) सोमसुंदरम पी.आर. ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि भारत की 2023 में सोने की मांग तीन प्रतिशत घटकर 747.5 टन रह गई. सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इसकी मांग प्रभावित हुई है. अक्टूबर में नवरात्रि के दौरान सोने की कीमतों में 'करेक्शन' की वजह से उपभोक्ताओं ने अधिक खरीदारी की. इससे नवंबर में दिवाली के समय सोने की बिक्री तेज रही. उन्होंने कहा कि हालांकि, दिसंबर में मांग में गिरावट आई क्योंकि सोने की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी का रुख शुरू हो गया है. इसके चलते 2022 की समान अवधि की तुलना में चौथी तिमाही में आभूषणों की मांग में नौ प्रतिशत की गिरावट आई. वर्ष 2023 में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा.






बुधवार को बिहार के कटिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी. इस दौरान राहुल गांधी के समर्थन में सड़क पर कांग्रेस समर्थकों की भारी भीड़ दिखी. फोटो : पीटीआई

# नारी शक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने पर काम कर रही है सरकार: मुर्मू

**भाषा। नयी दिल्ली**



लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिला आरक्षण कानून लागू होने का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है. राष्ट्रपति ने बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा एवं राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही. मुर्मू ने महिला आरक्षण कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि तीन दशक बाद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने के लिए मैं आपकी सराहना करती हूं. इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हुई है. उन्होंने कहा कि यह महिला नीत विकास के सरकार के संकल्प को मजबूत करता है और सरकार ने 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' (सुधार, कार्य प्रदर्शन और बदलाव) की अपनी प्रतिबद्धता को बनाये रखा है. राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत 4 मज़बूत स्तंभों पर खड़ी होगी.

## ब्रीफ खबरें

### बलूचिस्तान में आतंकी हमला, 15 लोग मरे

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने तीन हमले किये, जिनमें चार अधिकारी और दो नागरिक मारे गये. इस दौरान गोलीबारी शुरू हो गयी, जिसमें नौ आतंकवादी ढेर हो गये. अधिकारियों ने बताया कि तीन हमलों में से एक हमला उच्च सुरक्षा वाली जेल पर भी किया गया. उन्होंने बताया कि हमले सोमवार को प्रांतीय राजधानी क्वेटा से करीब 70 किलोमीटर दूर माच शहर में हुए.

### एच-1 बी वीजा के लिए आवेदन 6 मार्च से शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से एच-1बी वीजा के लिए लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया में बड़े बदलाव के घोषणा की गई है और इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025 के लिए वीजा आवेदन जमा करने की प्रक्रिया छह मार्च से शुरू हो जाएगी. एक अमेरिकी संघीय एजेंसी ने एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है.

### महिलाओं का बनाता था वीडियो, शिक्षक गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक औद्योगिक प्रदर्शनी स्थल पर बने शौचालय में महिलाओं का वीडियो बनाने के आरोप में पुलिस ने एक स्कूल के शिक्षक को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान नागपुर के कसारपुरा निवासी मंगेश विनायकराव खापरे (37) के रूप में हुई है और उसने अपने मोबाइल फोन से शौचालय की खिड़की से महिलाओं के वीडियो रिकॉर्ड किए थे.

### राज्यसभा में तीन नए सदस्यों को दिलाई शपथ

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को तीन नये सदस्यों - सतनाम सिंह संधू, नारायण दास गुप्ता और स्वाति मालीवाल को शपथ दिलाई गई. शपथ ग्रहण के बाद उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने नये सदस्यों का स्वागत किया. सभापति ने कहा कि मनोनीत सदस्य संधू ने राज्यसभा में पहले शपथ ली. उन्होंने संधू से कहा कि आपने इतिहास रचा है. आप संसद के नए भवन में शपथ लेने वाले पहले व्यक्ति हैं.

### संसद के आखिरी सत्र से पहले पीएम मोदी ने विपक्षी सांसदों को दी सलाह, कहा-

# हुड़दंग करनेवाले आत्म निरीक्षण करें

**भाषा। नयी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले संसद का आखिरी सत्र शुरू होने से पूर्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि देश प्रगति की नयी उंचाइयों को छू रहा है. साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी. संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर मुबारकबाद दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है. उन्होंने कहा कि इस परंपरा का पालन करते हुए उनकी नयी सरकार बनने के बाद देशवासियों के समक्ष पूर्ण बजट पेश किया जायेगा.

**लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने वाले आत्मनिरीक्षण करें :** प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें आगामी चुनाव से पहले हो रहे इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए. उन्होंने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है और जो लोकतांत्रिक मूल्यों का आदतन चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए.




### नकारात्मक लोगों को लोकतंत्रप्रेमी याद नहीं रखेंगे

संसद के बजट सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हुड़दंग, नकारात्मकता और शरारतपूर्ण आचरण करने वालों को लोकतंत्रप्रेमी याद नहीं रखेंगे और उनके लिए यह बजट सत्र पश्चाताप का भी अवसर है. अपने संबोधन की शुरुआत और समापन प्रधानमंत्री ने राम-राम से की. उन्होंने कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है तो आम तौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है.

### नयी सरकार बनेगी, तब पूर्ण बजट पेश किया जायेगा

उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव के बाद उनके नेतृत्व में नयी सरकार बनेगी और पूर्ण बजट पेश किया जायेगा. आगामी संसदीय चुनावों से पहले यह वर्तमान लोकसभा का आखिरी सत्र है. प्रधानमंत्री ने कहा कि नये संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था उसके आखिर में नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित हुआ तथा उसके बाद 26 जनवरी को भी देश ने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के सामर्थ्य, शौर्य और संकल्पशक्ति को अनुभव किया.

### सत्र का समापन 9 फरवरी को होना प्रस्तावित है

मोदी ने कहा कि जिन्होंने उत्तम विचारों से सदन को लाभान्वित किया होगा, उनको बहुत बड़ा वर्ग आज भी याद करता होगा. उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में भी जब सदन की चर्चाएं कोई देखेगा, तो उनका एक एक शब्द इतिहास की तारीख बनकर उजागर होगा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी. नयी सरकार कार्यभार संभालने के बाद पूर्ण बजट पेश करेगी. इस सत्र का समापन नौ फरवरी को होना प्रस्तावित है.

### 10 सालों में इतना हुड़दंग मचाया, किसी को याद नहीं

संसद में व्यवधान और हंगामे को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गत 10 वर्षों में जिसको जो रास्ता सूझा, उस आधार पर सबने संसद में अपना-अपना कार्य किया. उन्होंने कहा, लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि जिनका आदतन हुड़दंग करने का स्वभाव बन गया है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों का आदतन चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसद आज जब आखिरी सत्र में मिल रहे हैं तो यह आत्मनिरीक्षण जरूर करें कि 10 साल में उन्होंने जो किया, वह उनके संसदीय क्षेत्र में भी किसी को याद नहीं होगा कि उन्होंने इतना हुड़दंग मचाया.

# संसद का बजट सत्र आज से

**भाषा। नयी दिल्ली**

संसद का बजट सत्र आज 31 जनवरी से शुरू हो रहा है, जो नौ फरवरी तक चलेगा. कल यानी 1 फरवरी को केंद्रीय वित्तीय मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगे. मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह आखिरी बजट है. वहीं निर्मला सीतारमण का यह छठा बजट होगा. नयी सरकार कार्यभार संभालने के बाद पूर्ण बजट पेश करेगी. बजट सत्र से पहले केंद्र की मोदी सरकार ने मंगलवार को संसद में विभिन्न दलों के नेताओं की बैठक बुलायी थी. जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई थी. हर सत्र से पहले यह एक तरह की पारंपरिक बैठक होती है. जिसमें विभिन्न दलों के नेता ने उन मुद्दों को सामने रखा, जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं और सरकार उन्हें अपने एजेंडे के बारे में जानकारी प्रदान करती है और उनका सहयोग मांगती है.

### नयी सरकार जुलाई में पेश करेगी पूर्ण बजट

बता दें कि अंतरिम बजट सिर्फ नयी सरकार के आने तक सरकारी खर्चों को पूरा करने के लिए पेश किया जाता है. लोकसभा चुनावों के बाद जो नयी सरकार बनती है, वो पूर्ण बजट पेश करेगी. नयी सरकार की तरफ से जुलाई में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया जायेगा.


### जानें बजट से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें

- देश का पहला बजट 7 अप्रैल, 1860 को पेश हुआ है. ईस्ट इंडिया कंपनी के स्कॉटिश अर्थशास्त्री और राजनेता जेम्स विल्सन ने इसे ब्रिटिश क्राउन के सामने पेश किया था.
- वहीं स्वतंत्र भारत का पहला बजट 26 नवंबर 1947 में पेश हुआ है. जिसे वित्त मंत्री आर के शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था.
- बजट सत्र का सबसे छोटा भाषण 1977 में तत्कालीन वित्त मंत्री हीरूभाई मुल्जीभाई पटेल ने बनाया था. जो मात्र 800 का शब्द था.
- वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहला बजट 1 फरवरी, 2020 में पेश किया था. जिसमें उन्होने 2 घंटे 42 मिनट तक भाषण दिया था. जो उस समय तक का सबसे लंबा भाषण था. उस समय वे अस्वस्थ महसूस कर रही थीं.
- वहीं शब्दों के लिहाज से सबसे लंबा भाषण मनमोहन सिंह ने 1991 में नरसिम्हा राव सरकार के तहत दिया था. मनमोहन सिंह ने 18,650 शब्दों में सबसे लंबा बजट भाषण दिया था. वहीं 2018 में वित्त मंत्री अरुण जेटली के भाषण में 18,604 शब्द थे.
- 1999 तक केंद्रीय बजट फरवरी के आखिरी कार्य दिवस पर शाम 5 बजे पेश किया जाता था. यह ब्रिटिश काल की एक प्रथा थी जो तब तक जारी रही जब तक कि तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने समय में बदलाव नहीं किया. अरुण जेटली ने उस महीने के अंतिम कार्य दिवस का उपयोग करने की औपनिवेशिक युग की परंपरा से हटकर 2017 में 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करना शुरू किया
- 1955 तक बजट अंग्रेजी में पेश किया जाता था. कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में बजट पत्रों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों में छापने का फैसला किया.
- 2017 तक रेल बजट और केंद्रीय बजट अलग-अलग पेश किया जाता था. 2017 में रेल बजट को केंद्रीय बजट में मिला दिया गया और एक साथ पेश किया गया.
- निर्मला सीतारमण इंदिरा गांधी के बाद बजट पेश करने वाली दूसरी महिला बनीं. इंदिरा गांधी ने वित्तीय वर्ष 1970-71 के लिए बजट पेश किया था.

# ज्ञानवापी फैसला : हिंदुओं को मिला पूजा करने का अधिकार

**भाषा। वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया. हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है. उन्होंने बताया कि प्रशासन सात दिन के अंदर पूजा-पाठ कराने की व्यवस्था करेगा और पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा. यादव ने बताया कि ज्ञानवापी के सामने बैठे नंदी महाराज के सामने से रास्ता खोला जाएगा.



### तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पाक की अदालत ने सुनाई बड़ी सजा

# इमरान व उनकी पत्नी को हुई जेल

**भाषा। इस्लामाबाद**

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 14 साल की जेल की सजा सुनायी गयी है. साथ ही दोनों को 78.7-78.7 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है. अदालत ने अपने फैसले में दोनों पर 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया है. इससे पहले इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गोपनीयता का उल्लंघन करने के मामले में मंगलवार को 10-10 साल जेल की सजा सुनायी गयी. इस तरह इमरान खान को दो दिनों के अंदर यह दूसरा बड़ा झटका लगा है. अदालत के इस फैसले से आठ फरवरी के आम चुनाव से सत्ता में लौटने की इमरान खान की कोशिश को एक और झटका लगा है.

### बुरे फंसे

- 10 साल तक सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया
- दोनों पर लगाया 78.7-78.7 करोड़ का जुर्माना

**विदेशी उपहारों को तोशाखाना में रखा जाता है :** तोशाखाना में अन्य देशों की सरकारों, राष्ट्रप्रमुखों और विदेशी मेहमानों द्वारा प्रदत्त बेशकीमती उपहारों को रखा जाता है. नियमों के तहत किसी दूसरे देशों के प्रमुखों या गणमान्य लोगों से मिले उपहारों को तोशाखाना में रखा जाना जरूरी है. इमरान खान को अरब देशों की यात्राओं के दौरान वहां के शासकों से महंगे गिफ्ट मिले थे. यूरोपीय देशों के राष्ट्रप्रमुखों से भी बेशकीमती गिफ्ट मिले थे, जिन्हें इमरान ने तोशाखाना में जमा करा दिया था, लेकिन इमरान खान ने बाद में तोशाखाना से इन्हें सस्ते दामों पर खरीदा और बड़े मुनाफे में बेच दिया.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# आयुर्वेद की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

**एजुकेशन रिपोर्टर / रजनीश प्रसाद**

**आयुर्वेद भारत की एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जिसके जरिए बड़े से बड़े रोग भी कुछ ही दिनों में जड़ी-बूंटियों द्वारा ठीक किया जाता है. आयुर्वेद शब्द आयु वेद से मिलकर बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'जीवन से संबन्धित ज्ञान'. यह भारतीय आयुर्विज्ञान है. आयुर्विज्ञान, विज्ञान की वह शाखा है जिसका संबंध मानव शरीर को निरोग रखने, रोग हो जाने पर रोग से मुक्त करने अथवा उसको कम करने तथा आयु बढ़ाने से है.आयुर्वेद में वात, पित्त, कफ के असंतुलन को रोग का कारण माना जाता है. इसी प्रकार संपूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा के आठ अंग माने गए हैं.**

### बीएएमएस कोर्स क्या है?

बीएएमएस आयुर्वेदिक चिकित्सा में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम है.आयुर्वेदिक डॉक्टर बनने के लिए इस कोर्स के बाद आप आयुर्वेदिक डॉक्टर या आयुष डॉक्टर बन सकते हैं. बीएएमएस कोर्स आयुर्वेद में एक प्रमाणित पाठ्यक्रम है, जो आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के लिए दी जाने वाली एक बैचलर्स डिग्री है. देश में इस कोर्स को सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन से मान्यता प्राप्त है. बीएएमएस का कोर्स 12वीं के बाद साढ़े 5 साल तक चलता है, जिसमें एक साल की इंटर्नशिप भी शामिल है. यह कोर्स फिजियोलॉजी, एनाटॉमी, टॉक्सिकोलॉजी, फार्माकोलॉजी, डायग्नोसिस और बीमारियों की रोकथाम, नाक, आंख, गले की दवा, दवा के सिद्धांत, फोरेंसिक मेडिसिन आदि सिखाता है. भारत में शुरू से ही दुनिया भर के छात्रों का झुकाव इस पाठ्यक्रम की ओर रहा है, जो बहुत पहले से भारत में सबसे लोकप्रिय और व्यापक आयुर्वेद था.

### बीएएमएस करने के फायदे क्या है?

- बीएएमएस करके आयुर्वेदिक डॉक्टर बनने के बाद आपको बहुत ही शानदार सैलरी उपलब्ध की जाती है.
- आप चाहे तो अपना खुद का भी आयुर्वेदिक मेडिकल खोल सकते है.
- किसी आयुर्वेदिक क्लिनिक में जूनियर डॉक्टर के रूप में काम कर सकते है.
- यह क्षेत्र ऐसा होता है जिसमें रिसर्च का भी बहुत काम होता है इसलिए यह कोर्स करके आप रिसर्च से भी जुड़ सकते है.
- अगर आप आयुर्वेदिक डॉक्टर बन जाते है तो इससे आपकी लाइफ स्टाइल ही पूरी तरह से चेंज हो जाती है और सोसाइटी में भी एक अलग पहचान बनती है.
- ऐसे और भी फायदे है जो बीएएमएस करने के बाद आयुर्वेदिक डॉक्टर बनने पर होते है.



### आयुर्वेद के प्रमुख स्पेशलाइजेशन्स

1. कायाचिकित्सा – इंटरनल मेडिसिन
2. शल्य चिकित्सा – सर्जरी
3. बाल चिकित्सा – पेडियाट्रिक्स
4. ग्रह चिकित्सा – भूत विद्या – साइकाइट्री
5. उर्ध्वांग चिकित्सा – आंख, कान, नाक, गले और सिर का इलाज
6. अगद चिकित्सा – टॉक्सिकोलॉजी
7. जर चिकित्सा – रसायण – गेरेंटोरोलॉजी
8. वृष्य चिकित्सा – वाजीकरण – एफ्रोडीसीएक्स

### विश्व के शीर्ष आयुर्वेदिक संस्थान

- आयुर्वेद इंस्टिट्यूट ऑफ अमेरिका, यूएसए
- ऑस्ट्रेलियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेदिक स्टडीज़, न्यूजीलैंड
- अलास्का कन्याकुमारी आयुर्वेद स्कूल, यूएसए
- लीसेस्टर स्कूल ऑफ़ आयुर्वेद, यूके
- अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ वैदिक स्टडीज, यूएसए
- महर्षि आयुर्वेद, ऑस्ट्रेलिया
- सेवा अकादमी, जर्मनी
- डॉ वसंत लाड्स द आयुर्वेदिक इंस्टिट्यूट, न्यू मैक्सिको
- ग्रेट ब्रिटेन का आयुर्वेदिक कॉलेज, यूके
- कैलिफोर्निया कॉलेज ऑफ आयुर्वेद, यूएसए

### जॉब अलर्ट

राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा सुचना प्रोधौगिकी एवं संचार विभाग के लिए प्रोग्रामर के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया गया है.

**भर्ती संगठन का नाम – राजस्थान लोक सेवा आयोग**

पद नाम – प्रोग्रामर
पद संख्या – 216
अधिसूचना – जारी
योग्यता – बीई./ बीटेक

**नौकरी का स्थान – सुचना प्रोधौगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान**

आवेदन मोड – ऑनलाइन
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि – 1 फरवरी 2024
ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 1 मार्च 2024
ऑफिशियल वेबसाइट – rpsc.rajasthan.gov.in

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)